जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, मंगलवार 12 मार्च, 2024

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

# मोदी सरकार की गारंटी

## विकसित भारत के लिए आधुनिक रेलवे









## ₹85 हजार करोड़ से अधिक की 6 हजार रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं राष्ट्र को समर्पण

### शिलान्यास/राष्ट्र को समर्पण

- 50 प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र
- 222 रेलवे गुड्स-शेड
- 51 गति शक्ति मल्टी मोडल कार्गो टर्मिनल
- 2646 स्टेशनों का डिजिटल नियंत्रण
- 35 रेलवे कारखाना, लोको शेड, पिट लाइन्स/कोचिंग डिपो
- 1500 किमी के 100 रेल खण्डों का दोहरीकरण/मल्टी-ट्रेकिंग और रेलवे लाइनों का आमान परिवर्तन
- 1045 किमी के 80 रेल खण्डों की स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली
- 35 रेल कोच रेस्तरां
- 1500 से अधिक एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल
- 975 सौर उर्जा संचालित स्टेशन/सेवा भवन
- 2135 किमी रेल खण्डों का विद्युतीकरण
- 401 किमी पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडॉर का न्यू खुर्जा - सानेहवाल खण्ड
- 244 किमी पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडॉर का न्यू मकरपुरा - न्यू घोलवड खण्ड
- पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडॉर का ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर अहमदाबाद
- फलटण-बारामती नई रेल लाइन
- 9 इलेक्ट्रिक ट्रेक्शन प्रणाली के अपग्रेडेशन

### वंदे भारत ट्रेनों सहित अन्य रेल सेवाओं का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

- मैसूरु - चेन्नई
- लखनऊ - देहरादून
- कलबुरगि - बेंगलुरु (सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल)
- रांची-वाराणसी
- दिल्ली (निज़ामुद्दीन) - खजुराहो
- सिकंदराबाद - विशाखापट्टनम
- न्यू जलपाईगुड़ी - पटना
- पटना - लखनऊ
- अहमदाबाद - मुंबई सेंट्रल
- पुरी - विशाखापट्टनम

एवं अन्य रेल सेवाएं

### परियोजनाओं के लाभ

- अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं के साथ हवाई जहाज जैसा यात्रा अनुभव
- वंदे भारत एक्सप्रेस से तेज, निर्बाध और शानदार यात्रा का अनुभव
- लॉजिस्टिक लागत में कमी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा
- अहमदाबाद ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर दुनिया के सबसे बड़े नियंत्रण केंद्रों में से एक और अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित
- प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र योजना के तहत सभी नागरिकों को कम से कम 75 प्रतिशत सस्ती कीमत पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराना
- रेल इंटीरियर थीम आधारित रेस्तरां में मिलेगा एक विशिष्ट भोजन अनुभव

## नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के कर कमलों द्वारा

### गरिमामयी उपस्थिति

**आचार्य देवव्रत**
राज्यपाल, गुजरात

**भूपेन्द्र भाई पटेल**
मुख्यमंत्री, गुजरात

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**रावसाहेब पाटिल दानवे**
केंद्रीय रेल, कोयला एवं खान राज्य मंत्री

**दर्शना जरदोश**
केंद्रीय रेल एवं वस्त्र राज्य मंत्री

मंगलवार, 12 मार्च, 2024 पूर्वाह्न प्रात : 8:00 बजे

DD NEWS पर सीधा प्रसारण देखें

## विचार बिन्दु

बदला लेने और प्रेम करने में नारी, पुरुष से आगे होती है। –नित्शे

# लोकतन्त्र का अर्थ केवल पांच वर्ष में चुनाव होना ही नहीं है

सरकार के किसी निर्णय की जब भी आलोचना होती है तो कहा जाता है कि इसे, उस सरकार द्वारा लिया गया है, जो जनता के भारी बहुमत का समर्थन पाकर सत्ता में आई है। यह सही है कि लोकतंत्र का अर्थ, ''जनता का, जनता के लिए, जनता के द्वारा'' होता है। 'जनता द्वारा' का मतलब है, एक निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव प्रणाली के माध्यम से यह ज्ञात किया जाय कि किसे सर्वाधिक जनता का समर्थन प्राप्त है।

इस दृष्टि से देखा जाय तो हमारे यहां चुनाव तो नियमित रूप से होते हैं, किंतु इनके स्वतंत्र और निष्पक्ष होने के बारे में संदेह समय समय पर व्यक्त किया जाता रहा है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने हेतु भारतीय निर्वाचन आयोग की अवधारणा संविधान में दी गई है। यदि केवल नियमित अंतराल पर चुनाव होने के आधार पर ही किसी देश को लोकतंत्र घोषित कर दिया जाय तो फिर उत्तरी कोरिया और रूस भी लोकतंत्र कहलाएंगे। वहां के चुनाव में लगभग 100 प्रतिशत मत शासक के पक्ष में दिए जाते हैं। उसके विरुद्ध मत देने को देशद्रोह मानकर ऐसे लोगों को या तो मार दिया जाता है या जेलों में ठूँस दिया जाता है। ऐसे शासक को तानाशाह ही कहा जा सकता है, चाहे वह चुनाव के माध्यम से ही क्यों न बना हो। मजे की बात तो यह है कि उत्तरी कोरिया का तो नाम भी "Democratic People'sRepublic of Korea" है।

भारत में स्थिति बिल्कुल अलग है, किंतु यहां भी शनैः शनैः लोकतान्त्रिक मूल्यों का क्षरण अवश्य हो रहा है। अतः इस विषय पर विवेचन और विश्लेषण तो होना ही चाहिए कि लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ क्या है?

पहले हम यह देखें कि विभिन्न राजनैतिक दल, किस–किस प्रकार के हथकंडे अपना कर चुनाव जीतते हैं। मतदाता सूचियां बनते समय, कुछ दलों के कार्यकर्ता, स्थानीय अधिकारियों के माध्यम से विरोधी दलों के अनेक वास्तविक मतदाताओं का नाम गायब करवा देते हैं। इस कारण बड़ी संख्या में मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग करने से ही वंचित हो जाते हैं। मतदान के दिन भी हमने देखा है कि किस प्रकार कई लोगों को मतदान करने से बाहुबलियों द्वारा रोक दिया जाता है अथवा धन के प्रलोभन से किसी एक दल के पक्ष में मतदान करने हेतु प्रभावित किया जाता है। जब मतपत्र हुआ करते थे, 'बूथ कैपचरिंग' की घटनाएं होती थीं, जिसके कारण कई बार जो व्यक्ति जीतने का अधिकारी होता था, वह जीत से वंचित हो जाता था और कम मत प्राप्त करके भी विजयी हो जाते थे। ऐसी घटनाओं के समाचार लगभग प्रत्येक चुनाव में सुनने–पढ़ने को मिलते रहे हैं।

इलेक्टोरल बॉन्ड योजना के कारण भी चुनावी रण में असमानता बढ़ी है। माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद भी अभी तक स्टेट बैंक आफ इंडिया द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने और उनसे सबंधित विस्तृत विवरण चुनाव आयोग को उपलब्ध नहीं कराया गया है। इस कारण यह सूचना सार्वजनिक नहीं हो पाई है कि किस दल को चुनावी बॉन्ड के माध्यम से कितनी राशि किससे प्राप्त हुई है। अब देखना यह है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा, इस सम्बन्ध में दायर अवमानना याचिका पर क्या निर्णय लिया जाता है? हमने देखा कि, निर्वाचन की प्रक्रिया ही, किस प्रकार से लोकतंत्र के मूल सिद्धांत के विपरीत काम कर सकती है। यदि निर्वाचन आयोग स्वतंत्रता और निष्पक्षता से कम न करे तो चुनावी परिणाम पर संशय होना स्वाभाविक है। कई बार इसमें स्थानीय स्तर के दबाव भी काम करते हैं जिसमें सत्ताधारी दल, चाहे वह राज्य स्तर पर हो या केंद्रीय स्तर पर, को सदैव लाभ प्राप्त होता है। इन सब के बावजूद, यदि सत्ताधारी दल, कई बार सत्ता से बाहर हो जाता है, तो उसके लिए यहां के मतदाताओं की, उनके विवेक, निर्णय और साहस के लिए सराहना की जानी चाहिए।

अब यह देखें कि जो व्यक्ति या दल लोकतंत्र में, बहुमत के आधार पर सत्ता में आ जाते हैं, क्या वे लोकतांत्रिक तरीके से देश का शासन चलते हैं अथवा नहीं? लोकतंत्र का अर्थ केवल यही नहीं है कि एक बार चुने जाने पर अपनी मनमानी की जाए एवं बहुमत के आधार पर अल्पमत वाले लोगों को अपने अधिकारों से वंचित कर दिया जाए। भारत का संविधान सभी जाति, धर्मों और वर्गों को कई प्रकार के मूल अधिकार प्रदान करता है। इन अधिकारों का हनन यदि केवल बहुमत के जोर के आधार पर किया जाएगा तो उसे लोकतंत्र के स्थान पर 'बहुमत वाद' कहना अधिक उपयुक्त होगा। शासन में बैठे व्यक्तियों से अपेक्षा रहती है कि वह प्रत्येक संवैधानिक संस्था की स्वतंत्रता और निष्पक्षता बनाए रखे ताकि एक साधारण नागरिक को अपने अधिकारों से वंचित न होना पड़े।

इन अधिकारों में वैसे तो कई प्रकार के अधिकार सम्मिलित हैं किन्तु इनमें से अभिव्यक्ति का अधिकार प्रमुख है। यदि सरकार के किसी निर्णय के विरुद्ध कोई व्यक्ति अपना विचार व्यक्त करे और उसे देश द्रोह मानकर कर उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाती है तो यह लोकतंत्र की मूल भावना के विपरीत ही है। इसी प्रकार धर्म, जाति, आस्था, विश्वास और भाषा के आधार पर किसी को प्रताड़ित किया जाना भी लोकतांत्रिक मूल्यों को आघात पहुंचाता है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में एक नागरिक को अपनी क्षमता के अनुसार विकास करने, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने का अधिकार होना चाहिए।

**यदि सत्ताधारी दल अपने निर्णय, केवल बहुमत की ताकत के आधार पर देश पर लादने का प्रयास करे तो यह अच्छी स्थिति नहीं कहीं जा सकती है। आशा की जानी चाहिए कि सरकार, विपक्ष के महत्व को समझेगी और उसके साथ पूरा संवाद की स्थिति बनाते हुए देश एवं जनता के कल्याण के लिए कानून एवं नीतियां उसी के अनुसार बनाएगी।**

यह स्वाभाविक है कि जनता से सबंधित निर्णय शासन में बैठे लोगों द्वारा ही लिए जाएंगे लेकिन यदि ऐसा निर्णय, किसी को मूल अधिकारों से वंचित करता है, तो उसकी न्यायिक समीक्षा करने हेतु न्यायिक व्यवस्था है। देखा गया है कि कार्यपालिका अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए न्याय व्यवस्था में भी हस्तक्षेप करना प्रारंभ कर देती है। न्याय पालिका भी अपनी सुविधा की दृष्टि से कई बार सत्ता के साथ चलना अधिक पसंद करती है। ऐसा करने से साधारण जनता के हितों की उपेक्षा हो जाती है।

भारत में त्रिस्तरीय शासन व्यवस्था है और केंद्र, राज्य एवं स्थानीय स्तर पर शासन के लिए अलग–अलग विषय बांट रखे हैं, किंतु देखा गया है कि केंद्रीकरण की प्रवृत्ति सभी स्तर पर रही है। न तो केंद्र सरकार, अपने अधिकारों को राज्य सरकार के साथ बांटना चाहती है एवं न ही राज्य सरकार, अपने अधिकारों को पंचायत या स्थानीय निकायों के साथ बांटना चाहती हैं। इससे संविधान की मूल भावना को ठेस पहुंचती है।

लोकतंत्र का प्रमुख सिद्धांत ही है कि प्रत्येक को अपनी बात कहने का अवसर मिले और प्रयास हो कि विभिन्न विषयों पर सर्व सम्मति बने। जिस प्रकार, कुछ वर्षों से संसद में विपक्ष की उपेक्षा करके कई महत्वपूर्ण कानून पारित कराए गए, उससे ऐसा लगा कि लोकतांत्रिक मानसिकता देश में कम होती जा रही है, विशेष कर सत्तादारी दल में। इसी का परिणाम है कि कृषि सुधार संबंधी तीन कानून, बहुमत के आधार पर पारित तो कर लिए गए किंतु किसानों के आंदोलन के दबाव के समक्ष सत्ता को झुकना पड़ा और प्रधानमंत्री तक को देश से सामने अपनी गलती को स्वीकार करते हुए इन कानूनों को वापस लेना पड़ा।

हाल ही में लगभग 150 सांसदों को केवल इस आधार पर निलंबित कर गया कर दिया गया कि वह किसी विषय पर संसद में चर्चा की मांग कर रहे थे। बहस एवं संवाद लोकतंत्र के मुख्य आधार हैं और यदि संवाद की प्रक्रिया के स्थान पर केवल बहुमत के आधार पर 'बुलडोज़र' की तरह ही अपने निर्णयों को थोप दिया जाए तो लोकतंत्र कभी भी सुदृढ़ नहीं हो सकता। न केवल यह, निर्णय का विरोध करने वालों को जेल में डाल दिया जाए, वह स्वीकार्य नहीं है। हाल ही में माननीय उच्चतम न्यायालय ने, विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर को धारा 370 को हटाने के निर्णय का विरोध करने के आरोप में जेल में डाल देने की कार्यवाही को गलत ठहराया और उसे जेल से रिहा करने का आदेश दिया। उच्चतम न्यायालय ने यह कहा कि सरकार के निर्णय का आलोचना करना किसी भी प्रकार से देशद्रोह नहीं माना जा सकता।

हमें यह समझना होगा कि चुनाव होना एक बात है और चुनाव के बाद में सत्ता में आकर के लोगों के हित के लिए काम करना दूसरी बात। संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता और निष्पक्षता बनाए रखने हेतु सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे, विशेष कर न्यायपालिका को।

लोकतंत्र तथा कथित चौथा स्तंभ मीडिया भी कार्यपालिका एवं विधायिका की हां में हां मिलाना प्रारंभ कर दे तो फिर लोकतंत्र के रक्षक के रूप में न्यायपालिका पर ही लोगों का ध्यान जाता है। किंतु ऐसा देखा गया है कि न्यायपालिका को भी प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। सेवानिवृत्ति के तत्काल बाद न्यायाधीशों को विभिन्न प्रकार के पदों पर नियुक्ति का प्रलोभन देकर सरकारों ने अपने पक्ष में निर्णय करने हेतु प्रभावित करने का प्रयास किया, ऐसा संदेह होता है।

जैसा कि ऊपर लिखा गया है, कई बार बिना औपचारिक रूप से घोषित किए भी लोकतंत्र को समाप्त करने की दिशा में काम किया जा सकता है। जिस व्यवस्था में लोगों को अपनी बात कहने में भय होना शुरू हो जाए तो हमें यह मानना चाहिए कि हम लोकतंत्र को कमजोर करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। ऐसी प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए देश के प्रबुद्ध वर्गों को सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। यदि सत्ताधारी दल अपने निर्णय, केवल बहुमत की ताकत के आधार पर देश पर लादने का प्रयास करे तो यह अच्छी स्थिति नहीं कहीं जा सकती है। आशा की जानी चाहिए कि सरकार, विपक्ष के महत्व को समझेगी और उसके साथ पूरा संवाद की स्थिति बनाते हुए देश एवं जनता के कल्याण के लिए कानून एवं नीतियां उसी के अनुसार बनाएगी। विपक्ष का भी यह कर्तव्य है कि वह केवल विरोध के लिए विरोध न करे। किसी भी विषय के गुण–अवगुण के आधार पर, विश्लेषण करने के बाद ही उसका समर्थन या विरोध करने का निर्णय ले। लोकतंत्र को बचाने में जितनी भूमिका सत्ता की है, उतनी ही भूमिका विपक्ष की भी है। सबसे बड़ी भूमिका तो जनता की है, क्योंकि अंततः लोकतंत्र में देश की जनता ही देश की मालिक है, और यदि मालिक ही अपने अधिकारों के प्रति सजग नहीं होगा तो फिर उसे अन्य से अपने अधिकारों की रक्षा करने की आशा करना गलत होगा।

लोकतंत्र के तीनों स्तंभों, कार्यपालिका, विधायिका एवं न्यायपालिका को अपनी भूमिका निभाने के लिए याद दिलाने का काम मीडिया को करना होता है। दुर्भाग्य से उसने भी स्वार्थ के कारण जनता की पैरवी करना बंद कर दिया है। ऐसे मीडिया को विपक्षी दलों द्वारा 'गोदी मीडिया' का नाम दिया गया है। इस नामकरण को गलत सिद्ध करने का दायित्व मीडिया अथवा उनके संगठनों का है। आशा है वह जनहित में, अपने निहित स्वार्थों से ऊपर उठकर जनता के हित की बात करेंगे एवं लोकतंत्र के तीन स्तंभों को अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए केवल प्रोत्साहित करेंगे।

दुर्भाग्य से यदि ऐसा नहीं हुआ तो हम केवल नाम के लोकतंत्र रह जाएंगे। संविधान को कुचलने का एक प्रयास आपातकाल के समय हुआ था किंतु देश की साधारण जनता ने ही इस कुत्सित प्रयास को, अपने मताधिकार के प्रयोग से सफल नहीं होने दिया एवं कुछ ही समय में पुनः लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना हुई और साधारण नागरिक की विजय हुई।

अब यह देश के नागरिकों को ही तय करना है कि हमें केवल चुनाव वाला लोकतान्त्रिक देश चाहिए या पूरी शासन व्यवस्था, लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों पर आधारित हो, वैसा लोकतांत्रिक देश चाहिये, जिसमें सबके संविधान प्रदत्त मूलभूत अधिकारों को सुनिश्चित किया जा सके।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# शांतिप्रिय ढंग से आंदोलन करने वाले किसानों के प्रति सरकार इतनी क्रूर, असंवेदनशील क्यों?



महावीर सिंह

**राजस्थान** में में अभी हाल ही में तीन घटनाएं (एक अजमेर जिले के अरांई में व दूसरी बंदर सिन्दरी में और तीसरी बार 11 मार्च को) ऐसी हुई जहां शांतिप्रिय ढंग से अपनी मांगों के समर्थन में सभा करते, जुलूस निकालते किसानों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने निहायत घटिया प्रकार का बर्ताव किया मानों कि वो छंटे छँटाये गुंडे, बदमाश हो। 11 मार्च 24 को तो पुलिस ने, अरांई, किशनगढ़, दूदू क्षेत्र के विभिन्न गांवों से, हजारों किसानों को अपने ट्रैक्टरों के साथ गांवों से बाहर ही निकलने दिया।यह किसान जयपुर कूच करने वाले थे।

यदि यह जुलूस विभिन्न राजनीतिक–धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों का होता,जो बहुत सी बार जबरन यातायात रोकते है, बाजार बंद करवाते है तो शायद ही पुलिस–प्रशासन उन लोगों के साथ वैसा व्यवहार करती जैसा शांतिप्रिय किसानों के साथ किया गया? कारण? उनकी पैरवी करने कोई न कोई छोटा बड़ा नेता इन अधिकारियों को टेलीफोन कर देता और अधिकांशतः अधिकारी न चाहते हुए भी उनकी बात मान लेते। किशनगढ़, दूदू, अरांई के आसपास के किसानों से बात करने पर यह सामने आया कि किसान का कानून बनाने और उस पर पूरी खरीदी की मांग कर रहे थे। भारत सरकार की संस्था कृषि लागत एवं मूल्य आयोग ने भी वर्ष 2016 एवं 2017 में न्यूनतम समर्थन मूल्य की सार्थकता के लिए इस प्रकार के कानून बनाने की तीन बार अनुशंसा की हुई है। तीनों काले कानून वापस लेने के बाद भारत सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य की सुनिश्चितता के लिए प्रधानमंत्री स्तरीय समिति गठित करने के आश्वासन के उपरांत स्थगित किया गया। इस समिति नें नो दिन चले अढ़ाई कोस वाली कहावत चिरतार्थ करते हुए,क्या अनुशंसा की है,यह पब्लिक डोमेन में अभी तक नही।सरकार,कम से कम, समिति की अनुशंसाएं तो सार्वजनिक करे। इसके अतिरिक्त बीमा क्लेम्स के भुगतान में देरी और अनियनितताएँ ठीक करने, विभिन्न कारणों से, विभिन्न क्षेत्रों में फसलों में हुए समान नुकसान पर समान दर पर बीमा भुगतान की उनकी मांग है। साथ ही समान रूप से अभावग्रस्तता वाले क्षेत्रों में भिन्न तहसीलों में भिन्न मानदंडो के कारण कहीं अभावग्रस्तता घोषित की गई और कहीं नहीं। इस असमानता को ठीक करने की मांग है। इन मांगों को ज्यादा सशक्त तरीके से सरकारों तक पहुंचाने के लिए, शांतिपूर्ण तरीके से ट्रैक्टरों के साथ रैली निकालना चाहते थे। इसका पुलिस या सामान्य प्रशासन कैसे विरोध कर सकते है?

यदि किसानों की मांगों पर विचार करें और सरकारों द्वारा उन मांगों के औचित्य के विरुद्ध चलाये तर्क युद्ध पर विचार करें तो बहुत सी मांगों के सम्बंध में सरकार के तर्क औचित्य विहीन लगते हैं। सरकार की ओर से तर्क दिया जाता है कि कृषि राज्यों का विषय है, इसलिए सभी राज्यों के लिए केंद्र एक कानून कैसे बना सकती है? संवैधानिक दृष्टि से यह तर्क एक नोसिखये व्यक्ति के तर्क से अधिक कुछ नहीं। और यदि सरकार का यही तर्क सही भी मानें तो, बिना स्टाक होल्डर्स से व्यापक विचार विमर्श के बिना संसद को विश्वास में लिए कृषि से सम्बंधित तीन काले ऑर्डिनेंस–कानून क्यों, कैसे लाए गए?

सरकार की पैरवी करने वाले तर्क देते रहें है कि केंद्र सरकार के कुल 45 लाख करोड़ के बजट में 20,25 लाख करोड़ रु मूल्य की, वाली सारी फसलों के उत्पादों को खरीदना असम्भव है। बात सारी फसलों के उत्पाद खरीदने की है ही नहीं। केंद्र सरकार को केवल तब तब खरीदी करनी है जब बाजार भाव से नीचे जाएं।यह इंटरवेंशन सीधी खरीद के माध्यम से हो सकता है अथवा प्रभावित किसानों को बाजार दर और की अंतर राशि देकर किया जा सकता है। बीमा कम्पनियों द्वारा फसलों को हुए नुकसान का त्वरित आंकलन करना और शीघ्र भुगतान करना, यदि किसानों की मांग है तो क्या नाजायज बात है इसमें बीमा कंपनियों को पर्याप्त संख्या में, तकनीकी दृष्टि से अच्छे प्रशिक्षित कर्मचारी फील्ड में रखने चाहिए और सेटेलाइट इमेजरीज के उपयोग से फसलों में हुए नुकसान का त्वरित आंकलन करना चाहये और यह वर्तमान में उपलब्ध टेक्नोलॉजी से आसानी से किया भी जा सकता है ?

किन्तु अनुभव तो यह बताता है कि बीमा कम्पनियां अधिकांशतः, हर तहसील/पंचायत समिति स्तर पर आवश्यकता होने पर 1, 2 रिटायर्ड पटवारी आदि को एंगेज करती है, जिनकी कोई प्रतिबद्धता नहीं होती। बीमा कराए किसानों के लिए , बीमा कंपनियों का अखबारों आदि में प्रचारित, फसलों को हुए नुकसान आदि की सूचना देने के लिए,सो काल्ड हमेशा उपलब्ध दूरभाष या तो हैं नहीं या नो रिस्पॉन्स वाले हैं। दूदू, किशनगढ़ व लगे क्षेत्रों में चना, मूंग मुख्य वाणिज्यक फसलें है और अधिकतर किसानों को इन्हें घोषित से नीचे बेचना पड़ता है। मैंने सरसों के एक बड़े खरीददार से बात की। उनका कहना था वर्तमान में 5000 रुपये क्विंटल के आसपास भाव है जो घोषित , 5650 रु क्विंटल से 600–700 रुपये कम है। किसानों के अनुसार तो उन्हें सरसों 4200 रु. क्विंटल के भाव से भी बेचनी पड़ती है। अभी राजस्थान में सरसों मंडियों में आ रही है। खरीद की व्यवस्था के अभाव में किसानों को सरसों के घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 5650 प्रति क्विंटल प्राप्त नहीं हो रहे हैं।

भारत सरकार द्वारा किसी भी किसान को उसकी उपज घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दामों में बेचने को विवश नहीं होने देने की बात संसद में अनेकों बार घोषणा की गई है। 8 अक्टूबर 2023 को व 7 फरवरी 2024 को केंद्र के दो मंत्रियों के सार्वजनिक बयान हैं कि सरसों मूंगफली जैसी तिलहन एवं दलहन की उपजो की दाने–दाने की खरीद की सरकारी कार्यक्रम की बात कही थी। उसकी भी पालना में कोई आदेश संबंधित किसी भी संस्था को नहीं आया है। किसान बाजार में लुट रहा है।

मैंनें एक गांव के जागरूक किसान से पूछा कि जब किसानों के अनुसार उनकी बहुत सी मांगे तर्क व तथ्यों पर आधारित है तो सरकार उनको बोलने,प्रदर्शन के अधिकार से भी क्यों वंचित करना चाहती है,मानने की बात तो दूर की है? उसके उतर नें मुझे अचंभित किया–किसानों के पास ताकत नहीं? किसानों में खेती की समस्याओं के बारे में किसान वर्ग की समस्याओं पर आधारित एकता नहीं। लोकतंत्र में निर्णय सरकार व संसद, विधायीकाएँ लेती है और वहां किसान वर्ग का सशक्त प्रतिनिधित्व नहीं होकर विभिन्न पार्टियों के विधायक है जिनका किसानों के वर्ग हित के प्रति समझ व प्रतिबद्धता से भिन्न पार्टियों के आदेशों के लिए प्रतिबद्धता है। किसान जब तक किसानों के हितों से भिन्न ,जाती,धर्म आदि के अनुसार बंट कर मतदान करते रहेंगे तब तक उनकी मांगों–व्यवस्थाओं पर कोई ध्यान देने वाला नहीं। राजनीतिक पार्टियां, चुनाव के समय छोटे–बड़े प्रतीकात्मक काम करके (जैसे चौधरी चरण सिंह, कर्पूरी ठाकुर, एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देना) थोड़ी बहुत बढ़ाकर, शीघ्र खरीद शुरू करके, जातियों के बड़े लोगों को चुनाव प्रत्याशी बनाकर, चुनावी घोषणा पत्रों में लोक लुभावनी बातें लिख कर किसानों को खुश करने के प्रयास करके,उनके मतों को आसानी से विभाजित कर देते है।

आगे उसका कहना था कि विभिन्न वाणिज्यक,औद्योगिक संगठनों की मांगे सरकार तत्काल मानने के आतुर दिखती है क्यों कि उनमें वर्ग हित के प्रति एकता दिखती है, उनके पास तथ्य इक्कठे करने, उनका विश्लेषण करके सरकारों के सामने सशक्त ढंग से प्रस्तुत किए जाने के लिए अच्छे निपुण लोग, अच्छी व अपडेट लाइब्रेरी, सुसज्जित कार्यालय हैं, लगातार अनुसंधान ,विश्लेषण करते है। अंत में उसका कहना था, सबसे बड़ी बात यह है कि इन संगठनों के पास, इन से जुड़े धन कुबेरों के पास, पार्टियों को चुनावी चंदा देने के लिए खूब सारे फंड्स होते हैं, किसानों के पास तो ऐसा कुछ होता नहीं।

**महावीर सिंह,**
**( पूर्व आईएएस )।**

# खाटूश्यामजी का वार्षिक लक्खी मेला शुरू

## बाबा श्याम के लक्खी मेले को लेकर देशभर के श्याम भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, बाबा श्याम की एक झलक पाने के लिए भक्तजन खाटू नगरी पहुंच रहे हैं



खाटूश्यामजी में हजारों श्याम भक्तों ने बाबा श्याम के दरबार में मत्था टेककर खुशहाली की कामना की।



बाबा श्याम के ग्यारह दिवसीय मेले की तैयारियों को श्री श्याम मंदिर कमेटी व जिला प्रशासन ने अंतिम रूप दिया।

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। करोड़ों भक्तों की आस्था के केन्द्र बाबा श्याम का वार्षिक लक्खी फाल्गुन मेला सोमवार को शुरू हो गया है। देश के कोने–कोने से लाखों श्याम भक्त इस वार्षिक महोत्सव में लखदातार का दीदार करने खाटूश्यामजी पहुंचेंगे। बाबा श्याम के इस ग्यारह दिवसीय मेले की तैयारियों को लेकर श्री श्याम मंदिर कमेटी व जिला प्रशासन अंतिम रूप दे रहा है।

बाबा श्याम के लक्खी मेले को लेकर देशभर के श्याम भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बाबा श्याम की एक झलक पाने के लिए भक्तजन खाटू नगरी पहुंच रहे हैं। सोमवार को बाबा श्याम के लक्खी मेले का प्रथम दिन रहा और हजारों श्याम भक्तों ने बाबा श्याम के दरबार में मत्था टेककर खुशहाली की कामना की। बाबा श्याम के इस वार्षिक महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन ने नौ सेक्टर में विभाजित कर व्यवस्था की है। वहीं श्री श्याम मंदिर कमेटी ने आने वाले श्याम भक्तों के लिए पेयजल, बिस्कुट, टॉफी, छाया इत्यादि की सम्पूर्ण व्यवस्था की है। बाबा श्याम के आने वाले भक्तों की जैसे ही भीड़ बढ़ेगी वैसे–वैसे भक्तों के लिए दर्शन मार्ग में परिवर्तन करके सुगमतापूर्वक दर्शन कराये जायेंगे।

बाबा श्याम के वार्षिक लक्खी मेले के अवसर पर मंगलवार को बाबा श्याम का तिलक श्रृंगार किया जाएगा। तिलक श्रृंगार के चलते बाबा श्याम के पट आम भक्तों के लिए बंद रखे जायेंगे। गौरतलब है कि अमावस्या को बाबा का स्नान हुआ था और अब मंगलवार को बाबा श्याम का तिलक होगा और सायं छह बजे भक्तों के दर्शनार्थ बाबा के पट खोले जाएंगे।

- **लखदातार की एक झलक पाने को आतुर दिखे श्याम श्रद्धालु**
- **तिलक श्रृंगार के चलते शाम को बाबा श्याम के दर्शन होंगे**
- **लक्खी मेले के अवसर पर मंगलवार को बाबा श्याम का तिलक श्रृंगार किया जाएगा**

बाबा श्याम के 11 दिवसीय वार्षिक लक्खी मेले के आगाज पर जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी व पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों की संयुक्त रूप से थाना परिसर में ब्रीफिंग लेकर मेले के दौरान गाइडलाइन के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। जिला कलेक्टर ने ड्यूटी अधिकारियों से कहा कि श्याम श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन व्यवस्था के साथ–साथ अच्छा व्यवहार भी रखे जिससे श्रद्धालु एक अच्छा शकुन महसूस कर सके। इस दौरान एएसपी गजेंद्र सिंह जोधा, एडीएम ओमप्रकाश बिश्नोई, रींगस डीवाईएसपी महावीर सिंह सहित सेक्टर मजिस्ट्रेट व सुरक्षा के ड्यूटी मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

इस बार संपूर्ण मेला क्षेत्र 9 सेक्टर में विभाजित किया गया है। हर बार संपूर्ण मेला क्षेत्र 8 सेक्टर में विभाजित रहता है। इस बार दर्शन निकास व्यवस्था को नया सेक्टर बनाते हुए सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं ड्यूटी अधिकारी लगाए गए हैं। बढ़ती भीड़ को दर्शन के साथ–साथ निकास की उत्तम व्यवस्था हो सके उसके लिए प्रयास किए जाएंगे। स्थानीय पुलिस थाने के जवानों में से 9 सेक्टर के लिए प्रोटोकॉल अधिकारी भी बनाए गए जो सम्पूर्ण मेला व्यवस्थाओं में ड्यूटी मजिस्ट्रेटों का सहयोग करेंगे।

## राशिफल मंगलवार 12 मार्च, 2024



पंडित अनिल शर्मा

फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष, द्वितीया तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2080, रेवती नक्षत्र रात्रि 8:29 तक, शुक्ल योग प्रातः 7:53 तक, कौलव करण प्रातः 7:14 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 8:29 से मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–कुम्भ, चन्द्रमा–मीन, मंगल–मकर, बुध–मीन, गुरू–मेष, शुक्र–कुम्भ, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग रात्रि 8:29 से सूर्योदय तक है। रवियोग रात्रि 8:29 से आरम्भ होगा। आज कुलेरा दोज (स्वर्य सिद्धि अबूझ मुहूर्त), आज श्री रामकृष्ण परमहंस जयन्ती है। पंचक रात्रि 8:219 पर समाप्त होंगे। आज से रमजान मु.मास 9 आरम्भ होगा। आज रोजा आरम्भ होगा। आज तृतीया तिथि का क्षय हुआ है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:40 से 11:08 तक, लाभ–अमृत 11:08 से 2:05 तक, शुभ 3:33 से 5:02 तक।

**राहुकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:43, सूर्यास्त 6:30

**मेष**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। पारिवारिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। धन प्राप्त होगा।

**कर्क**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सिंह**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**कन्या**
व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**तुला**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
परिवार में शुभ–मांगलिक आयोजन हो सकते हैं। शुभ कार्य में भाग ले सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिल सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
घर–परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। परिवार में वाद–विवाद बढ़ सकते हैं। मन में असंतोष बना रहेगा। मित्रों–रिश्तेदारों से अनबन हो सकती है।

**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 221 प्रभात जयपुर, मंगलवार 12 मार्च, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**DACCA 12 March 1972 FAREWELL PARADE**

Full control of Bangladesh to their government was accomplished in a matter of weeks. No country can match this.

**Long COVID & Associated Risks**

COVID-19 virus can stay in the body for more than a year after infection




# पायलट समर्थक कर्ण सिंह ऊचाड़ा गहलोत की पुरानी सीट जोधपुर से कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे

## पूर्व मु.मंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर से पार्टी का प्रत्याशी बनने से इन्कार किया

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- पूर्व मुख्यमंत्री दिल्ली में सी.ई.सी. की बैठक में शरीक होने सांगानेर हवाई अड्डे पहुंच गये थे, पर, वे हवाई जहाज पर नहीं चढ़े और वापस लौट आये, दिल्ली यात्रा रद्द करने का कारण उनका अस्वस्थ होना बताया गया।
- सी.ई.सी. की बैठक में उपस्थित एक सूत्र के अनुसार, वैभव गहलोत जालोर-सिरोही सीट से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे।
- सचिन पायलट भी टोंक से चुनाव नहीं लड़ेंगे, उनके स्थान पर हरीश मीणा कांग्रेस उम्मीदवार होंगे टोंक संसदीय सीट पर।
- राहुल कस्वां कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे अलवर संसदीय सीट से।

नई दिल्ली, 11 मार्च। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में सचिन पायलट के विश्वासपात्र करण सिंह उचाड़ा, अशोक गहलोत के गढ़ और गृह निर्वाचन क्षेत्र जोधपुर से चुनाव लड़ने वाले हैं।

गहलोत ने जोधपुर से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए मना कर दिया है।

गहलोत दिल्ली जाने के लिए जयपुर हवाई अड्डे पर आए थे, लेकिन हवाई जहाज में सवार होने के बजाए वो अपने निवास स्थान पर चले गए। इसका कारण, उनका अस्वस्थ होना बताया गया।

सी.ई.सी. सूत्रों के अनुसार, गहलोत के पुत्र वैभव जालौर-सिरोही से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सी.ए.ए. के क्रियान्वयन को मंजूरी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 मार्च। सरकार ने लोकसभा और विधानसभा के आगामी

- केन्द्र सरकार ने सोमवार को सिटिज़नशिप अमेन्डमैंट एक्ट (सी.ए. ए.) के क्रियान्वयन को मंजूरी दे दी, आगामी चुनावों की अधिसूचना जारी होने से पहले सरकार ने यह कानून लागू कर दिया है।

चुनावों को लेकर चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहित लगने से पहल सिटीज़नशिप अमैण्डमैंट एक्ट (सी.ए.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सी.ए.ए. का क्रियान्वयन शुरू हुआ बंगाल में

## भाजपा की केन्द्रीय सरकार के इस एक निर्णय ने बंगाल में चुनाव का मिजाज़ बदल दिया

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 मार्च। सिटीज़नशिप अमैण्डमैंट एक्ट (सी.ए.ए.) के लागू होने के साथ ही आज भाजपा ने बंगाल की पूरी राजनीति का रंगरूप ही बदल दिया। वर्ष 1947 में भारत के आज़ाद होने के बाद से ही यह एक असाधारण मुद्दा बना हुआ था।

पूर्वी बंगाल के विस्थापित लोगों के लिए नागरिकता सुनिश्चित करने के आज के कदम के बीच बंगाली शरणार्थियों के पुराने घाव फिर से हरे हो गए।

केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा उठाए गए इस कदम का बड़ी संख्या में बंगाली उत्सव मना रहे हैं। अब राजनीतिक वर्ग इस मुद्दे पर बंगाली समाज को विभाजित करने के लिए अत्यधिक सक्रिय हो गए हैं। प्रश्न यह है कि क्या सी.ए.ए. लागू

- अब तक पूर्वी बंगाल (बंगलादेश) से आये हिन्दू शरणार्थियों को नागरिकता नहीं मिल पायी थी, क्योंकि पुलिस जांच के समय उनसे कागजात मांगे जाते थे, जो इन शरणार्थियों के पास उपलब्ध नहीं थे।
- पर, अब सी.ए.ए. के क्रियान्वयन से इन कागज़ातों को पेश करने की अनिवार्यता खत्म हो गयी है, जिसके कारण बंगाल में कई क्षेत्रों में त्यौहार जैसा माहौल बना।
- भाजपा को 71 सीटों पर इसका सीधा लाभ मिलेगा चुनाव में, क्योंकि लगभग ढाई करोड़ ऐसे लोग हैं, जो बंगलादेश छोड़ कर आये हैं और पश्चिमी बंगाल में बस गये हैं।
- बंगलादेश से आये इन लोगों में फैली खुशी के माहौल का अन्य बंगाल के लोगों पर ''पॉज़िटिव'' प्रभाव पड़ेगा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



# ''भारत शक्ति युद्धाभ्यास'' आज, पी.एम. मोदी आयेंगे

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व तीनों सेनाओं के सेनाध्यक्ष समेत कई सैन्य अधिकारी ''भारत शक्ति युद्धाभ्यास'' में शिरकत करेंगे

- भारत की तीनों सेनाओं द्वारा आत्मनिर्भर भारत के तहत बने स्वदेशी हथियारों औरविमानों के इस्तेमाल का प्रदर्शन पोकरण स्थित फील्ड फायरिंग रेंज में किया जाएगा
- इस युद्धाभ्यास में भाजपा के 300 से ज्यादा कार्यकर्ता भी शामिल होंगे, बताया जा रहा है कि इस दौरान पीएम मोदी उनसे संवाद भी करेंगे

**जैसलमेर,** (निसं)। ''भारत शक्ति युद्धाभ्यास'' में शिरकत करने के लिए पीएम मोदी मंगलवार 12 मार्च को जैसलमेर आएंगे। इस युद्धाभ्यास में भाजपा के 300 से ज्यादा कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि इस दौरान पीएम नरेन्द्र मोदी उनसे संवाद भी करेंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। पीएम मोदी के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व तीनों सेनाओं के सेनाध्यक्ष समेत कई सैन्य अधिकारी इसमें शिरकत करेंगे।

''भारत शक्ति युद्धाभ्यास'' में पहली बार भारत कि तीनों सेनाओं द्वारा आत्मनिर्भर भारत के तहत बने स्वदेशी हथियारों औरविमानों के इस्तेमाल का प्रदर्शन पोकरण स्थित फील्ड फायरिंग रेंज में किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर पहली बार बीजेपी के 300 कार्यकर्ताओं को भी कार्यक्रम देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री भाजपा कार्यकर्ताओं, युवाओं व महिलाओं से संवाद भी कर सकते हैं।

बीजेपी जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश शारदा ने बताया कि कार्यक्रम में जिन लोगों को ले जाया जाएगा, उन लोगों में 50 फीसदी महिलाएं और बालिकाएं मौजूद रहेंगी। वहीं अन्य 50 फीसदी में अधिक से अधिक युवाओं को शामिल करने की योजना बनाई है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस कार्यक्रम में स्वदेशी हथियारों के प्रदर्शन को देखने व पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को आत्मनिर्भर बनते देखने का जो मौका भारत शक्ति में शिरकत करने के रूप में मिल रहा है। उससे भाजपा के कार्यकर्ताओं सहित युवाओं व महिलाओं में भी उत्साह है।

युद्धाभ्यास में भाग लेने वाले प्रमुख उपकरण और हथियार प्रणालियों में टी-90 (आईएम) टैंक, धनुष और सारंग गन सिस्टम, आकाश हथियार प्रणाली, लॉजिस्टिक्स ड्रोन, रोबोटिक ड्रोन, हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) और मानव रहित हवाई की एक श्रृंखला शामिल है। भारतीय सेना के अन्य वाहन, उन्नत जमीनी युद्ध और हवाई निगरानी क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। नौसेना समुद्री ताकत और तकनीकी परिष्कार को उजागर करते हुए नौसेना एंटी-शिप मिसाइलों, स्वायत्त कार्गो ले जाने वाले हवाई वाहनों और व्यय योग्य हवाई लक्ष्यों का प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव से पूर्व जोधपुर और जैसलमेर बाड़मेर संसदीय एरिया के भाजपा कार्यकर्ताओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जोश भरेंगे।

# जर्मनी के सैलानियों के ग्रुप ने मंदिर में दर्शन किये



जर्मनी के सैलानियों के ग्रुप ने मंदिर में बैठ कर अपना ग्रुप फोटो लिया।

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2014 को पीएम पद की शपथ ली थी और देश के 15वें प्रधानमंत्री बने। नौ साल बीत गए इस बीच मोदी ने देश में धार्मिक पर्यटन को खूब बढ़ावा दिया। उसी का नतीजा वर्तमान में जैसलमेर में देखने को मिला सोमवार को जर्मनी के सैलानियों के ग्रुप ने भगवान दर्शन किये।

ग्रुप के गाइड दिनेश सोनी ने बताया कि जर्मनी के सैलानियों ने दुर्ग स्थित प्राचीन मंदिर के दर्शन कर पूजा अर्चना की और मंदिर का इतिहास जाना। सैलानी दुर्ग स्थित मंदिरों के गुम्बद, मंदिर की परिक्रमा में पीतपाशान पर बने हुए श्रृंगार करती महिला, नटराज की मुद्रा में महिला, प्रथम पूज्य भगवान गणेश, तोरण द्वार की बारीक कारीगरी देख अभिभूत हुए। सैलानियों ने बताया कि पीले पत्थर पर ऐसी बारीक चित्रकारी हमने इससे पूर्व इतनी बहुतायत में विश्व में कहीं नहीं देखी। इससे पूर्व सैलानियों ने गड़ीसर सरोवर में नौकायान का लुत्फ़ उठाया। दुर्ग देखने के पश्चात् सैलानियों ने शहर के मेहरा पाडा, सारदा पाडा, जेठा पाडा के रहवासी मकानों में बने गोखड़े देखे और रियासतकाल से ही जैसलमेर वासियों के रहन-शहन का ठाठ देख प्रभावित हुए और झरोखों के फोटो लिए। तत्पश्चात सैलानियों ने जैसलमेर रियासत के तत्कालीन प्रधानमंत्री दीवान नथमल और सालमसिंह की हवेलियों को देखा तथा सम स्थित धोरों में ऊंट की सवारी का आनंद लिया।

# राहुल कस्वा के जरिए सामंतवाद बनाम किसान मुद्दे को हवा देगी कांग्रेस

## कस्वा और कांग्रेस नेताओं के बयान तथा शेखावाटी में भी यही चर्चा फैल रही है

**जयपुर।** चूरू सांसद राहुल कस्वा ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर कांग्रेस का दामन थाम लिया। रविवार को कांग्रेस के पूर्व मंत्रियों और नेताओं ने बीजेपी का दामन थामा था। बात राहुल कस्बा के कांग्रेस में आने की नहीं है, बल्कि राहुल की ज्वाइनिंग के समय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और राहुल ने जो बयान दिए, उसके बाद एक बात मानी जा रही है कि इस लोकसभा चुनाव में राजस्थान में सामंतवाद बनाम किसान मुद्दा बनाया जायेगा। क्योंकि जहां राहुल कस्वा ने भाजपा पर सामंती सोच का आरोप लगाया, वहीं खड़गे ने भी यही बयान दिया, तो डोटासरा का इशारा भी इस ओर ही था। वैसे भी कस्वा का टिकट कटने और इसमें राजेंद्र राठौड़ की भूमिका की संभावना के बाद राजस्थान में ,खास तौर पर शेखावाटी में यह मुद्दा काफी गर्माता हुआ दिख रहा है।



राहुल कस्वा ने दिल्ली में मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर कांग्रेस पार्टी जॉइन की।

- इस मुद्दे के जरिए कांग्रेस शेखावाटी के साथ नागौर, बीकानेर और श्रीगंगानगर तक वोटर्स को साधना चाहती है
- चूरू सांसद राहुल कस्वा ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर कांग्रेस का दामन थाम लिया

लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने पहली लिस्ट में 195 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया था और चूरू सीट पर बीजेपी ने राहुल कस्वां का टिकट काट दिया था। ऐसे में राहुल ने सोमवार बीजेपी का साथ छोड़ कर कांग्रेस के हाथ को थाम लिया। राहुल कस्वां ने दिल्ली में मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर कांग्रेस पार्टी जॉइन की। इस मौके पर राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पीसीस चीफ गोविंद सिंह डोटासरा और राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी मौजूद थे। कांग्रेस चूरू से राहुल कस्वां को चुनाव लड़ाएगी। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि कांग्रेस की अगली लिस्ट में राहुल कस्वां का नाम शामिल होगा। वर्ष 2014 और 2019 में लगातार राहुल कस्वां ने भाजपा प्रत्याशी के तौर पर जीत दर्ज की थी। इस बार भाजपा ने राहुल कस्वां का टिकट काट कर पैरा ओलंपियन देवेंद्र झाझड़िया को प्रत्याशी घोषित किया है।

भाजपा से टिकट कटने के बाद से नाराज चल रहे सांसद राहुल कस्वा ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए लिखा ''राम -राम मेरे चूरू लोकसभा परिवार...मेरे परिवारजनों ! आप सब की भावनाओ के अनुरूप,में सार्वजनिक जीवन का एक बड़ा फैसला लेने जा रहा हूं। राजनीतिक कारणों के चलते आज इसी समय, मैं भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता व संसद सदस्य पद से इस्तीफा दे रहा हूं। समस्त भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अमित शाह का आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने मुझे 10 वर्षो तक चूरू लोकसभा परिवार की सेवा करने का अवसर दिया। विशेष आभार मेरे चूरू लोकसभा परिवार का, जिन्होंने मुझे सदैव बहुमूल्य साथ,सहयोग और आशीर्वाद दिया।''

राहुल कसवां का कांग्रेस में आना लालचंद कटारिया, रिछपाल मिर्धा जैसे जाट नेताओं की ओर से कांग्रेस छोड़े जाने के बाद डैमेज कंट्रोल के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल राहुल कस्वां के जरिए कांग्रेस शेखावाटी में अपनी जमीन को मजबूत बनाना चाहती है। कांग्रेस उनके जरिए सिर्फ चूरू के साथ ही सीकर, झुंझुनूं, नागौर हनुमानगढ़ और बीकानेर तक इसका असर डालना चाहेगी। लंबे समय से चूरू में एक छत्र राजनीति करने वाले कस्वां परिवार की चूरू लोक सभा क्षेत्र में गहरी पकड़ है, वहीं इस संसदीय क्षेत्र में सुजानगढ़, रतनगढ़, तारानगर, नोहर और सरदारशहर सीट पर कांग्रेस काबिज है। ऐसे में विधानसभा चुनाव के अपने प्रभाव को लोकसभा में भी कांग्रेस कायम रखना चाहेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राहुल कस्वां की जॉइनिंग पर कहा कि आज राजस्थान समेत पूरा देश बीजेपी की गलत नीतियों से परेशान है। डोटासरा बोले कि बीजेपी सरकार ने एक किसान के बेटे को भी किसानों की आवाज उठाने से रोक दिया। कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को आत्मसात करते हुए और राहुल गांधी से प्रभावित होकर आज राहुल कस्वां ने कांग्रेस का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि राहुल कस्वां ने लगातार जनता के लिए काम किया है, मुझे विश्वास है कि राजस्थान में कांग्रेस और ज्यादा मजबूत होगी।

# आठवीं बोर्ड : पांच तरह की ग्रेड तय

**बीकानेर,** (निसं)। निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अनुसार भले ही कक्षा आठवीं बोर्ड में किसी विद्यार्थी को अनुत्तीर्ण घोषित नहीं किया जाता है, परन्तु विद्यार्थी के 33 प्रतिशत से कम अंक रहने वाले विषय में ई ग्रेड दी जाएगी। इसका मतलब होगा कि इस विषय की पूरक परीक्षा देनी होगी। यानि ए, बी, सी, डी ग्रेड मिली तो आठवीं पास, अगली कक्षा 9 में क्रमोन्नत होना, जबकि ई ग्रेड का मतलब होगा सप्लीमेंट्री। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक बीकानेर ने ग्रेडिंग सिस्टम में पांच तरह की ग्रेड तय की है।

इन पांच ग्रेडिंग को प्राप्त करने के लिए अंक भी निर्धारित हैं। कक्षा आठ की बोर्ड की परीक्षा 2024 में दक्षता आधारित प्रश्न शामिल किए जाएंगे। साथ ही बीस अंक सत्रांक के लिए एवं 80 अंक लिखित मूल्यांकन के लिए रखे गए हैं। सत्रांक के बीस अंकों में से पांच अंक उपस्थिति तथा 15 अंक एसए-1, एसए-2 अन्य शैक्षिक व्यक्तिगत गुण, अभिवृत्ति आधारित गतिविधियां के आधार पर दिए जाएंगे। कक्षा आठ में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थियों को परीक्षा में बैठने के लिए परीक्षा तैयारी अवकाश तक न्यूनतम 75 फीसदी उपस्थिति देना अनिवार्य है। संस्था प्रधानों की ओर से विद्यार्थियों की बीमारी अथवा अन्य कारणों के आधार पर अपने विवेक के अनुसार उपस्थिति में दस प्रतिशत तक की छूट दी जा सकती है। मूल 6 विषयों का दक्षता आधारित परीक्षा से मूल्यांकन किया जाएगा। कला शिक्षा, कार्यानुभव, स्वास्थ्य व शारीरिक शिक्षा विषयों के लिए विद्यालय स्तर पर किए शैक्षिक कार्यों तथा गतिविधियों के आधार पर पांच पॉइंट स्केल पर आधारित ग्रेड दी जाएगी।

# देवेन्द्र झाझड़िया देव-दर्शन यात्रा के दौरान नोहर पहुंचे

**नोहर,** (निसं)। चूरू लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी व पैरा ऑलम्पिक स्वर्ण पदक विजेता देवेन्द्र झाझड़िया दो दिवसीय देव-दर्शन यात्रा के दौरान नोहर पहुंचे। नोहर स्थित भादरा मोड पहुंचने पर उनका पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष काशीराम गोदारा के नेतृत्व में सैंकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

- 'नोहर-भादरा के लोगों से मेरा पुराना नाता है, अपनी विकटतम प्ररिस्थितियों से झूझते हुए यहां तक की सफलता प्राप्त की है'
- भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष काशीराम गोदारा के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने देवेन्द्र झाझड़िया का स्वागत किया



भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया ने सूर्य भवन मन्दिर में पूजा की।

भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि मेरा नोहर-भादरा के लोगों से पुराना नाता है। मैं एक किसान का बेटा हूं और अपनी विकटतम प्ररिस्थितियों से झूझते हुए यहां तक की सफलता को प्राप्त किया है। जिस तरह से खेलों में गोल्ड लाकर देश का नाम रोशन किया ठीक उसी तरह अपने लोकसभा क्षेत्र के युवा और दिव्यांग व महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर चहुंमुखी विकास करवाकर चूरु लोकसभा का नाम भी रोशन करना मेरा लक्ष्य रहेगा। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी झाझड़िया अमरनाथ आश्रम में समाधि स्थल पहुंचे जहां उनके पहुंचने पर योगी महंत रविनाथ ने शॉल ओढ़ाकर आशीर्वाद दिया। इसके बाद सूर्य भवन मन्दिर और भारत माता आश्रम पहुंचकर पूजा-अर्चना की और अपनी विजय की कामना करते हुए लोकसभा क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष काशीराम गोदारा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में अबकी बार चार सौ पार के विजन को पूरा करते हुए राजस्थान की 25 की 25 लोकसभा पर भाजपा विजय प्राप्त करने जा रही है। इस अवसर पर भारतमाता आश्रम के संरक्षक महंत रामनाथ अवधूत, विधानसभा संयोजक रमेश बैनीवाल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुशील जोशी, नगर अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा, देहात अध्यक्ष कुलदीप सहू, पल्लू मण्डल अध्यक्ष दलीप गोदारा, फेफाना अध्यक्ष ओम बिजारणीया, खुईंया संयोजक धर्मपाल मान, पूर्व पार्षद सुभाष सोनी, पूर्व पार्षद महबूब अली, भानुप्रताप सिंह खुईया, नारायण सिंह, भीमसिंह कस्वां, अजय गुरु, कल्याण गिर, ओमप्रकाश गोदारा, सुरेन्द्र बैनीवाल, भाजपा विस्तारक पारस बिश्नोई, प्रधुमन व्यास, अभिषेक पारीक, मुरारी कंकर, चंपलाल आचार्य, सरपंच रतन ईशराम, जिलामंत्री युवामोर्चा विपुल थोरी, जीतराम बैनीवाल, संतलाल बिजरनिया, दाताराम जांगिड़, ओम लालवानी, विजय स्वामी, पूनम हिसारिया, महिला अध्यक्ष बबीता शर्मा, बेबी पारीक, नीलम चारण, डॉ. मोनिका गुप्ता सहित सैंकड़ो की संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सैकंड ग्रेड शिक्षकों की पदोन्नति का रास्ता खुला

**बीकानेर,** (निसं)। शिक्षा विभाग ने लंबे समय बाद सैकंड ग्रेड शिक्षकों की पदोन्नति का रास्ता खुला है। इसके लिए अस्थाई वरियता सूची जारी कर दी। अब इस वर्ग के शिक्षकों को शीघ्र ही पदोन्नति का तोहफा मिल जाएगा। पदोन्नति से बड़ी संख्या में वरिष्ठ अध्यापकों के पद खाली होने से विद्यार्थियों के लिए परेशानी खड़ी हो जाएगी। इन्हें भरने के लिए तृतीय श्रेणी शिक्षकों की डीपीसी भी लंबे समय से नहीं हो पा रही है। विभाग ने बकाया पदोन्नति के लिए 47 हजार वरिष्ठ शिक्षकों की तीन शिक्षा सत्रों की अस्थाई वरिष्ठता सूची जारी की है। इसमें से करीब दस हजार सैकंड ग्रेड शिक्षकों की पदोन्नति होने की संभावना है। यदि इनको व्याख्याता पद पर पदोन्नत किया तो सैकंड ग्रेड शिक्षकों के इतने ही पद रिक्त हो जाएंगे। पहले से 13 हजार पद रिक्त चल रहे है। ऐसे में रिक्त पदों का आंकड़ा 23 हजार हो जाएगा।

सैकंड ग्रेड की तरह तृतीय श्रेणी शिक्षकों की डीपीसी भी तीन साल से लम्बित है। शिक्षा सत्र 2021-22, 2022-23 तथा 2023-24 की डीपीसी नहीं हुई है। सैंकड ग्रेड शिक्षकों की डीपीसी होने के बाद भी थर्ड ग्रेड शिक्षकों की डीपीसी नहीं हो पाएगी। तृतीय श्रेणी शिक्षकों की स्थिति भी यही है। महेन्द्र पांडे महामंत्री राजस्थान प्रा.मा. ने बताया कि बड़ी संख्या में तृतीय श्रेणी शिक्षक पदोन्नति का इंतजार कर रहे हैं। सरकार को सैकंड ग्रेड की तरह थर्ड ग्रेड शिक्षकों को पदोन्नत करना चाहिए। बसन्त कुमार ज्याणी, प्रदेश प्रवक्ता, राज. वरिष्ठ शिक्षक संघ रेस्टा का कहना है कि बकाया चल रही डीपीसी व 6 डी प्रक्रिया की जाए। प्रारंभिक से मा. शिक्षा में समायोजन प्रक्रिया नहीं होने से माध्यमिक शिक्षा में तृतीय श्रेणी अध्यापक के रिक्त पदों की संख्या अधिक है। पदोन्नति होने से सीधी भर्ती व स्थानांतरण के रास्ते खुल सकते हैं।

# संदिग्ध हालत में वी.डी.ओ. की मौत

**उदयपुर,** (निसं)। सविना थाना क्षेत्र में विकास अधिकारी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम विकास अधिकारी (वी.डी.ओ.) रठौडा सेमारी हॉल शहर के सविना थाना क्षेत्र अम्बामाता घाटी निवासी चन्दूलाल (45) पुत्र मेघाराम को रविवार को अचानक तबीयत खराब होने पर परिजन उसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई नरेश कुमार ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। चन्दूलाल ग्राम विकास अधिकारी के पद पर काम करता था एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने पर ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।


**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**

क्रमांक :- विद्युत/2023-24/1114 दिनांक :- 04/03/2024

**(ई-भुगतान) बोली आमन्त्रण सूचना संख्या -ई 12/2023-24**

नगर निगम कार्यालय उदयपुर द्वारा विद्युत संबंधित 05 कार्य जिनकी कुल अनुमानित लागत राशि 109.75 लाख के कार्य हेतु ई-प्रोक्यूरमेन्ट के माध्यम से ऑनलाईन निविदा दिनांक 13.03.2024 समय सांय 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकरी www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN No. : UNP2324WSRC00169

राज.संवाद/सी/23/14579 आयुक्त

**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- 191 दिनांक :- 07/03/2024

**ई-बिड सूचना संख्या :- जोन पश्चिम/24/2023-24**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सिविल कार्यो हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इन कार्यो की अनुमानित लागत, बिड बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, बिड शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.jodhpurjda.org, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB Code : JOD2324A0250,

UBN No. : JOD2324WSOB00653 To JOD2324WSOB00659

राज.संवाद/सी/23/14601 अधिशाषी अभियंता (पश्चिम)

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वृत जैसलमेर**

Phone No. 02992-251808, E-mail ID- sephedjsm@yahoo.com, secircle.jsl.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक : वृत/जैसलमेर/निविदा/2023-24/11844-56 दिनांक : 4.3.2024

**बिड आमंत्रण सूचना (NIB) संख्या 35/2023-24**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु दर संविदा के आधार पर निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमंत्रित की जाती है-

| बिड संख्या | UBN NUMBER | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि (रुपये 2 प्रतिशत | बिड शुल्क (रुपये) | कार्य पूरा करने की अवधि | बिड संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 35/(1)2023-24 | PHE2324WSRC14732 | 100.00 | 200000.00 | 1500.00 | 1500.00 | 6 माह |
| 35/(2)2023-24 | PHE2324WSRC14735 | 100.00 | 200000.00 | 1500.00 | 1500.00 | 6 माह |
| 35/(3)2023-24 | PHE2324WSRC14737 | 100.00 | 200000.00 | 1500.00 | 1500.00 | 6 माह |

| | |
|---|---|
| ऑन लाईन निविदा डाउनलोड/अपलोड करने के अंतिम तिथि एवं समय | :14.03.2024 को 06.00 पी.एम. तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :15.3.2024 को 02.00 पी.एम. |

शर्ते :- बिड से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट www.dipronline.org. and sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

अधीक्षण अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग,
वृत-जैसलमेर

DIPR/C/2455/2024

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता (मानसरोवर) नगर निगम, ग्रेटर जयपुर**

सेक्टर-9, गोखले मार्ग, शिप्रा पथ रोड़, मानसरोवर, जयपुर

क्रमांक :- ज.स.अ./2023/429 दिनांक :- 04/03/2024

**ई-निविदा सूचना सं. अधि0 अभि0 (मानसरोवर) - 58 से 59/2023-24**

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत "AA" "A" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि0 अभि0 (मानसरोवर जोन) से सम्बन्धित विकास कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व http;//sppp.raj.nic.in & eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। जिसका sppp पोर्टल यू.बी.ई.एन. नं. JMC2324WSOB01687 to JMC2324WSOB01688 है। उक्त निविदा को http;//sppp.raj.nic.in पर दिनांक 02.03.2024 को अपलोड करवा दिया जायेगा।

राज.संवाद/सी/23/14597 अधिशाषी अभियन्ता, मानसरोवर जोन

**कार्यालय नगर पालिका भवानीमण्डी, जिला झालावाड़, राजस्थान**

क्रमांक :- न.पा.भ./निर्माण/2024/3964 दिनांक :- 05.03.2024

**-: ई-निविदा अल्पकालीन संख्या 01/2024-25 :-**

सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम 26 के अनुसार तथा स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर के परिपत्र दिनांक 23 फरवरी 2015 No F8(G)(Rules)DLB/2015/4081 की पालना में राजस्थान नगर पालिका (सामान्य कय एवं अनुबंध) नियम 1974 के धारा 14 के उपधारा-1 के क्लॉज सी के अनुसार नगर पालिका भवानीमण्डी में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत संवेदको व अन्य विभागों के AA Class के सक्षम श्रेणी में पंजिकृत ठेकेदारों/फर्मो से ई निविदा पद्धति से 02 कार्य की ऑनलाईन निविदाऐं दिनांक 07/03/2024 से 14/03/2024 तक आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत/ निविदा से संबंधित परिपत्र डाउनलोड, अपलोड करने की तिथि व निविदा की शर्ते व अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in & http//sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB CODE - DLB2324A9634

अध्यक्ष नगर पालिका भवानीमण्डी
अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका भवानीमण्डी

राज.संवाद/सी/23/14614

**राज. स्वा. वि. वि. आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, जयपुर**

Office of the Principal & Controller, RUHS College of Medical Sciences, Jaipur
(Constituent College of Rajasthan University of Health Sciences)

क्रमांक :- आर.यू.एच.एस.-सी.एम.एस./पैरामेडिकल/2023-24/23796 दिनांक :- 02/03/2024

**विज्ञप्ति**

RPMC 2023 के निर्देशानुसार प्रशिक्षण सत्र 2023-24 में चार चरणों की काउन्सलिंग के पश्चात् पैरोमेडिकल पाठ्यक्रम के अन्तर्गत रिक्त रही सीटों (DOTT-02) पर RUHS CMS में दिनांक 15.03.2024 को ऑपन राउण्ड के द्वारा प्रवेश प्रक्रिया सम्पादित की जावेगी। योग्य अभ्यर्थी दिनांक 13.03.2024 तक दोपहर 04:00 PM बजे तक आवेदन करने हेतु महाविद्यालय वेबसाइट www.ruhscms.org पर दिए गए आवेदन पत्र को भर मय उल्लेखित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छाया प्रति कार्यालय में जमा कराना सुनिष्चत करें। समस्त अग्रिम आवश्यक निर्देशों की जानकारी हेतु अभ्यर्थी महाविद्यालय की वेबसाइट www.ruhscms.org का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक
राज.स्वा.वि.वि. आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, जयपुर

राज.संवाद/सी/23/14600

राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधीक्षक पी.बी.एम. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, बीकानेर**

क्रमांक:- ए.जी.एच. / लेखा (क्रय) / 2024/8617 दिनांक :- 07.03.2024

**ई-बोली आमंत्रण सूचना (E-NIB No. 19/2023-24)**

पी.बी.एम. चिकित्सालय के विभिन्न विभागों जैसे:- माईक्रोबॉयालोजी, केन्द्रीय प्रयोगशाला, रक्तकोष विभाग व डायलेसिस यूनिट में उपयोग होने वाले रिजेन्ट्स, किट्स, केमिकल्स व अन्य के आपूर्ति कार्य हेतु आमंत्रित निविदा (दोहरी बिड पद्धति दर संविदा) (1 वर्ष के लिए) में इच्छुक बोलीदाता दिनांक 08.03.2024 से 27.03.2024 सांय 05:00 बजे तक निविदा डाउनलोड/अपलोड कर सकते है। बोली आमंत्रण सूचना की महत्वपूर्ण शर्ते व पूर्ण विवरण "http://eproc.rajasthan.gov.in" तथा "http://sppp.rajasthan.gov.in" पर देखी जा सकती है। ई-बोलियों की कुल अनुमानित लागत 505 लाख है।

1. MCB2324GLRC00286, 2. MCB2324GLRC00287
3. MCB2324GLRC00288, 4. MCB2324GLRC00289
5. MCB2324GLRC00290, 6. MCB2324GLRC00291

अधीक्षक
पी.बी.एम. सम्बद्ध
चिकित्सालय वर्ग, बीकानेर

DIPR/C/2769/2024

राजस्थान सरकार

**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक : निदे/अ.ख.अ.नीलामी/निलामी (ML Bajri-III) /2024/ई-05654

**ई-नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के अध्याय-III के तहत विभाग के अप्रधान खनिजों के खननपट्टों के आवंटन के लिए 18 प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर खुली बोली आमंत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है -

| क्र.सं. | जिला | ग्राम (तहसील) | खनिज | कुल प्लॉट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भीलवाड़ा | गुलाबपुरा II, हुरड़ा सेजा, बावलों का खेड़ा, पाटियों का खेड़ा, लाम्बा (हुरडा) | बजरी | 7 |
| | ब्यावर | बरल II, चौसला, नगर (विजयनगर) | | |
| 2 | सिरोही | बड़गांव (शिवगंज) | बजरी | 2 |
| 3 | टोंक | पालड़ा, बोरदा, अहमदपुरा, लहन (टोंक) एवं राजमहल (देवली) | बजरी | 8 |
| 4 | दूदू | ईटाखोई (दूदू) | बजरी | 1 |

विशेष नोट :- 1 प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण, ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC Ltd की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।

DIPR/C/2780/2024 (भगवती प्रसाद) IAS निदेशक

राजस्थान सरकार

**कार्यालय आबकारी आयुक्त, राजस्थान**

आबकारी भवन, 2-गुमानियावाला, पंचवटी, उदयपुर 313001

क्रमांक-प.23(1)आब/लेखा/भांग बन्दोबस्त/2024-25/488 दिनांक-11.03.2024

**भांग समूहों हेतु निविदा सूचना-04**

आबकारी एवं मद्य संयम नीति वर्ष 2024-25 के प्रावधान अनुसार राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 तथा उसके अन्तर्गत बने राजस्थान आबकारी नियम, 1956 के अन्तर्गत पड़त रहे 14 भांग समूहों के थोक एवं खुदरा विक्रय के लिये अनुज्ञापत्र (Licence) स्वीकृत करने हेतु निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में बन्द लिफाफे में दिनांक 14.03.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक कार्यालय आबकारी आयुक्त, 2- गुमानियावाला, पंचवटी, उदयपुर में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अपराह्न 4:00 बजे खोली जाएगी। निविदा की मुख्य शर्तें एवं अन्य विवरण विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in एवं https://sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं। निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा शुल्क राशि रूपये 1000/- जरिये बैंक ड्राफ्ट/नकद जमा करवाने होंगे।

आबकारी आयुक्त
राजस्थान, उदयपुर

DIPR/C/_____/2024

**जयपुर विकास प्राधिकरण**

इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

JDA/IT(1357422)/PLOTTER-AMC/2023/D-82 दिनांक : 07.03.2024

**निविदा सूचना**

NIB No. : JDA-IT-08-2023-24
UBN No.: JDA2324SLOB00759

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा "Comprehensive Annual Maintenance Contract (CAMC) of Oce Colorwave 700 Wide Format Color Multifunctional Printer (Plotter) for 2 Years" के लिए ऑनलाईन बिड्स दिनांक 28.03.2024 को 3.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा बोली का ऑनलाईन आवेदन व भुगतान जविप्रा पोर्टल पर करने की अन्तिम तिथि 27.03.2024 को 5.00 बजे तक है। निविदा की अनुमानित लागत रूपये 15.00 लाख है। निविदा बोली के दस्तावेजों का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in and www.jda.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा में भाग लेने हेतु निविदादाता को अनिवार्य रूप से निम्न प्रक्रिया अपनानी होगी :

1. निविदा में भाग लेने एवं भुगतान जमा कराने हेतु निविदादाता को जविप्रा के 'Online Tender Participation' पोर्टल www.jda.rajasthan.gov.in या http://service.jaipurjda.org पर जविप्रा के सिंगल साईन ऑन के माध्यम से करना होगा।
2. राजस्थान सरकार के ई-प्रॉक्यूमेंट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करनी होगी।

Samwad/C/14669/2023-24 सिस्टम एनालिस्ट, उपापन संस्था

**कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़, जिला उदयपुर (राज.)**

फतहनगर सनवाड़ रोड, उपतहसील कार्यालय के पास, सनवाड़,
तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज0), पिन कोड -313206

Phone No. - 02955-220056 E mail-nagarpalikafatehnagarsanwad@gmail.com
eo.mb_fatehnagar@yahoo.com

क्रमांक :- न.पा.फ.स./SBM/2023-24/5263 दिनांक :- 29.02.2024

**अधिसूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की कार्यवाही आरंभ हो चुकी है इसी क्रम में स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर द्वारा दिनांक 12.04.2019 को एक अधिसूचना जारी की गई है जिसके अंतर्गत निम्न उपविधियों के उल्लंगन में किए कृत्यों के लिए मौके पर नियमानुसार जुर्माना राशि वसूली जाएगी।

| क्रं सं | उपरोक्त श्रेणी | उपभोक्ता द्वारा देय शुल्क /जुर्माना |
|---|---|---|
| 1 | 75 माइक्रोन से कम के प्लास्टिक उत्पादों के उपयोग/बिक्री और भंडारण या गैस बायोडिग्रेडेबल सिंगल यूस / थ्रो-अवे के उपयोग बिक्री /भंडारण पूर्णतया प्रतिबंध है। | 1000 /- |
| 2 | सीवरों और सेप्टिक टैंकों की सफाई बिना सुरक्षा गीयर के कर्मचारियों द्वारा सफाई करना पूर्णतया प्रतिबंधित है। | नियमानुसार जुर्माना लगेगा |
| 3 | निजी / अनुबंधित डी-स्लजिंग ओपरेटर युएलबी के साथ पंजीकृत अनिवार्य है। | नियमानुसार जुर्माना लगेगा |
| 4 | यूएलबी के नालों ओर / या खुले क्षेत्रों में अनुपचारित माल कीचड़ डम्प करने वाले व्यक्तियों / डी-स्लजिंग ओपरेटरो के खिलाफ अधिसूचित और जुर्माना वसूला जाएगा। | नियमानुसार जुर्माना लगेगा |
| 5 | 01 जनवरी 2021 के बाद निर्मित सभी सेप्टिक टैंक IS 2470 (Part 1 - 2) की के तहत अनुपालन अनिवार्य। | नियमानुसार जुर्माना लगेगा |

राज.संवाद/सी/23/14562 अधिशाषी अधिकारी

# एस.आई. भर्ती को आर.ए.एस. एग्जाम में शामिल करने का विरोध

## जयपुर में अभ्यर्थियों ने पैदल मार्च निकाला

- एसआई भर्ती 2021 को रद्द करने की भी मांग की
- अभ्यर्थियों ने विधानसभा और मुख्यमंत्री आवास का घेराव की चेतावनी दी

**जयपुर।** प्रदेश में सितंबर 2021 को हुई सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती में धांधली सामने आने के बाद पुलिस विभाग एसआई भर्ती को आरएएस एग्जाम में शामिल कराने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए पुलिस मुख्यालय ने सरकार को प्रस्ताव भी भेज दिया है। इसको लेकर अब राज्य सरकार बड़ा कदम उठा सकती है।

अगर ऐसा हुआ तो सब इंस्पेक्टर की भर्ती के लिए अलग से कोई परीक्षा नहीं कराई जाएगी। हालांकि अब इसका विरोध भी शुरू हो गया है। सब इंस्पेक्टर की भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने सोमवार को इसके विरोध में मानसरोवर से गुर्जर की थड़ी तक पैदल मार्च निकाला। इस दौरान अभ्यर्थियों ने आरपीएससी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुराने पैटर्न पर ही परीक्षा करवाने की मांग की।

अभ्यर्थियों ने साल 2021 में एसआई परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए इसे रद्द करने और गलत तरीके से एसआई बने लोगों को सेवा से बाहर करने की मांग की। साथ ही एसआई परीक्षा को आरएएस एग्जाम में शामिल करने का विरोध जताया। अभ्यर्थियों ने कहा कि सभी स्टूडेंट आरएएस एग्जाम को अफोर्ड नहीं कर पाते हैं, इसलिए एसआई भर्ती परीक्षा की तैयारी करते हैं। 3 सालों से हम एसआई भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में 5 लोग कैसे तय कर सकते हैं कि एसआई परीक्षा को आरएएस एग्जाम में शामिल किया जाए।

महिला अभ्यर्थियों ने इस फैसले पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि हम इतने सालों से तैयारी कर रहे हैं। अब सरकार जल्दबाजी में ऐसा फैसला करके हमारे साथ गलत कर रही है। एक दम से नियम बदले जा रहे हैं। अधिकारी अपनी कमियां स्टूडेंट्स पर थोप रहे हैं और हमारे करियर से खिलवाड़ कर रहे हैं। जब पुलिस विभाग सब इंस्पेक्टर की भर्ती को आरएएस एग्जाम में शामिल कराने की तैयारी कर रहा है तो क्यों न आरएएस को आईएएस एग्जाम में शामिल करें।

अभ्यर्थियों ने विरोध-प्रदर्शन के दौरान राज्य सरकार को चेतावनी दी कि हमारी मांग नहीं मानी तो विधानसभा और मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा।

गौरतलब है कि पुलिस उप निरीक्षक पदों की भर्ती के लिए पुलिस मुख्यालय ने सरकार को प्रस्ताव भेजा है। इसमें पुलिस अधिकारियों ने सब इंस्पेक्टर की भर्ती को आरएएस एग्जाम में शामिल कराने पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि एसआई भर्ती परीक्षा अलग कराने में बहुत समय लगता है। भर्ती की प्रक्रिया काफी लंबी है, इसलिए इस भर्ती परीक्षा को आरएएस परीक्षा में ही शामिल करना चाहिए। इसको लेकर प्रस्ताव को पुलिस मुख्यालय ने संस्थापना बोर्ड में भेजा है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि आरएएस एग्जाम से ही सब इंस्पेक्टर पद की भर्ती होने पर गड़बड़ी की आशंका कम रहेगी।

## सीधे दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाने पर मांगा जवाब

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कनिष्ठ वैज्ञानिक भर्ती-2023 की उत्तर कुंजी जारी किए बिना ही अभ्यर्थियों को सीधे दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाने पर प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के चेयरमैन व सदस्य सचिव से जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश सौरभ सिंह व अन्य की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता सुखदेव सिंह सोलंकी ने बताया कि विभाग ने 5 अक्टूबर 2023 को विज्ञप्ति जारी कर कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी के 59 पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे। जिसमें याचिकाकर्ता सहित अन्य ने आवेदन कर ऑनलाइन परीक्षा दी, लेकिन विभाग ने परीक्षा के बाद ना तो अभ्यर्थियों से आपत्ति मांगी और ना ही अंतिम उत्तर कुंजी जारी की। वहीं यह प्रक्रिया किए बिना ही अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुला लिया। जिसमें याचिकाकर्ताओं को शामिल नहीं किया गया। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा गया कि जिन अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया है, उसका कोई आधार नहीं बताया है।

# साइबर धोखधड़ी से बचाव के लिए पुलिस मुख्यालय ने एडवाइजरी जारी की

## डीजीपी साइबर क्राइम ने फर्जी डिजिटल नोटिस एवं ई-मेल से बचने की सलाह दी

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने साइबर ठगों की ओर से अपनाये जा रहे नये-नये साइबर धोखाधड़ी के हथकंडों से बचाव के लिए आमजन को फर्जी डिजिटल नोटिस, फर्जी ई-मेल और खुद को सरकारी विभागों या एजेंसियों का प्रतिनिधि बताकर पैसे जमा कराने की धमकी जैसे मामलों में सर्तकता बरतने की सलाह दी है।

पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि प्रदेश में साइबर ठगी के प्रकरणों के बारे में नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता अभियान जिला पुलिस अधीक्षक, साइबर थानों, राजस्थान पुलिस के सोशल मीडिया हैंडिल के जरिये चलाये जा रहे है। इनमें लोगों को ठगी के नए तौर तरीकों के बारे में आगाह करते हुए शिक्षित किया जाता है। मेहरड़ा ने बताया कि साइबर ठगों ने साइबर अपराध का नया तरीका खोज निकाला है। इसमें अपराधी आमजन को आईबी, सीबीआई, इंटरपोल और इंडियन साइबर क्राइम कॉर्डिनेशन सेंटर (4) का अधिकारी बनकर फोन कर कहते है, आपके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

गिरफ्तारी का भय दिखाकर मामलें को रफा-दफा करने का प्रलोभन देकर रुपये ऐंठने का प्रयास किया जाता है।डॉ. मेहरड़ा ने बताया कि पीड़ितों द्वारा आनाकानी करने पर इन जांच एवं सुरक्षा एजेंसियों के नाम से फर्जी डिजिटल दस्तावेज तैयार कर उनके नाम से नोटिस, गिरफ्तारी वारंट आदि भेजे जाते है। जिसमें 24 घंटे के अंदर जवाब देने की बात कही जाती है। 24 घंटे में जवाब न देने पर पीड़ितों के खिलाफ पुलिस थानें में कार्रवाई व नेशनल रजिस्टर ऑफ माइनर सेक्स ऑफेंडर व मीडिया के पास प्रकरण भेज दिये जाने की धमकी दी जाती है। साथ ही साइबर ठगों द्वारा डिजिटल जाली दस्तावेजों में जांच एजेंसियों के लोगो व जाली हस्ताक्षर कर पोक्सो एक्ट, चाइल्ड पोर्नोग्राफी एवं आईटी एक्ट से संबंधित अपराधों का भय दिखाकर आमजन को साथ साइबर धोखाधडी का प्रयास किया जाता है। महानिदेशक डॉ. मेहरड़ा ने बताया कि साइबर ठगों द्वारा जारी फर्जी डिजिटल नोटिस के भय से पैसा जमा नहीं कराये। ऐसे बहुत से फर्जी ईमेल या नोटिस जिसमें आईबी, सीबीआई, इंटरपोल, इंडियन साइबर क्राइम कॉर्डिनेशन सेंटर (4) एवं साइबर अधिकारी होने का दावा कर पैसे जमा करवाने की धमकी दी जाती है। उनके बारे में सर्तकता बरतें। ऐसे फर्जी प्रकरणों में आमजन डरकर पैसा जमा करवाने की बजाय संबंधित पुलिस थाना, साइबर थाना, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवायें।

# कच्ची बस्ती के लोगों ने की 'मकान पट्टा नहीं तो वोट नहीं' अभियान की घोषणा

## अब होगा सभी दलों का बहिष्कार,घर के बाहर लगेंगे काले झंडे



**जयपुर, (का.सं.)।** लंबे समय से घुमंतू समाज तथा कच्ची बस्ती के नागरिकों के वर्तमान में कई वर्षों से रह रहे स्थान में पट्टे तथा आवास बनाकर देने की मांग को लेकर संघर्षरत भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी ने इस बार लोकसभा चुनाव में कच्ची बस्ती मुक्त भारत अभियान की शुरुआत करते हुए पत्ता नहीं तो वोट नहीं अभियान की घोषणा की हैं। जहां सोमवार को जयपुर विकास प्राधिकरण के उपायुक्त को ज्ञापन देते हुए भारत जोड़ो मिशन सोसायटी तथा बाबा रामदेव नगर विकास समिति के पदाधिकारी ने आरोप लगाया है कि 1987 में सरकार द्वारा बसाई गई कच्ची बस्ती की भूमि पर जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से साठ- गांठ कर भू-माफिया वहां बड़ी-बड़ी बिल्डिंग बना ली,जबकि कच्ची बस्ती वहीं पर उसी हाल में है। इसी चलते सोमवार को बाबा रामदेव नगर गुर्जर की थड़ी के रहने वाले लोगों ने पट्टे तथा आवास बनाकर देने की मांग को लेकर सरकार से मांग करते हुए धरना-प्रदर्शन किया।

भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष अनीष कुमार ने बताया कि उनका संगठन विगत तीन वर्षों से इस दिशा में संघर्ष कर रहा है और पिछले विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी के राष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात करने के बाद घुमंतू तथा गरीब नागरिकों को लंबे समय से बसे हुए स्थान पर ही पट्टे देने की मांग को लेकर बीजेपी का समर्थन किया था। ग्रामीण क्षेत्र में तो बीजेपी सरकार ने रियायती दर पर घुमंतू समाज को पट्टे देने के आदेश दे दिए हैं लेकिन शहर में कच्ची बस्तियों में रहने वाले घुमंतू समाज के नागरिक तथा गरीब लोग देश की आजादी के बाद से इस बाद हाली के जीवन में जी रहे हैं। बाबा रामदेव नगर गुर्जर की थड़ी के नागरिकों ने भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के पदाधिकारी के साथ मिलकर जयपुर विकास प्राधिकरण के उपायुक्त जॉन 5 से मुलाकात कर गुर्जर की थड़ी स्थित अरबो रुपए की भूमि पर से भू-माफिया को बेदखल कर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर बाबा रामदेव नगर के सीमांकन की मांग की गई है।

## प्रदेश में 317 डीएसपी के तबादले हुए

**जयपुर।** पुलिस महानिदेश यूआर साहू ने सोमवार एक आदेश जारी कर प्रदेश में लगे 317 उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) के तबादले किए है। पुलिस मुख्यालय और सीएमओ में इसके लिए दो बार मीटिंग हुई। इसके बाद लिस्ट जारी की गई। इसमें जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के कई एसीपी को बदला गया है। इनमें भोपाल सिहं भाटी को एसीपी शास्त्री नगर जयपुर, गोरी शंकर को पुलिस उपाधीक्षक जेडीए, महेन्द्र कुमार को पुलिस उपाधीक्षक बाल निदेशालय जयपुर, संजय शर्मा को एसीपी मानसरोवर, सुरेन्द्र सिंह को एसीपी बगरू, अनिल कुमार शर्मा को एसीपी सदर, आदित्य पूनिया एसीपी मालवीय नगर, कैलाश जिंदल को एसीपी सोड़ाला, हरीशंकर शर्मा एसीपी रामगंज, राजेन्द्र सिंह एसीपी ट्रेफिक जयपुर नोर्थ, लक्ष्मी सुथार को एसीपी आदर्श नगर, बालाराम जाट को एसीपी अशोक नगर, अनूप सिंह एसीपी कोतवाली, अशोक कुमार चौहान एसीपी चौमूं, अमीर हसन को एसीपी चाकसू, गोपाल सिंह ढाका को एसीपी गांधी नगर, शिवरतन गोदारा को एसीपी आमेर के पद पर लगाया है।

# हत्या के मामले में फरार दो बदमाश सहित तीन गिरफ्तार

- आरोपियों के पत्थरों पर गिरने से दोनों के पैरों में जगह-जगह चोट लगी

**जयपुर।** हरमाड़ा थाना पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे दो बदमाशों सहित तीन को गिरफ्तार किया है।

पुलिस जानकारी में सामने आया है कि दोनों बदमाश अपने साथी के साथ हथियार लेकर घूम रहे है। सूचना पुलिस मौके पर पहुंची तो बदमाश भागने लगे। पत्थरों पर गिरने से दोनों के पैरों में जगह-जगह चोट लगी है। दोनों घायल हत्या के मामले में आरोपी हैं। दोनों को कांवटिया अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां से एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

हरमाड़ा थानाधिकारी दिलीप ने बताया कि जिला स्पेशल टीम जयपुर पश्चिम (डीएसटी) की टीम को बदमाशों के पास हथियार होने की सूचना मिली थी। इस पर सोमवार सुबह डीएसटी पश्चिम और हरमाड़ा थाना पुलिस ने बदमाशों को पड़कने के लिए घेराबंदी की। एक बदमाश पकड़ा गया। पुलिस को देख कर खाली प्लॉट की ओर भागने लगे थे। दीवार फांदते समय ये लोग पत्थरों के ढेर में जा गिरे। इससे इन के दोनों पैर जगह-जगह से कट गए।

इससे दोनों के पैरों में गंभीर चोट लगी। जिन्हें घायल अवस्था में हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने करौली के भोटवाड़ा में रहने वाले ऊर्वेश मीणा (23), अलीगढ़ (यूपी) के हरदुआगंज इलाके के रहने वाले आकाश बंजारा (25) और करौली के महावीर जी के रहने वाले कुश अग्रवाल (22) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को आरोपियों के पास से सर्च के दौरान एक पिस्टल, एक देसी कट्टा और सात कारतूस जब्त किए हैं। तीनों बदमाशों के खिलाफ थाने में आर्म्स एक्ट की एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी आकाश बंजारा और उर्वेश मीणा को पैर में चोट लगने पर एसएमएस में इलाज चल रहा हैं। दोनों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज है। दोनों जयपुर में फरारी काट रहे थे।

# हनीट्रैप में फंसाकर लाखों की नकदी और जेवरात हड़पे

**जयपुर।** शिप्रापथ इलाके में हनी ट्रैप में फंसाकर एक व्यापारी से लाखों रुपए के नकदी और जेवरात ऐंठने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित की पत्नी ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि मानसरोवर निवासी 30 वर्षीय एक महिला ने मामला दर्ज करवाया कि मालवीय नगर स्थित स्पा सेंटर में डेढ़ साल पहले उसके पति की मुलाकात एक महिला से हुई थी। बातचीत के दौरान महिला ने उसके पति से दोस्ती कर ली।

स्पा सेंटर पर दोस्ती होने पर उसकी अश्लील वीडियो बनाए। बदनाम करने की धमकी देकर दस लाख रुपए की डिमांड की। अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर रुपयों की डिमांड शुरू कर दी। आरोप है कि हनीट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल कर फरवरी-2024 तक 10 लाख रुपए ऐंठ भी लिए। मोबाइल नहीं उठाने पर पति की शॉप पर पहुंचकर ब्लैकमेल कर सोने की चेन, अंगूठी और हीरे की रिंग भी ले लिए।

पिछले 10 दिन से झूठे दुष्कर्म मामले में फंसाने की धमकी देकर रुपयों की डिमांड कर टॉर्चर करने लगी। 6 मार्च को डरा-धमकाकर 10 लाख रुपए की डिमांड की। रुपए नहीं देने पर हनीट्रैप में फंसाने की धमकी दी। इस पर व्यापारी ने सारी आपबीती परिजनों को बताई। इस पर पीड़ित ने की पत्नी ने पुलिस को इस बारे में जानकारी दी।

एयरपोर्ट इलाके में कमरा किराए पर लेने के बहाने एक युवक से चालीस हजार रुपए से ज्यादा ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि सरस्वती नगर निवासी उपेंद्र जैफ ने मामला दर्ज करवाया कि उसके पास एक युवक का कॉल आया कि आप अपने मकान में कमरा किराए पर देंगे क्या। इस पर उसने हां भर दी। इसके बाद आरोपी ने पीड़ित ने उसके खाते में कुछ रुपए डालने को कहा। इसके बाद पीड़िता ने आरोपी के खाते में 41 हजार 996 रुपए डाल दिए। आरोपी ने उसके यहां पर किराएदार भी नहीं भेजा। इस पर युवक को ठगी का पता चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विद्युत उपभोक्ताओं के लिए एमनेस्टी योजना शुरू

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्य सरकार ने 31 मार्च 2023 से पूर्व कटे हुए विद्युत कनेक्शनों की मूल बकाया राशि एकमुश्त जमा कराने पर बिजली उपभोक्ताओं को ब्याज एवं पेनल्टी में शत-प्रतिशत छूट प्रदान कर उन्हें राहत देने का निर्णय किया है।

इसके लिए एमनेस्टी योजना प्रारंभ की गई है। ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर, तीनों विद्युत वितरण निगमों में 31 मार्च 2023 से पूर्व कटे सभी श्रेणी के कनेक्शन पर मूल बकाया राशि एकमुश्त जमा कराने पर उपभोक्ताओं को ब्याज एवं पेनल्टी में शत-प्रतिशत छूट देय होगी। यह योजना 31 जुलाई, 2024 तक प्रभावी रहेगी। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि 31 मार्च, 2023 से पूर्व कटे हुए कृषि कनेक्शन के उपभोक्ता मूल बकाया राशि बिना ब्याज व पेनल्टी के एकमुश्त अथवा अधिकतम 6 द्विमासिक किस्तों में भी जमा करा सकेंगे।




पेट्रोल पंप डीलर्स का कमीशन बढ़ाने व वैट को पंजाब के समान करने सहित अन्य मांगों को लेकर जयपुर के शहीद स्मारक पर सोमवार को डीलर्स ने प्रदर्शन किया।

# व्यापारी से लूट का एक और आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** राजधानी के विद्याधर नगर इलाके में व्यापारी की आंखों में मिर्च डालकर तैतीस लाख रुपए लूटने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को बापर्दा गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि विद्याधर नगर इलाके में 1 मार्च को पीड़ित व्यापारी गर्व खंडेलवाल से मारपीट की और आंखों में मिर्ची डालकर तैतीस लाख रुपयों से भरा बैग छीनकर ले जाने का मामला दर्ज हुआ था।

इस मामले में पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उनसे लूट के दस लाख रुपए भी बरामद कर लिए गए थे। इस मामले में सोमवार को 21 वर्षीय विकास योगी उर्फ निक्की निवासी जोगियों का मोहल्ला जोबनेर को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में फरार शेष अभियुक्तों की तलाश जारी है।

# भूमाफियाओं ने डेयरी बूथ और बस स्टॉप की आड़ में बना दी सात दुकानें

## प्रताप नगर स्थित कुम्भा मार्ग का मामला, डुप्लेक्स की सेटबैक जगह पर किया निर्माण

**जयपुर, (का.सं.)।** सरकारी जमीनों पर कब्जा करने के खिलाफ नगरीय विकास मंत्री झाबरसिंह खर्रा के आदेशों को भूमाफिया ठेंगा दिखा रहे हैं। ताजा मामला सीएम भजनलाल के सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से जुड़ा प्रतापनगर सांगानेर का है। राजस्थान आवासन मंडल की सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वाले इस गिरोह को ना तो सरकार के आदेशों की चिंता है और न ही आवासन मंडल के अधिकारियों की। ऐसे में रातों रात सरकारी जमीन पर दुकानें बना कर शटर डाला जा रहा है।

प्रताप नगर कुम्भा मार्ग सेक्टर 10 पर डुप्लेक्स की सेटबैक जगह देखने को मिला हैं। भूमाफियाओं ने डेयरी बूथ और बस स्टॉप की आड़ में 7 अवैध दुकानें बना ली गई हैं। भूमाफियाओं ने बड़ी तादाद में कारीगर लगाकर दिन रात काम जोरों पर चल रहा हैं। गौरतलब हैं कि रसूखदारों ने डंके की चोट पर नियम कायदे को ताक में रखकर अवैध निर्माण कर लिया हैं। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। गरीब जनता के लिए इन्हीं अफसरों के तेवर कड़े दिखाई देते हैं। जितनी बेदर्दी और सख्ती गरीबों के ऊपर की जाती हैं, उतनी ही दरियादिली और रहमत इन रसूखदारों के लिए प्रशासन कर रहा हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड और नगर निगम अधिकारियों को शिकायत की पर कोई कार्रवाई नहीं हुई हैं। इलाके में चल रहे अवैध निर्माण पर निगम अधिकारियों की नजर नहीं पड़ी है। ऐसे में प्रशासन की सांठगांठ से इंकार भी नहीं किया जा सकता। इन दुकानों को डुप्लेक्स के पास लगती हुई जमीन पर डुप्लेक्स के आवंटियों के उपयोग के लिए कामन फैसेलिटी एरिया के लिए रखा हुआ है। इन पर कब्जा नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि गत दिनों नगरीय विकास मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने नगरीय विकास विभाग से जुड़ी सभी संस्थाओं के अधिकारियों को चेतावनी दी थी कि सरकारी जमीनों पर किसी तरह का कब्जा या अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगी, कहीं पर भी इस तरह की हरकत हुई तो संबंधित निकाय के अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

इस मामले में राजस्थान आवासन मंडल प्रतापनगर के उप आवासन आयुक्त भगवान सहाय शर्मा से इस अवैध निर्माण के बारे में पूछा तो उन्होंने अनभिज्ञता प्रकट की। साथ ही कहा कि इस मामले को दिखा करा कर कार्रवाई की जाएगी। सरकारी जमीनों पर अवैध निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।

## सौलह दुपहिया वाहन सहित चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** राजधानी की कोतवाली थाना पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से जयपुर शहर से चुराए गए सौलह दुपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित नशा करने का आदि है और नशे की लत को पूरा करने के लिए वाहन चोरी करता है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि कोतवाली थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर ईशाक निवासी एमडी रोड लाल कोठी जयपुर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से जयपुर शहर के विभिन्न इलाकों से चुराए गए करीब सौलह दुपहिया वाहन बरामद किए गए है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित सुनसान जगह और गलियों में खडे वाहनों को चिन्हित करता है और मास्टर चाबी की मदद से लॉक खोलता है। पहचान छुपाने के लिए हेलमेट लगाकर वारदात को अंजाम देता है। जिन्हे सस्ते दामों में बेच कर नशा करता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# तेज रफ्तार कार ने दो दोस्तों को कुचला

- राजधानी के बनीपार्क थाने के सामने की घटना
- दोनों खाटू श्याम के दर्शन कर वापस स्कूटी से अपने घर लौट रहे थे

**जयपुर।** राजधानी के बनीपार्क थाने के सामने तेज रफ्तार कार की टक्कर से दो दोस्तों की मौत हो गई। दोनों खाटू श्याम के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। हिट एण्ड रन मामले की जांच दुर्घटना थाना पुलिस पश्चिम कर रही है।

दुर्घटना थाना पश्चिम थानाधिकारी जयदेव सिंह ने बताया कि रविवार देर शाम अज्ञात कार की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। दुर्घटना के दौरान दोनों युवक स्कूटी से जवाहर नगर अपने घर जा रहे थे। हादसे के बाद फरार कार और उसके चालक का पता नहीं चल पाया है। घटना स्थल पर हेलमेट नहीं मिला। दोनों मृतक दोस्तों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था या फिर दुर्घटना के बाद कोई उनका हेलमेट ले गया। इसकी तस्दीक की जा रही है। घटना स्थल के नजदीक होटल मैनेजमेंट संस्थान है, जहां पर भी पूछताछ की गई, लेकिन वहां भी दुर्घटना का कोई चश्मदीद नहीं मिला। मृतकों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजन के सुपुर्द कर दिया।

घटना स्थल के आसपास भी कोई सीसीटीवी फुटेज नहीं मिले हैं। इस हादसे में राज कुमार सिंधी (38) निवासी सिंधी कॉलोनी जवाहर नगर और राजीव सिंह सांखला (45) निवासी गंगानगर की मौत हुई है। राजकुमार का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। राजकुमार सिंधी के भांजे मुकेश ने बताया कि उसका मामा राज कुमार और उनका दोस्त राजीव सिंह स्कूटी से खाटू श्याम दर्शन के लिए गए हुए थे। रविवार देर शाम को हादसा हो गया। राजकुमार अपनी विधवा मां के साथ सिंधी कॉलोनी में एक किराए के मकान में रहता था। मृतक बोरियां बनाने का काम किया करते थे। राजकुमार की बूढ़ी मां को बेटे की मौत की जानकारी मिली तो वह खुद का संभाल नहीं सकी। उसका रो-रो कर बुरा हाल है।

## सार-समाचार

### विद्यालय को डिजीटल प्रोजेक्टर भेंट



**जयपुर, (का.सं.)।** कुमोरी टैक्नोलोजिस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, जयपुर की ओर से महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय हिंगोनिया जोबनेर को डिजीटल प्रोजेक्टर भेंट किया गया। प्राचार्य ने बताया कि इसकी कीमत 56990 रुपये है। टीम के डायरेक्टर अविनाश, टीम मेम्बर दिशा शर्मा, पूजा कुमारी, अर्चित पंवार, रंजन कुमारी और अभिनव कुमार इस मौके पर मौजूद थे। इनके अलावा विद्यालय प्रबंधन कमेटी अध्यक्ष सुवालाल मीणा, मुंशी चंद जैन, विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### रोटेरियन पूनम बगड़िया बनी अध्यक्ष



**जयपुर, (का.प्र.)।** रोटरी क्लब जयपुर रॉयल की ओर से रोटरी क्लब सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित कर कार्यकारी समिति 2024-25 और अध्यक्ष 2025-26 की घोषणा की गई। घोषणा में प्रेसिडेंट इलेक्ट 2025-26 के रूप में रो. पूनम बगड़िया चुनी गई। वरिष्ठ रो. मोहनीश मेहरा ने 2024-25 के अध्यक्ष रो. डॉ. रोहन गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रो. विजय राजोरिया,उपाध्यक्ष रो. गिरधारी खंडेलवाल, सचिव रो. हर्षवर्धन सिंह, सह सचिव रो. आदेश कानूनगो तथा कोषाध्यक्ष रो. आनंद गोयल तथा सार्जेंट एट आर्म्स रो. प्रशांत शर्मा चुने गए। इसी के साथ डायरेक्टर के पद पर रो.अजय आहुजा, रो. आशीष आनंद, रो. डॉ. आशीष गुप्ता, रो. ब्रिजेश सिंह, रो. श्रीमती मोनिका माथुर, रो. राजेश अग्रवाल, रो. पवन जैन, रो. मनोज बंसल, रो. रमेश चंद गोयल, रो. पी.सी. मित्तल रो. संदेश जैन व रो. राजेश कुरी चुने गए।

### राष्ट्र निर्माण में सहयोगियों का सम्मान



**जयपुर, (का.सं.)।** श्री पिंजरापोल गौशाला के सनराइज ऑर्गेनिक पार्क में सोमवार को अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद, अखिल भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ, इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड एग्रीकल्चर स्किल डवलपमेंट, हैनिमन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी के संयुक्त तत्ववाधान में आयोजित राष्ट्र निर्माण में सहयोगी प्रतिभाओं का सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रबुद्धजनों का सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जयपुर पुलिस कमीश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ, विज्ञान भारती राजस्थान के संगठन सचिव डॉ. मेघेंद्र शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव डॉ. मोहनलाल यादव व ओएफपीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अतुल गुप्ता ने दैनिक सच कहूं जयपुर के ब्यूरो गुरजंट सिंह धालीवाल को प्रशिस्त पत्र देकर, दुपटा पहनाकर व ग्रीन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

### कल्पित जैन निर्विरोध निर्वाचित



**जयपुर।** राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ की विभागीय समिति पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग के अध्यक्ष पद पर कल्पित जैन निर्विरोध चुना है। कल्पित जैन एवं विनोद कुमार पिंगोलिया ने फॉर्म भरा। हालांकि पिंगोलिया द्वारा फॉर्म वापस लेने के बाद कल्पित जैन विभागीय समिति अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचन अधिकारी अशोक भंडारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी रामनरेश शर्मा ने चुनाव संपन्न करवाए। एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़, राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पारीक महामंत्री तथा जिला अध्यक्ष जयपुर देवेंद्र सिंह नरूका, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह भाटी ने कल्पित जैन को निर्वाचित होने पर बधाई दी।

### हीरक जयंती पर होगा रंग उत्सव

**जयपुर।** प्रदेश का सांस्कृतिक और कलात्मक स्थल रविंद्र मंच जयपुर के हीरक जयंती के अवसर पर कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से 13 से 16 मार्च को रंग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रबंधक, रविंद्र मंच सोविला माथुर द्वारा बताया गया कि राज्य सरकार की 100 दिवसीय कार्ययोजना के अंतर्गत व मंच की हीरक जयंती के उपलक्ष में चार दिवसीय चलने वाले कार्यक्रमों की लड़ी में आर्ट, कल्चर और अनुभवों का विशेष ताल-मेल देखने को मिलेगा।

### श्वानों के मामले में कार्रवाई के निर्देश

**जयपुर, (का.सं.)।** श्री गंगानगर में छह निर्दोष कुत्तों को जिन्दा जलाने के मामले में आज गृह विभाग के शासन उप सचिव एल.आर.मीना ने पुलिस महानिदेशक को कार्यवाही कर विभाग को अवगत कराने के निर्देश दिये गये हैं। उल्लेखनीय है कि रविवार को इस भयानक घटना के बाद, जयपुर फॉर एनिमल्स नेटवर्क ने "बस, अब बहुत हो गया!" नामक प्रदर्शन की घोषणा की थी।

### हथियार लेकर घूम रहे दो गिरफ्तार

**जयपुर।** राजधानी की प्रताप नगर थाना पुलिस ने किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हथियार लेकर घूम रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। वारदात करने निकले बदमाशों का पुलिस ने पीछा कर उनकी बाइक रुकवाई और आरोपियों के कब्जे से देसी पिस्तौल व कारतूस बरामद कर गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।



## Brain Awareness Week


Understanding the intricate dance of neurons and synapses unravels the mysteries of cognition, revealing the brain's brilliance. *Brain Awareness Week* (BAW) has a background that can be traced back to 1996, when it was started by a charitable organization. The purpose behind this event was to encourage the public, by letting people know about the progress that is being done in brain research, as well as various updates on the ways that disorders of the brain are diagnosed, treated and prevented.

**#COVID-19**

# Long COVID & Associated Risks

COVID-19 virus can stay in the body for more than a year after infection





The COVID-19 virus can persist in the blood and tissue of patients for more than a year, after the acute phase of the illness has ended, according to a new research from UC San Francisco, that offers potential clues to why some people develop *long COVID*.

The scientists found pieces of SARS-CoV-2, referred to as COVID antigens, lingering in the blood, up to 14 months after infection and for more than two years, in tissue samples from people who had COVID. "These two studies provide some of the strongest evidence so far that COVID antigens can persist in some people, even though, we think they have normal immune responses," said Michael Peluso, MD, an infectious disease researcher in the UCSF School of Medicine, who led both studies.

The findings were presented at the Conference on Retroviruses and Opportunistic Infections (CROI), which was held from March 3 to 6, 2024, in Denver.

## Evidence of long-term infection

Early in the pandemic, COVID-19 was thought to be a transient illness. But a growing number of patients, even those who had previously been healthy, continued having symptoms, such as, brain fog, digestive problems and vascular issues, for months or even years.

The researchers looked at blood samples from 171 people who had been infected with COVID. Using an ultra-sensitive test for the COVID 'spike' protein, which helps the virus break into human cells, the scientists found the virus was still present up to 14 months later in some people. Among those who were hospitalized for COVID, the likelihood of detecting the COVID antigens was about twice as high as it was for those who were not. It was also higher for those who reported being 'sicker,' but were not hospitalized.

"As a clinician, these associations convince me that we are on to something, because it makes sense that someone, who had been sicker with COVID, would have more antigen that can stick around," Peluso said.


## Virus persists up to two years in tissue


Since the virus is believed to persist in the tissue reservoirs, the scientists turned to UCSF's *Long COVID Tissue Bank*, which contains samples, donated by patients, with and without long COVID.

They detected portions of viral RNA for up to two years after infection, although, there was no evidence that the person had become re-infected. They found it in the connective tissue where immune cells are located, suggesting that the viral fragments were causing the immune system to attack. In some of the samples, the researchers found that the virus could be active.

Peluso said more research is needed to determine whether the persistence of these fragments drives long COVID and such associated risks as heart attack and stroke.

But, based on these findings, Peluso's team at UCSF is involved in multiple clinical trials that are testing whether monoclonal antibodies or antiviral drugs can remove the virus and improve the health of people with long COVID. "There is a lot more work to be done, but I feel like we are making progress in 'really' understanding the long-term consequences of this infection," Peluso said.





4 GUARDS marching past the saluting base.



Lt. Col. Himmeth Singh commanding the parade.

# DACCA 12 March 1972 FAREWELL PARADE



Lt. Gen. Himmeth Singh, the Parade Commander.

Because of 4th *Battalion Brigade of Guards* (1 Rajput)'s performance during Liberation War, the battalion was selected for the *Victory Commemoration Parade* by the *Indian Army* for Sheikh Mujibur Rahman, the President of Bangladesh. On being selected, the first task before the battalion was to fetch our ceremonial kit, band instruments and other ceremonial paraphernalia from our rear base, at the Guards Training Center, Kota. Then, the training started in earnest, under the personal supervision of our commanding officer. He had, during his own training days, served in the Maharaja of Jaipur's 'Sawai Man Guards,' under British Drill Instructors from the British Brigade of Guards, and later, when he was a gentleman cadet at the Indian Military Academy, from where he had passed out with the 'Sword of Honour,' and here too, his drill instructors had been 'Sergeants' from the Guards Battalions of the Royal Household Regiments. Under his watchful eye and his own immaculate bearing, we trained and polished our drill which, after four years in the field was sorely needed, but by the beginning of March, we had achieved a standard, which any battalion of the 'British Guards' would have been proud of. At the beginning of March, we were joined by a troop of 61st Cavalry, which is located in Col Himmeth Singh's own hometown. It is the only *active service horse cavalry regiment* in the world today. There can be no denial of the fact that even when the era of horsed cavalry is dead and gone, they are still used for ceremonial occasions in most countries. A *cavalier on horseback* is not only a visual treat and a magnificent sight, but also evokes feeling of romance and grandeur.



"In our hearts and minds we don't want you to leave... you leave as friends. Our country had no fighting machine and you came to our help. The friendship and brotherly ties between Bangladesh and India will be everlasting and no power on Earth can drive a wedge between them. The people of Bangladesh may not possess enough resources to present to you but we have endless love for you. We want to bid farewell today with the love that we have and please accept it."

Sheikh Mujibur Rehman

SHEIKH MUJIBUR REHMAN TAKES THE SALUTE OF FAREWELL PARADE BY 4 GUARDS (1RAJPUT)

Farewell Parade

DACCA STADIUM

12 MARCH 1972

**Presented by Major Chandrakant Singh VrC.**
**The only document to have the signatures of Sheikh Mujibur Rehman and Sheikh Hasina on the same page.**
**Contersigned by Mr Abdul Hamid and all service chiefs of Bangladesh.**

The Parade programme signed by Sheikh Mujibur Rahman, later by Sheikh Hasina and Mr. Abdul Rahman, President of Bangladesh and all the service Chiefs of Bangladesh. Programme in authors collection. A copy of this was presented by me to Mr. Rakesh Sharma in recognition and thanks for the coverage of '1971 War accounts' in *Rashtradoot*.



Maj. and Mrs. Chandrakant present a collage of photos of the parade to HE Sheikh Hasina in Dacca.



Regimental Colours of *4 Guards* on parade. Lt. Yadav and second Lt. Jaiveer Singh are the colour party. 4 Guards is the only unit of the Indian army, which carries two colours, in recognition of its exceptional service, during more than two hundred years of its history.




**Maj. Chandrakant Singh VrC** *(Retd.)*
*Military Historian*


There are parades and parades, celebrating independence or victory days, in nearly all countries in the world. Our own '*Republic Day parade*' is one of the grandest, but to me and to many others, particularly the *Bangladeshis*, no parade has a greater significance than the *farewell parade* of my battalion *4 Guards (1 RAJPUT)* in Dacca, on 12 March 1972. The salute was taken by Sheikh Mujibur Rahman, the President of the newly liberated country, and marked the return of the Indian army, to India, after successful competition of its mission to 'defeat the Pakistan Army,' in the process taking nearly a hundred thousand prisoners, restoring law and order, civic services, and handing over full control of Bangladesh to their 'rightful democratic government.' All this was accomplished in a matter of weeks. No country can match this record.

To me, it was a matter of 'personal honour' that my battalion was chosen to represent *the Indian Army*. Even though, I could not take part and only witnessed it, having been wounded in the leg and not yet fully recovered. The parade was widely covered in the international press and I reproduce below the *New York Times report.*

The parade was commanded by Lt. Col, later Lt. Gen Himmeth Singh, whose family is from Jaipur, and who had led his battalion, during the war. He was recommended for a *Maha Vir Chakra,* which however did not materialize for reasons which I have no hesitation in mentioning. Gen. Aurora had developed an intense jealousy and dislike for Gen. Sagat, the chief architect of our victory. Aurora had his revenge by not forwarding to Army HQ most of the citations for gallantry, sent to him by Gen. Sagat.

Even before the surrender of Pakistan Army on 16 Dec 71, the Indian Army had started pulling units out of Bangladesh, and sending them to the Western Front and the process was completed by the end of January 1972, except for a few signals and engineer elements and my unit, *4th Battalion Brigade of Guards* (1 Rajput). We had been in a field area separated from our families and comforts for over four years, and were anxious to return to India. However, we were held back in Dacca. Because of its performance during Liberation War, the battalion was selected for the *Victory Commemoration Parade* by the *Indian Army* for Sheikh Mujibur Rahman, the President of Bangladesh. On being selected, the first task before the battalion was to fetch our ceremonial kit, band instruments and other ceremonial paraphernalia from our rear base at the Guards Training Center, Kota. Then, the training started in earnest, under the personal supervision of our commanding officer.

He had, during his own training days, served in the Maharaja of Jaipur's 'Sawai Man Guards,' under British Drill Instructors from the British Brigade of Guards, and later, when he was a gentleman cadet at the Indian Military Academy, from where he had passed out with the 'Sword of Honour,' and here too, his drill instructors had been 'Sergeants' from the Guards Battalions of the Royal Household Regiments. Under his watchful eye and his own immaculate bearing, we trained and polished our drill, which, after four years in the field was sorely needed, but by the beginning of March, we had achieved a standard, which any battalion of the 'British Guards' would have been proud of. At the beginning of March, we were joined by a troop of 61st Cavalry, which is located in Col. Himmeth Singh's own hometown. It is the only *active service horse cavalry regiment* in the world today. There can be no denial of the fact that even when the era of horsed cavalry is dead and gone, they are still used for ceremonial occasions in most countries. A *cavalier on horseback* is not only a visual treat and a magnificent sight, but also evokes feeling of romance and grandeur.

On the morning of 12 March, when the battalion escorted by the horses of 61st Cavalry marched into the jam-packed Dacca Stadium, with its two colours unfurled and the bands playing, it was a sight to behold. The reverberations from the 'roar of welcome,' from the cheering crowd could be heard even miles away. When the Sheikh accompanied by the Army Commander Lt. Gen. Aurora and the Division Commander Maj. Gen. Ben Gonsalves walked in, to take their place on the saluting dais, the crowd erupted in frenzied cheering, which continued for so long that it disrupted the parade schedule for Col. Himmeth Singh had to wait several minutes till the cheering stopped, before he could give the command for the 'General Salute.' The rest of the parade, including the march-past, went off like clockwork, the clapping and cheering of the crowd making the men put their best performance. The highlight was the speech by the Sheikh before the conclusion of the parade. His speech was like the 'roar of a lion' and he thanked *India and the Indian Army* for our help in liberating his country. The Sheikh was an orator, unmatched by anyone, Churchill included. His speech was inspiring, emotionally charged and very moving.

## #UNMATCHED

### NEW YORK TIMES

*Indian Army* mounted a *ceremonial parade* to commemorate the withdrawal from Bangladesh today, bidding farewell to the nation it helped create.

The withdrawal sets up a test of the new government's ability to control its countryside and opened the way to diplomatic recognition by the United States.

Troops of India's *First Rajput Regiment* (4 GUARDS), wearing scarlet turbans with golden tassels, staged a retreat parade in a packed Dacca stadium, at which the Prime Minister, Sheikh Mujibur Rahman, took the salute.

"In our hearts and minds, we don't want you to leave," the Prime Minister said as the troops on parade stood at ease. "But as ours is a free and sovereign country, and we must run our own affairs, you leave as 'friends.'" Sheikh Mujibur Rahman praised the *Indian Army* for helping the Bengali freedom fighters during the nine-month revolution.

"You trained them. You gave them arms. Our country had no fighting machine, and you came to our help." The Parade, based on British tradition, lasted forty-five minutes, before a crowd of twenty-five thousand Bengali spectators in the cricket stadium in Dacca's center. Ceremonies were shortened by almost half-an-hour, with the omission of some of the programme, including the scheduled playing of the Christian Hymn '*Abide with Me*' to a predominantly Muslim population. The *Hymn*, a feature of similar British ceremonies, was a favourite of Mahatma Gandhi and has been till recently a part of the music programme every year at the 'Beating of Retreat' ceremony at Vijay Chowk, New Delhi. Now, Bangladesh has an army of twelve to fifteen thousand men, from the former Pakistan army units of the East Bengal Regiments and the East Pakistan Rifles, who had defected and joined the freedom struggle last year. The pull out of the Indian Army came thirteen days ahead of schedule, hurried along by the planned visit of Prime Minister Indira Gandhi of India, next Friday. The number of Indian soldiers dwindled to a force of five thousand from a peak of one hundred fifty thousand, during the two-week war with Pakistan, which ended on 16 December.



Sheikh Mujib inspecting the parade.

Now, the new government had the job, with the country's disorganized police and militia of keeping order among seventy five million Bengalis. Many feared that the departure of the Indians might lead to violence between Bengalis and Biharis-non-Bengali Muslims, who generally supported the Pakistanis. Fighting between the two communities broke out on Friday night in the town of *Khulna*, eight miles south-west of Dacca and reports said that total casualties ranged from two hundred to eight hundred but the official figure is only of sixty killed or wounded.

## REPORT IN THE DAILY STAR, DACCA

A report, dated '12 March 1972' in the 'Daily Star,' the leading English daily of Bangladesh has this to say about the parade and the Bangabandhu's speech, "Bangabandhu, today, expressed his confidence that the *friendship and brotherly ties between Bangladesh and India* will be everlasting and no power on Earth can drive a wedge between them. Addressing the farewell parade of the *Indian Army in Bangladesh*, at Dacca stadium, the prime minister said that the people of Bangladesh may not possess enough resources to present to you but we have 'endless love' for you. We want to bid farewell today, with the love that we have, and please accept it."

Bangabandhu, in his seven-minute speech, recalled with gratitude the all-out help, assistance and cooperation extended to the struggling people of Bangladesh, for their liberation by the people, government and armed forces of India, and said, "The assistance, that you have given, has no parallel in history."




Sheikh Mujibur Rahman taking the salute.

The programme of the parade by 4 GUARDS and a troop of 61st Cavalry was signed by the Sheikh, at the conclusion of the parade. On 7 April 2017, Her Excellency Sheikh Hasina, the Honourable Prime Minister of Bangladesh, visited India to honour our veterans and the widows of the soldiers, who had died in the Liberation War. We showed her the programme with her father's signature. When requested to sign the programme, she did so but turned very emotional. She said that this is the only document that has 'her's and her father's' signatures. Subsequently, the programme was signed by HE Abdul Hamid, the President of Bangladesh, and all the chiefs of their armed forces. This programme and copies of it will be presented to institutions in India and Bangladesh, where it will occupy the 'pride of place' in all military museums.

Many formations, units and individuals have laid 'claim' to being the first to enter Dacca. This is the account of Schanberg (New York Times), who was accompanied by other foreign correspondents, who have corroborated his account. Then, there are the photographs by Jay Ullal (Stern magazine), who has also given his own separate account of the events, and the final battle, leading to the formal surrender on 16th Dec's evening. All these newsmen were the most credible and respected news professionals of the time and were witnesses to the events described, and there is no way that can they be considered biased or partisan. In their accounts, they have mentioned units and individuals by name, which puts to rest any controversy about who fought the last battle and who was the first to enter Dacca.


*rajeshsharma1049@gmail.com*


## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# असंतुलित होकर पलटी कार, एक युवक की मौत, एक घायल

## दोस्त के बेटा होने की खुशी में दी गई पार्टी में शामिल होने गये थे

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं की चूरू रोड पर निर्माणाधीन पुलिया के पास देर रात हुए हादसे में एक युवक की जान चली गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार मित्तल कॉलोनी निवासी 31 वर्षीय अंकित पुत्र दिनेश केजरीवाल अपने एक दोस्त के बेटा होने की खुशी में दी गई पार्टी में शामिल होने गया था। चूरू रोड स्थित एक होटल में पार्टी में खाना खाने के बाद अंकित अपने दोस्त

- **सामने जानवर आने और सड़क पर बने गड्ढों को अंधेरे के कारण देख नहीं पाया था**

विशाल अग्रवाल तथा अमित तुलस्यान के साथ अपनी कार में वापिस घर लौट रहा था। रात को करीब 10 बजे जब अंकित निर्माणाधीन पुलिया के पास पहुंचा तो सामने से कोई जानवर आ गया और साथ ही सड़क पर बने गड्ढों को अंधेरे के कारण देख नहीं पाया। इन गड्ढों के कारण उसकी कार असंतुलित हुई और दो-तीन पलटी खा गई। मौके पर मौजूद लोगों ने कार सवार तीनों लोगों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से तीनों को बीडीके अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने अंकित को मृत घोषित कर दिया। वहीं अमित को इलाज के लिए भर्ती कर लिया। विशाल के कोई चोट नहीं लगी। आज सुबह परिजनों की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इधर, घटना के बाद चूरू रोड के लोगों ने प्रशासन पर गुस्सा निकाला। स्थानीय लोगों ने बताया कि इन गड्ढों के कारण आए दिन हादसे होते है। अब तक हादसों में दो-तीन जनों की जान चली गई। वहीं बड़ी संख्या में वाहन चालक घायल हो चुके है। बार-बार प्रशासन से गुहार लगाने के बाद भी ना तो सड़क बनाई जा रही है और ना ही गड्ढों का समाधान हो रहा है। बीती रात भी हुआ हादसा, इन्हीं गड्ढों के कारण हुआ है।

दरअसल मृतक अंकित के दोस्त योगेश के बेटा हुआ था। इसलिए उसने अपने सभी दोस्तों को पार्टी दी थी। सभी दोस्त पार्टी करने के लिए चूरू रोड पर एक होटल पर गए थे। वहां पर सभी ने खुशी मनाई और खाना खाने के बाद रात करीब 10 बजे वापिस लौट रहे थे।

अंकित झुंझुनूं के किराना व्यवसायी दिनेश केजरीवाल का बेटा था। अंकित का छोटा भाई नितिन सीए है। अंकित अपनी पुश्तैनी दुकान, जो कि पुराना बस स्टैंड पर स्थित है। उसी को संभालता था। अंकित की शादी भी चार-पांच साल पहले हुई थी। जिसे एक एक ढाई साल का बच्चा भी है। अंकित की मौत की सूचना पर घर में कोहराम मचा हुआ है।



झुंझुनूं की चूरू रोड पर निर्माणाधीन पुलिया के पास कार पलट गई।

### हादसे में एक की मौत, एक दर्जन लोग घायल

**बीकानेर, (निसं)।** मुकाम मेले में धोक लगाने जा रहे परिवार की बोलेरो गाड़ी कोलायत क्षेत्र में ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 13 जने घायल हो गए। घायलों को पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती किया गया हैं। कोलायत एसएचओ लखवीर सिंह ने बताया कि गौड़ू व राववाला क्षेत्र के लोग धोक लगाने जा रहे थे। सांखला फांटे से मढ़ फांटे के बीच बोलेरो और ट्रेलर में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। ग्रामीणों ने बोलेरो में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में श्रीराम (25) पुत्र रामस्वरूप की मौत हो गई। जबकि किसना पुत्री श्रवणराम, सुनील पुत्र अमराराम, निरमा पुत्री शंकरलाल, सीताराम पुत्र रामस्वरूप, सुनीता पुत्री रिछपाल, किरण पुत्री सुनील, रविना पुत्री रिछपाल, द्रोपदी पुत्री शंकरलाल, प्रेम पुत्र रामस्वरूप, माया, पुत्री रामस्वरूप, सुनील पुत्र मांगीलाल के अलावा एक दस वर्षीय बालक घायल हो गए। घायल गौडू और राववाला के निवासी है।

# दो नाबालिग छात्र-छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

## छात्रा ने फांसी लगाने से पहले हाथ की नसें भी काटने की कोशिश की थी

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर के दो थाना क्षेत्रों में दो नाबालिग छात्र-छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करल ली। दोनों मामलों में थाना पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

अलवर गेट थाना क्षेत्र के गुर्जर धरती निवासी काजल मेहरा पुत्री राकेश मेहरा ने घर के कमरे में चुन्नी से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मां ने बेटी को फंदे पर लटका देखा तो घर में हड़कंप मच गया। परिवार के लोग काजल को फंदे से उतार कर जेएलएन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर अलवर गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मां कैलाशी देवी ने बताया कि सुबह आखिरी बार उससे बात हुई थी। उसने कहा था वह नहाने के बाद पूजा करेगी। काजल से बात करने के बाद वह काम करने छत पर चली गई।

- **रविवार शाम को खेलने के बाद घर पर पहुंचा था छात्र, मां ने डांट दिया था**
- **फॉयसागर स्थित सीआरपीएफ के क्वार्टर में 9वीं क्लास के छात्र ने सुसाइड किया**

जब उन्होंने नीचे आकर देखा तो काजल फंदे पर लटकी मिली। बेटी ने फांसी का फंदा लगाने से पहले हाथ की नसें भी काटने की कोशिश की थी। काजल 10वीं की पढ़ाई ओपन बोर्ड से कर रही थी। काजल ने सुसाइड क्यों किया इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। अलवर गेट थाना पुलिस पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द करेगी। पुलिस सुसाइड के कारणों को लेकर जांच में भी जुटी है।

गंज थाना क्षेत्र के फॉयसागर स्थित सीआरपीएफ के क्वार्टर में 9वीं क्लास के छात्र आरिफ खान पुत्र इब्राहिम खान ने अपने कमरे में चुन्नी से फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मां प्रवीण ने जाकर देखा तो बेटा फंदे पर लटका मिला। जिसके बाद घर में हड़कंप मच गया। सीआरपीएफ अधिकारियों की सूचना पर गंज थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई।

गंज थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश जिला भिंड के रहने वाले इब्राहिम खान सीआरपीएफ में कार्यरत है। जिनका परिवार अजमेर स्थित सीआरपीएफ ग्रुप संख्या-2 में सरकारी क्वार्टर में रहता है। इब्राहिम खान की पोस्टिंग जयपुर रायला में है। उनका 14 साल का बेटा आरिफ खान रविवार शाम को खेलने के बाद घर पर पहुंचा था। मां ने लेट आने पर उसे डांट दिया था। गुस्से में आकर वह अपने कमरे में चला गया। बाद में उसने पंखे पर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

# गौ हत्या के चार ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जिले के पुलिस थाना कसारवाड़ी ने गौ हत्या के चार ईनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह शक्तावत ने बताया कि गत सात मार्च को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम गोयका बारिया में तालाब की पाल के पास एक मकान पर कुछ लोग गौवंश की हत्या कर कटिंग कर रहे थे।

जिस पर थानाधिकारी मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे तो वहां कुछ लोग एक मकान के बाहर मांस के टुकड़े कर रहे थे जो पुलिस जाप्ते को देखकर भागने लगे। इनमें से एक को पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम भुरजी पुत्र सरदार बारिया निवासी गोयका बारिया थाना कसावाड़ी होना बताया। भुरजी को मौके पर डिटेन किया गया, वहीं अन्य व्यक्ति भागने में सफल रहे। पुलिस ने डिटेन किये गये भुरजी से पूछताछ की तो उसने बताया कि चार आरोपी राजमल पुत्र भुरजी, अनिल पुत्र दलसिंह, नरेश पुत्र सकन व बाबरु पुत्र कीका भी घटना में शामिल थे। जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने चारों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये प्रत्येक पर दो-दो हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। वहीं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये टीम गठित की गयी। सोमवार को मुखबीर की सूचना पर आरोपी राजमल, अनिल, नरेश व बाबरु को जालिमपुरा अनास नदी के पास घेरा डालकर पूछताछ की व गिरफ्तार किया गया।



पुलिस ने गौहत्या के ईनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# नाकाबंदी में कार में आठ लाख रूपए मिले

**जोधपुर, (कासं)।** लूणी पुलिस ने निंबला गांव के पास नाकाबंदी में एक संदिग्ध कार को रूकवाकर तलाशी ली। कार में एक बैग मिला जिसमें रखी थैली में पुलिस को आठ लाख रूपए मिले। कार का चालक रूपयों को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इस पर रूपयों को जब्त कर लिया गया।

लूणी थानाधिकारी हुकमसिंह ने बताया कि रविवार की रात को उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर

- **चालक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया**

नाकाबंदी कराई गई। निम्बला टोल नाके पर नाकाबंदी में एक संदिग्ध कार को रूकवाया गया और उसके चालक श्रवणराम से कार में रखे बैग के संबंध में जानकारी चाही तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इस पर पुलिस ने बैग को चैक किया तब बैग में एक थैली मिली। थैली में आठ लाख रूपए मिले। इस पर चालक श्रवणराम से रूपयों के संबंध में पूछताछ किए जाने पर वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इस पर आठ लाख रूपयों को सीआरपीसी की धारा 102 में जब्त कर लिया गया। नाकाबंदी में पुलिस की टीम में थानाधिकारी के साथ हैड कांस्टेबल पुखराज, कांस्टेबल किरोड़ीलाल, महिला कांस्टेबल मैना, लूणाराम, पुलिस लाइन हैड कांस्टेबल लूणाराम आदि शामिल रहे।

# देवयानी तीर्थ स्थल पर पेयजल व सफाई का अभाव

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर के देवयानी तीर्थ स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं हेतु पेयजल उपलब्ध कराने के लिए बनाई गई टंकी विगत 15 दिनों से खाली पड़ी है।

जानकारी अनुसार तीर्थ स्थल पर महिलाएं यहां आकर स्नान और पूजा-अर्चना कर पुण्य अर्जित करती है। ग्रामीण महिलाएं बताती है कि वे यहां हमेशा हर त्यौहार पर तीर्थ स्थल पर आती हैं लेकिन यहां कई बार पेयजल टंकी खाली मिलने पर पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। मंदिर पुजारियों से पानी लेकर प्यास बुझानी पड़ती है। इस बारे में पुजारी बताते हैं कि देवयानी प्रदेश के प्रमुख तीर्थस्थलों में शुमार है लेकिन व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए कुछ भी नहीं है। इस बारे में कई बार जिम्मेदार विभाग को भी बताया लेकिन कोई सुधार नहीं होने से भावनाएं आहत है। वहीं तीर्थ स्थल के घाटों पर नियमित साफ सफाई नहीं हो रही है। राजस्व विभाग के पूर्व लिपिक शैलेश माथुर व समाजसेवी तरुण कुमार उपाध्याय ने पर्यटन मंत्री दीया कुमारी को पत्र भेजकर आग्रह किया है कि तीर्थ स्थल पर देवस्थान व पर्यटन विभाग की शाखा खोली जाए ताकि सही प्रकार से मॉनिटरिंग हो सके।

# पेयजल किल्लत को लेकर प्रदर्शन किया

**चिड़ावा, (निसं)।** गर्मी की शुरुआत से पहले ही पेयजल को लेकर शहर में किल्लत शुरू हो गई है। पानी को लेकर परेशान चार वार्डों के लोगों ने जलदाय कार्यालय में पूर्व पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश बसवाला के नेतृत्व में इकट्ठे होकर प्रदर्शन किया।

बसवाला ने बताया कि शहर की कॉलेज ग्राउंड रोड पर कुआं खराब पड़ा है, जिससे वार्ड चार, पांच, छह और

- **दस दिन में समस्या का समाधान नहीं होने पर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी**

सात में लंबे समय से पेयजल की समस्या चल रही है। लेकिन जलदाय विभाग के अधिकारी लगातार अनदेखा कर रहे हैं। पानी नहीं मिलने से लोग प्यासे हैं। पीने का पानी भी काफी दूर से लाने की लोग मजबूर हैं।

जलदाय विभाग के अधिकारियों ने समस्या की जांच करवाने और उसके बाद समस्या समाधान का आश्वासन दिया, लेकिन हर बार केवल झूठा आश्वासन देने से लोग आक्रोशित हो गए और समस्या का तुरंत समाधान की मांग की। जिसके बाद अधिकारियों ने जल्द से जल्द समस्या दूर करने और नियमित पेयजल जा भरोसा दिलाया। जिसके बाद शहरवासियों का गुस्सा शांत हुआ। इस दौरान कॉलेज ग्राउंड के पास कुएं को दस दिन के भीतर ठीक ना करने पर लोगों ने उग्र प्रदर्शन की चेतावनी भी अधिकारियों को दी है। इस मौके पर संजू, प्रकाश देवी, सुमन, शकुंतला, मंजू, संजू, माया, मनीषा, मुनि, भादरमल बसवाला, रामेश्वर बसवाला, धर्मपाल सोलंकी, राधेश्याम सोलंकी, कैलाश देवी, राजकुमार सोलंकी, विनोद सोलंकी, राजेंद्र सोलंकी, राजू सोलंकी, दुलीचंद सोलंकी, रमेश सोलंकी, जगदीश सोलंकी, जगदीश बसवाला सुमित्रा, गुड्डु, मनभरी सहित कई लोग मौजूद रहे।



चिड़ावा में पेयजल किल्लत को लेकर लोगों ने जलदाय कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

# दिव्यांग नौनिहालों का भविष्य संवारने में जुटी है शिक्षिका एकता शर्मा

**राजसमन्द, (निसं)।** विशेष एवं दिव्यांग नौनिहालों का चिन्हीकरण एवं उनकी शिक्षा के सुदृढ़ इंतजाम कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में पूरी शिद्दत, मनोयोग एवं निष्ठापूर्वक कार्य कर रही विशेष शिक्षिका एकता शर्मा ने न सिर्फ इन बच्चों के लिए सकुकूनदायी पहल की है बल्कि आम जनमानस के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई है।

राजसमन्द जिले के भीम ब्लॉक अन्तर्गत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सुनारकुडी में विशेष शिक्षिका के पद पर कार्यरत एकता शर्मा ने बीते वर्षों से लगातार इन दिव्यांग बच्चों का भविष्य संवारने के लिए अनूठी पहल एवं कार्य किया है कि जिले के साथ ही राज्य स्तर पर उनकी खास पहचना बन चुकी है। यही वजह है ब्लॉक से लेकर जिला एवं राज्य स्तर पर उन्हें एकाधिक बार नवाजा भी गया है तथा निःसंदेह इससे उनकी काफी हौसला अफजई भी हुई है तथा वे निरन्तर अपनी पूरी ऊर्जा एवं निष्ठा से इन बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए प्रयास कर रही है।

शिक्षिका एकता शर्मा को उनके विशिष्ट कार्यों के लिए ब्लॉक, उपखंड एवं जिला स्तर पर शिक्षक सम्मान से नवाजा गया है। सम्मान की कड़ी में खास बात यह है कि अपने विलक्षण कार्यों से समाज




जयपुर में आयोजित समारोह में विशेष शिक्षिका एकता शर्मा को ''नारी गौरव सम्मान'' से सम्मानित किया।

- **विलक्षण कार्यों के लिए लगातार तीसरी बार मिला ''नारी गौरव सम्मान''**

को प्रेरणा देकर शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने एवं आदर्श स्थापित करते हुए नारी की गरिमा एवं उसके स्वाभिमान के नया आयाम स्थापित करने पर अम्बेडकर उत्थान परिषद जपुर की ओर से लगतार तीन बार नारी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। उन्हें वर्ष 2022, 2023 एवं 2024 में उक्त सम्मान से नवाजा गया है। रविवार को जयपुर में परिषद की ओर से राज्य कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा जयपुर के ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य समारोह में उन्हें ''नारी गौरव सम्मान'' से सम्मानित किया गया।

# दहेज में बुलेट बाइक नहीं देने पर विवाहित बहनों से मारपीट

**किशनगढ बास, (निसं)।** किशनगढ़ बास पुलिस थाना क्षेत्र में एक ही घर में शादी होकर आई दो सगी बहनों को दहेज के लालचियों ने मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। बहनों ने बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को पूरा नहीं किया। पीड़िता के भाई ने किशनगढ़ बास पुलिस थाने में पति, ससुर, सास व ननद देवर के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मामला दर्ज कराया है।

किशनगढ़ बास के गांव रावका निवासी साहिब पुत्र जुम्मे खां मेव मामला दर्ज कराया कि उसकी बहन राहीना व दिलशान पुत्री जुम्मे खां की शादी करीब दो साल पूर्व अजरूदीन व वसीम पुत्रान अहमद खां मेव निवासी गांव अतरीया, सोलिया का बास मुबारिकपुर तहसील रामगढ़ के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही दोनों बहनों को ससुराल पक्ष काफी तंग परेशान तथा रोजाना मारपीट करने लगे। उसने आरोप लगाया कि ये लोग दहेज में बुलेट बाइक रॉयल इनफिल्ड की मांग को लेकर उसकी बहनों को काफी यातनाएं देने लगे। कई दिनों तक घर में भूखा रखा गया। पीड़िताओं के भाई ने रिपोर्ट में बताया कि उसके पिताजी की मृत्यु 2011 में हो गई थी। जिसके बाद

- **आरोप है कि ससुराल वालों ने दोनों बहनों को मारपीट कर घर से निकल दिया**
- **पीड़िता के भाई ने पति, ससुर, सास, ननद व देवर के खिलाफ मामला दर्ज कराया**

से ही पूरे परिवार की जिम्मेवारी उसके उपर है। उसने अपनी बहन राहीला दिलशाना की शादी के दौरान दहेज में दो मोटरसाईकिल हीरो स्प्लैण्डर प्लस, दो बैड, दो अनाज की कोठी, दो सन्दूक, दो सिलाई मशीन सहित अन्य घरेलू बर्तन और तथा उसकी दोनों बहनों के जैवरात में दो किलो चांदी के कडे, दो रानी हार 500 ग्राम चांदी का, दो हथफूल चांदी का कुल तीन किलो चांदी के जेवरात व दो सोने की हंसली तथा एक लाख इक्केतर हजार रूपये की नगदी दहेज में दी थी।

शादी के बाद काफी बार समझाइश के प्रयास किए। शादी के 4-5 माह पहले भी वह गांव के पांच आदमियों को लेकर अपनी बहनों के ससुराल गया था। काफी समझाईश की परन्तु ये लोग नहीं माने और उसकी दोनों बहनों को दहेज के लिये तंग परेशान करते रहे। गत 9 मार्च को वसीम और उसका पिताजी अहमद उसकी दोनों बहनों राहिला व दिलशाना को लेकर उनके गांव रावका आए। बहन राहीला व दिलशाना ने परिवार वालों को बताया कि पति अजरूदीन, वसीम, ससुर अहमद तथा सास रसमीना, ननद, देवर नसीम खान इन सभी ने मिलकर उन्हें बहुत मारा पीटा है। ये लोग कभी भी उन्हें मार सकते हैं और दहेज में बुलैट मोटरसाइकिल मांगते हैं। जब पीड़िताओं के भाई परिवार वालो ने वसीम व अहमद से इस बारे में समझाईश की तो ये लोग उसकी बहन रहीला व दिलशाना को छोड़कर जाने लगे और धमकी देने लगे और मारपीट करने पर उतारू हो गए। परिवार के लोगों के साथ झगड़ा करने लगे तथा जान से मारने की धमकी देने लगे। उन्होंने कहा है कि वे लोग उसकी बहनों को तभी लेकर जाएंगे जब वह दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल देंगे। किशनगढ़ बास थाना पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मोरेल बांध को गुलजार करने वाले प्रवासी पक्षियों ने वतन लौटना शुरू किया

**मंडावरी, (निसं)।** किसानों की लाइफलाइन माने जाने वाले मोरेल बांध पर गत पांच माह से बांध की फिजा को गुलजार करने वाले विभिन्न प्रवासी पक्षियों ने खुद के वतन की तरफ रुख कर लिया है। विभिन्न प्रमुख प्रवासी पक्षियों का बांध से लौटने का दौर अब शुरू हो गया है एवं कई प्रवासी पक्षी बांध से रुखसत हो चुके हैं। मोरेल बांध पर शीतकालीन प्रवास पर विश्व के विभिन्न भागों से प्रवासी पक्षी प्रतिवर्ष भोजन, प्रजनन और अनुकूल वातावरण में आवास पाने के लिए प्रवास करते हैं। इस वर्ष भी लगभग 200 प्रजातियों के जलीय व स्थानीय बीस हजार से अधिक प्रवासी पक्षी यहां आए।

पक्षी विशेषज्ञ प्रोफेसर सुभाष पहाड़िया के अनुसार पक्षियों का प्रवास सितंबर के मध्य सप्ताह से मार्च के प्रथम सप्ताह तक होता है। अभी मोरेल बांध में 8 फीट पानी रिजर्व है। अधिकांश प्रजातियों के पक्षी अपने प्रजनन स्थलों की तरफ लौट गए हैं लेकिन अभी भी बांध की तलहटी में बार हेडेड गीज का एक झुंड जिसमें लगभग 100 से ऊपर संख्या में दिखाई दे रहे है। ग्रेटर फ्लेमिंगो का लगभग 70 की संख्या का एक झुंड जिसमें लगभग 8 सदस्य वयस्क और अधिकांश अवयस्क ग्रेटर फ्लेमिंगो है, बांध पर दिखाई दे रहे हैं। ये शायद इसीलिए अभी तक रुके हुए हैं कि अवयस्क काल की अवधि जितनी निकल जाए अगली उड़ान के लिए



मोरेल बांध में खुद के वतन वापसी की तैयारी में विभिन्न प्रवासी पक्षी।

- **सितंबर के मध्य सप्ताह से मार्च के प्रथम सप्ताह तक होता है प्रवास**
- **200 प्रजातियों के जलीय व स्थानीय बीस हजार से अधिक प्रवासी पक्षी इस बार आए**

अच्छा है। इस बार प्रवासी पक्षियों में सबसे अधिक संख्या यूरेशियन कूट, ब्लैक टेल्ड गोडविट, रफ, ग्रेट कोर्मोरेंट, डालमेशियन पेलीकन, रोजी पेलिकन, बार हेडेड गीज, ग्रेटर फ्लेमिंगो, नॉर्दन शोवलर, कोमन शेलडक, रूडी शेल्डक ग्रीन विंग्ड टील आदि की रही। प्रोफेसर पहाड़िया के अनुसार बांध में स्वयं के प्रयासों से व जिला कलेक्टर और डीएफओ के संयुक्त प्रयास से ही 8 फीट पानी हमेशा के लिए रिजर्व भी करवाया है।

# आचार संहिता से पहले प्रस्तावित निर्माण कार्य शुरू करें : कलेक्टर


कोटपूतली कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बैठक में जरूरी दिशा निर्देश दिये।

■ कलेक्टर ने अमृत सरोवर, आदर्श अमृत सरोवर आदि कार्य की समीक्षा की

कोटपूतली, (निसं)। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि ग्रामीण क्षेत्रों में निचले स्तर तक पंचायती राज विभाग की योजना का लाभ पहुंचाएं। उन्होंने समस्त विकास अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक आदर्श चरागाह विकसित हो जिससे वहां एक अच्छा इकोसिस्टम विकसित हो सके तथा अतिक्रमण को रोका जा सके। इसके लिए शीघ्र ही इसकी कार्ययोजना बनाकर जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रदान करें जिससे उन कार्यों का निरक्षण किया जा सके।

बैठक में मनरेगा के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में करवाये गए कार्यों पर चर्चा करते हुए जिला कलेक्टर ने अमृत सरोवर, आदर्श अमृत सरोवर, स्वच्छ भारत मिशन के तहत ओडीएफ प्लस, लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, मॉडल ग्राम पंचायत, घर-घर कचरा संग्रहण और आंगनबाडी शौचालय कार्य की समीक्षा की। विधायक कोष और सांसद कोष से हुए कार्यों के समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना 2021-22 में 2023-24 के कार्यों पर भी चर्चा की।

बैठक में मनरेगा कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि मनरेगा कार्यों में किसी भी तरह की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। कार्मिक पारदर्शिता के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि नियम और गाइडलाइंस के अनुरूप ही मनरेगा कार्य किए जाएं। कार्य में लापरवाही करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि मनरेगा कार्य से संबंधित पेंडिंग फाइलों का शीघ्रता से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में पहले से ही –फाइलिंग व्यवस्था प्रभावी है। कार्य स्थल पर मनरेगा श्रमिकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने और श्रमिकों को समय पर भुगतान देने के लिए जिला कलेक्टर ने बीडीओ को निर्देशित किया।

वहीं उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणधीन कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन को लेकर गठित कमेटी द्वारा टीम को भेजकर निर्माणाधीन कार्यों का अवलोकन करके गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में जो आवास बन चुके हैं, उनकी जिओ टेगिंग समय पर करवाने के निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि आचार संहिता प्रभावी होने से पहले प्रस्तावित निर्माण कार्यों को जल्द ही शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर कार्यों की मॉनिटरिंग करें तथा निर्माण कार्य स्थल की फोटो खींचकर ऑन रिकॉर्ड करें। बैठक में जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास, नीमराना विकास अधिकारी राकेश वर्मा, बानसूर विकास अधिकारी महेंद्र सैनी, पावटा विकास अधिकारी शंकर वर्मा, विराटनगर विकास अधिकारी वेद प्रकाश बावता, कोटपूतली विकास अधिकारी राजकुमार बायला आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### जयराम का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

मनोहरपुर, (निसं)। कस्बे के प्रतापपुरा निवासी जयराम गुर्जर पुत्र धोलूराम गुर्जर का नेटबॉल प्रतियोगिता में नेशनल लेवल पर चयन हुआ है। जयराम गुर्जर के बडे भाई महिपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय (राजस्थान यूनिवर्सिटी) नेटबॉल की टीम में गुर्जर का चयन हुआ। जयराम गुर्जर भवानी निकेतन टी.टी कॉलेज के बीपीएड द्वितीय वर्ष का छात्र है। राजस्थान यूनिवर्सिटी की टीम में चयन हुआ। जयराम गुर्जर 12 से 15 मार्च के बीच आयोजित ऑल इंडिया प्रतियोगिता में कर्नाटक में भाग लेगा। इस दौरान परिजन और मनोहरपुर व प्रतापपुरा के लोगों ने खुशी जाहिर कर बधाइयां दी है।


जयराम गुर्जर

### कुंए में गिरने से युवक की मौत

निवाई, (निसं)। बरोनी पुलिस थाना के गांव पराणा में कुंए में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। जिसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि मुकेश उर्फ गौरू पुत्र बद्रीलाल जाट 26 वर्ष निवासी पराणा सोमवार को सुबह करीब 10 बजे नहाने के लिए कुंए पर गया था।


नम्बर मिलाइए 9587884433




सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


राजस्थान सरकार
**न्यायालय उप तहसीलदार, बगरु जिला-जयपुर**
क्रमांक/भू.अ./2024/387 दिनांक : 11.03.2024
**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बगरूकलां के खसरा नम्बर 3291, 3292, 3293, 3294 कुल किता 4 कुल रकबा 5.9400 हैक्टेयर में हिस्सा 7/16 में मृतक खातेदार सुनिता पत्नि रामेश्वर प्रसाद जाति मीणा निवासी प्लाट नं. 3 कृष्णा नगर, करतारपुरा, जयपुर के नाम दर्ज आराजी की वसीयत ग्रहिता अगस्त्य मीणा व शेखर मीणा के पक्ष में ना.करण दर्ज करने हेतु रजिस्टर्ड वसीयत दिनांक 26.07.2021 भू. राजस्व एक्ट की धारा 135 (2) में प्रकरण विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति हितबद्ध संस्था को इस वसीयत के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि के सात दिवस में इस न्यायालय में किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण का निस्तारण नियमानुसार कर दिया जायेगा।
(उम्मेद सिंह शेखावत)
उप तहसीलदार, बगरू जिला-जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-17517 दिनांक-10/03/24
**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 261/237 (EWS), (एरिया 47.625 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती लाली देवी पत्नी श्री बिरदी चन्द सैनी को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमाक 8369 दिनाक 24.12.2003 को जारी किया गया। श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री चेतराम अठावाल एवं श्री विजय कुमार मोदी पुत्र श्री महावीर प्रसाद मोदी के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 456 दिनाक 02.05.2018 के द्वारा किया गया। श्रीमती विमला देवी एवं श्री विजय कुमार मोदी के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 13.07.2018 को उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती विमला देवी की मृत्यु दिनाक 23.03.2020 को हो जाने के कारण अपने उत्तराधिकारी श्रीमती नीतू देवी पत्नी श्री विजय कुमार मोदी द्वारा उक्त आवास 1/2 हिस्से की स्वंय के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती नीतू देवी पत्नी श्री विजय कुमार मोदी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज आवा मण्डल, जयपुर

### तीये की बैठक



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी

**श्री रामकिशोर जी शर्मा**

खिलौने वाले (लीडर साहब) का आकस्मिक निधन 10.03.2024 को हो गया। तीये की बैठक 12.03.2024 को मध्यान 4 से 5 बजे तक ढूंढ नदी पुलिया के पास, ब्रह्म बगीची कानोता पर होगी।

**शोकाकुल**- सरला शर्मा (धर्मपत्नी) रामशरण, हनुमान, पहलवान, दामोदर, पुरुषोत्तम (भ्राता) संजय सोडिय (पुत्र) सुप्रीत, राममनोहर छदवेदेट (पुत्री दामाद) किशोरीशरण, मैथलीशरण, भरतदास, गोविन्द (भतीजे) जीतेन्द्र, सूर्यकान्त, मोहित, अक्षय, अक्षत, नमन, गर्वित (पौत्र) जतिन (प्रपोत्र) रामानुज एडवोकेट (दोहीता) गुड्डा- आदित्य (दोहीती-दोहीती दामाद) एवं समस्त खिलौने वाला परिवार।

मों- 7821002363, 6376674446

**कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, जयपुर
क्रमांक :- ज.स.अ./2023/433 दिनांक :- 04/03/2024
**ई-निविदा सूचना क्रमांक :- 66/2023-24**
SUPPLY AND DELIVERY OF 02 TRUCK MOUNTED ROAD SWEEPER MACHINES कार्य के लिए पंजीकृत फर्म्स से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, विस्तृत सूचना एवं शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.jaipurmc.org, www.sppp.raj.nic.in and www.eproc.rajasthan.gov.in पर स्टेट पब्लिक प्रोक्यूरमेन्ट के UBN No. JMC2324GLOB01665 पर देखी जा सकती है।
उपायुक्त (गैराज)
नगर निगम, ग्रेटर, जयपुर
राज.संवाद/सी/23/14593

## अतिक्रमण मामले में कलेक्टर को अवमानना नोटिस

मालपुरा, (निसं)। राजस्थान उच्च न्यायालय ने सोमवार को टोंक जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झां को अदालती आदेश के बावजूद मालपुरा उपखंड के हाथगी गांव के चरागाह से अतिक्रमण नहीं हटाने से जुडे मामले में अवमानना नोटिस जारी कर 8 अप्रेल तक पालना रिपोर्ट मांगी है। न्यायाधीश अविनाश झिंगन एवं न्यायाधीश भुवन गोयल की खण्डपीठ ने आदेश हाथगी निवासी नंदसिंह राजपूत व अमर सिंह राजपूत द्वारा एडवोकेट लक्ष्मीकांत शर्मा मालपुरा वाले के जरिये दायर की गई अवमानना याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुये दिये। याचिका में बताया कि हाथगी गांव के चरागाह के खसरा नंबर 100/1 व 102 पर गांव के ही प्रभावशाली लोगों ने अतिक्रमण कर रखे है। इन्हे हटाने के लिये स्थानीय प्रशासन को भी आग्रह किया गया लेकिन कार्यवाही नहीं होने पर याचिकाकर्ताओं ने जनहित याचिका दायर की थी। याचिका पर न्यायालय ने 25 जुलाई 2023 को तीन माह में अतिक्रमण हटाने के लिए टोंक जिला कलेक्टर को आदेश दिये गये थे लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाने पर अवमानना याचिका दायर की गई।

# सिवायचक भूमि को किसी भी कार्य हेतु आवंटन नहीं करने की मांग


पंचायत समिति लालसोट के प्रधान नाथूलाल मीणा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने ए.डी.एम. मनमोहन मीणा को ज्ञापन दिया।

लालसोट, (निसं)। पंचायत समिति लालसोट के प्रधान नाथूलाल मीणा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत के लोगों द्वारा मिर्जापुर ग्राम पंचायत की किराडी स्थित सिवायचक भूमि पर किसी भी प्रकार के ग्रिड कार्य हेतु भूमि आवंटन नहीं करने की मांग को लेकर सोमवार को एडीएम मनमोहन मीणा को ज्ञापन दिया गया।

सिवायचक भूमि में पावर ग्रिड निर्माण के लिए भूमि आवंटन नहीं हो इसके लिए ज्ञापन के साथ ऐसी किसी प्रक्रिया को आगे बढाने को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया है। ज्ञापन के माध्यम से लोगों ने बताया की वरिष्ठ महाप्रबंधक पॉवर ग्रिड ब्यावर दौसा ट्रांसमिशन लिमिटेड ने पत्र दिया जिसमे उपरोक्त कार्य के लिये चरागाह भूमि की क्षतिपूर्ति हेतु क्षेत्र लालसोट के ग्राम किराडी की सिवायचक भूमि की जमाबंदी प्रेषित की गई तथा दो-दो प्रतियों में प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने हेतु लिखा है। जो कि ग्राम किराडी के निवासियों के साथ घोर अन्याय है। जिसे ग्राम पंचायत के सभी निवासी विरोध करते है एवं ग्राम पंचायत मिर्जापुरा ग्राम किराडी की सिवायचक भूमि उक्त कार्य हेतु आवंटन नहीं किया जावें।

ग्राम किराडी के सभी ग्रामवासी उक्त ज्ञापन के माध्यम से निवेदन करते है कि उक्त ग्राम किराडी की भूमि को ग्रामवासियों के लिये आमजन की सुविधा हेतु यथावत रखी जाये। इसको अन्य तहसील के बाहर के कार्य के लिये आवंटन नहीं किया जावें। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि ग्राम किराडी ग्राम पंचायत मिर्जापुरा की सिवायचक भूमि को ग्राम के समस्त ग्रामीणों के सरकार द्वारा ग्रामवासियों के हितार्थ, सुरक्षित रखा जावें। इसको किसी अन्य कार्य हेतु तहसील लवाण के लिये 765/400 के.वी. 34 हेक्टर भूमि के लिये आवंटन नहीं किया जावे। अन्यथा मजबूरन लोगों को संघर्ष करना पडेगा। इस दौरान पंस लालसोट प्रधान नाथूलाल मीणा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री का वर्चुअल संवाद कार्यक्रम कल

■ कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने संवाद कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली

टोंक, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार 13 मार्च को शाम 4 बजे वर्चुअल माध्यम से देश के 509 जिलों के लगभग 1 लाख लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं की ऋण राशि का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) और लाभार्थियों से संवाद, वंचित समूहों को ऋण की मंजूरी, सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों को नमस्ते आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और पीपीई किट का वितरण करेंगें। जिला मुख्यालय के बमोर गेट स्थित कृषि ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री मोदी के संवाद कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने कृषि ऑडिटोरियम में संवाद कार्यक्रम से जुडे अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश चौधरी को संबंधित विभागों के अधिकारियों की विभागवार जिम्मेदारियां तय करने के निर्देश दिए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, टोंक के उप निदेशक धर्मराज प्रतिहार एवं अनुजा निगम के सांख्यिकी अधिकारी सुनील मीणा से कार्यक्रम की रूपरेखा, लाभार्थियों, बैठक व्यवस्था, जनप्रतिनिधिगण को आमंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की। बैठक में एएसपी सरिता सिंह, एसडीएम पीपलू कपिल शर्मा, नगर परिषद आयुक्त ममता नागर, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महबूब खान मंसूरी, संयुक्त निदेशक डीओआईटी संदीप कुलश्रेष्ठ जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी रमेश चंद जैन एवं विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता पीके करनाल आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्वकर्मा मंदिर समिति की बैठक

फुलेरा, (निसं)। कस्बे के श्री विश्वकर्मा मन्दिर परिसर में मासिक मीटिंग का आयोजन तहसील अध्यक्ष गुलाब हारोलिया के मुख्य आतिथ्य एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष यादराम जांगिड की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के प्रारंभ में फुलेरा क्षेत्र में आने वाले सभी गांव और ढाणी के सभी जांगिड समाज के घर और परिवारों को मन्दिर से जोडना और समाज में सभी वर्ग लोगों को आगे लाने की बात रखी गई। साथ ही फुलेरा के जांगिड समाज के धर्मशाला भवन के विकास कार्यों का मुद्दा रखा गया। इसको लेकर यादराम जांगिड ने जल्द ही इसके लिए सटीक निर्णय लेने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रमेश कासनीवाल, मांगीलाल जांगिड सुधीर जांगिड उपस्थित रहे।

## नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

पावटा, (निसं)। ग्राम आतेला हाइवे स्थित राजश्री स्कूल में सोमवार को निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर मिश्री देवी अस्पताल बहरोड के तत्वावधान में निदेशक राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। आयोजककर्ता डॉ ललिता, सुनिल यादव ने बताया कि नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ विरेन्द्र सिंह यादव ने लोगों की जांच व दवा देकर आपरेशन का समय दिया। आयोजकों ने आगन्तुक अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत कर शिविर के बारे में बताया। इस मौके पर कैरली सरपंच रामजीलाल यादव, लुहाकना कला सरपंच धर्मेंद्र कुमार मीणा, शिक्षाविद बंशीधर यादव, फूलचंद यादव, पूरणमल, जिला संयोजक महेश सैनी, टिंकू प्रजापति, रामसिंह, कमल यादव, चाईना चौधरी, वाइस प्रिंसिपल वनिक चौहान समेत मरीज व चिकित्सा टीम उपस्थित रही।

# 15 गांवों में होने वाले 73 नवीन संशोधित कार्यों पर चर्चा


खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने अधिकारियों की बैठक ली।

■ पीएम आदर्श ग्राम योजना को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक

खैरथल, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल में प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत 15 गांवों में होने वाले 73 नवीन संशोधित कार्यों पर विस्तार से चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सीईओ अलवर प्रतिभा वर्मा, सहायक निदेशक समाज कल्याण महेंद्र कुमार, सीएमएचओ अरविंद गेट, अधीक्षण अभियंता पीडब्लूडी बी.एल. माली, अधीक्षण अभियंता जेवीवीएनएल मनोज गंगावत, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास बीना गुप्ता आदि अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में चयनित 15 ग्रामों के 73 नवीन संशोधित कार्यों पर चर्चा की गई। समिति के सदस्य सचिव सहायक निदेशक सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग महेन्द्र कुमार ने बैठक एजेंडा के बारे में बताया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद द्वारा ग्राम विकास संशोधित वीडीपी में चिन्हित कार्यों के बारे में जानकारी दी। जिला कलेक्टर ने सभी सम्बंधित विभागों को वीडीपी में अपने विभाग के चयनित कार्यों को अवलोकन करते हुए समीक्षात्मक सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। किसी के साथ कलेक्टर ने नवीन वीडीपी तैयार करते समय अपने विभाग से सम्बंधित प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के संकेतकों में आने वाले कार्यों को प्रस्तावित कराने के निर्देश दिए।

संशोधित वीडीपी के कार्यों पर विस्तृत चर्चा के पश्चात उक्त कार्यों का समिति के द्वारा कलेक्टर की अध्यक्षता में अनुमोदन किया गया। जिसमें गांव के आधारभूत आवश्यकता पानी, बिजली, शिक्षा, साफ सफाई, सोलर स्ट्रीट लाइट, ठोस एवं द्रव पदार्थों का निपटाना, नाली निर्माण जैसे कार्यों को अनुमति दी गई।

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम राजकुमार से बदलकर राजकुमार शर्मा पुत्र श्री रामेश्वर दयाल निवासी 193, सावलिया धाम जामडोली नियर तेजाजी मन्दिर, जयसिंहपुरा खोर जयपुर रख लिया है भविष्य में मुझे राजकुमार शर्मा के नाम से जाना पहचाना जावें।

मैंने अपना नाम रमेश चंद शर्मा से बदलकर रमेश शर्मा S/o लक्ष्मी चंद शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे पता - प्लॉट - S-1/32, वैशाली एलिगेंस, गांधी पथ, जयपुर -302021(राज.)।

मैंने अपना नाम गोपाल दास से बदलकर गोपाल रामचन्दानी रख लिया है तथा भविष्य में मुझे गोपाल रामचन्दानी के नाम से जाना जाए, गोपाल रामचन्दानी पुत्र श्री नेनुमल, निवासी- प्लॉट नं- 28, सूर्य नगर, बुद्धसिंह पुरा, सांगानेर, जयपुर- 302029

मैंने विवाह पश्चात अपना नाम लीना लुहाना से बदलकर प्रांजल ज्ञानचन्दानी पत्नी श्री हरीश ज्ञानचन्दानी रख लिया है। भविष्य में मुझे प्रांजल ज्ञानचन्दानी के नाम से जाना जावे। पताः- 419, आदर्श नगर, जयपुर।

मैं, IC-64120A लेफ्टिनेंट कर्नल मानवेंद्र सिंह खंगारोत, मकान नंबर- 35, मार्ग-13, कैलाश नगर, पोस्ट-झोटवाडा, जिला-जयपुर, राज्य राजस्थान, शपथ पत्र संख्या- IN-KA41447996085217W दिनांकः 27/02/2024 के माध्यम से घोषित करता हूं कि मेरे सेवा अभिलेखों में मेरे बेटे का नाम गलती से मास्टर वीर आदित्य सिंह खंगारोत लिख दिया गया। मेरे बेटे का सही नाम वीरादित्य सिंह खंगारोत है।

I Have Changed My Name From Mahendara Choudhary to Mahendra Choudhary For All Purpose Add. Triveni Nagar Luniyawas Sewapura Jaipur Raj. 303805.

**कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) आमेर, जिला जयपुर**
क्रमांक-भू.अ./2024/1917 दिनांक-1/3/2024
**आम सूचना का नोटिस** हर आम खास को सूचित किया जाता है कि दुर्गा देवी पत्नि हनुमान सहाय जाति महाजन निवासी ग्राम आकेडा-डूंगर तहसील आमेर, जिला जयपुर द्वारा अपने जीवनकाल में स्वयं की खातेदारी में दर्ज कृषि भूमि, जो कि ग्राम आकेडा डूंगर के ख.न. 717 रकबा 0.18, 718 रकबा 0.08 कुल किता 02 कुल रकबा 0.26 हेक्टे0 में स्थित है, अपने हक हिस्सा सम्पूर्ण की एक वसीयतनामा अपने पुत्रो प्रार्थीयान रामबाबू गुप्ता, ताराचन्द गुप्ता, राजेन्द्र कुमार गुप्ता, सुरेश कुमार गुप्ता पुत्रान स्व0 श्री हनुमान सहाय गुप्ता के पक्ष में उपपंजियक जयपुर तृतीय के यहां पंजीबद्ध करवाया गया है। चूंकि वसीयतकर्ता की 14.07.2019 को मृत्यु हो चुकी है। उक्त वसीयत के आधार पर वसीयतगृहता प्रार्थीयान रामबाबू गुप्ता, ताराचन्द गुप्ता, राजेन्द्र कुमार गुप्ता, सुरेश कुमार गुप्ता पुत्रान स्व0 श्री हनुमान सहाय गुप्ता उनके पक्ष में नामान्तकरण दर्ज करने हेतु प्रस्तुत किया गया प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में विचाराधीन है। प्रकरण में यदि किसी को कोई उज-एतराज, अथवा आपत्ति हो तो, प्रकरण में नियत आगामी तारीख पेशी 15/3/2024 को न्यायालय हाजा में अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण का एकतरफा निस्तारण कर दिया जावेगा। सूचित रहे। यह नोटिस आज दिनांक 1/3/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुद्रा से जारी किया गया।
तहसीलदार (भू.अ.) तहसील आमेर

### खोया पाया

भूखण्ड संख्या 41, योजना सांवरिया रेजीडेन्सी-बी का जविप्रा द्वारा जारी पट्टा विलेख मय साईट प्लान, स्टाम्प सहित कहीं खो गये है। मिलने पर सम्पर्क करें। रूचिका वैध 9829813125

भूखण्ड संख्या 42, योजना सांवरिया रेजीडेन्सी-बी का जविप्रा द्वारा जारी पट्टा विलेख मय साईट प्लान, स्टाम्प सहित कहीं खो गये है। मिलने पर सम्पर्क करें। रूचिका वैध 9829813125

भूखण्ड संख्या 07, योजना सांवरिया रेजीडेन्सी-बी का जविप्रा द्वारा जारी पट्टा विलेख मय साईट प्लान, स्टाम्प सहित कहीं खो गये है। मिलने पर सम्पर्क करें। रूचिका वैध 9829813125

जयपुर विकास प्राधिकरण की योजना कच्ची बस्ती शास्त्री नगर शॉपिंग सेन्टर, जयपुर के भूखण्ड संख्या 11 का मूल आवंटन पत्र व भूखण्ड संख्या 10 का मूल कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सूचित करें। श्याम कुमार सैनी- मो. नं. 9829068301

Original Allotment Letter be longing to Pushpendra Jain R/o Duplex House-263/828, Seet-26, Pratap Nagar, Jaipur-302033 have been lost. FIR has been lodged, vide L.R.No. 2105812/2024. dt.11 Mar. 2024. Finder send to above address & may In form on 7018296147

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 31/2023
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री दिनेश कुमार गर्ग पुत्र श्री हरी प्रसाद गर्ग 83/182 सेक्टर नं. 8 चेतक मार्ग, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर 302033 (राज) ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत अग्रवाल समाज सेवा समिति प्रताप नगर सांगानेर, 83/182, प्रताप नगर सांगानेर जयपुर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 29/1/24 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 4/4/24
मोहर अदालत
आकाश रंजन (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 108/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री रमेश कुमार बंसल पुत्र श्री पृथ्वी राज निवासी 12, ऋषि उद्यान, आनासागर झील, पुष्कर रोड अजमेर राजस्थान 305001 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत स्वामी आत्मानन्द वैदिक गुरुकुल प्रन्यास पत्ता प्लॉट नं. डी-462 सिद्धार्थ नगर, गेटोर जगतपुरा रोड मालवीय नगर जयपुर राजस्थान 302017 ने राजस्थान के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जाच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 11/3/24 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 20/5/24
मोहर अदालत
आकाश रंजन (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

**कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड जयपुर-302015, राजस्थान)
क्रमांक :- ज.स.अ./2023/440 दिनांक :- 05/03/2024
**बोली सूचना संख्या 05/2023-24 (मुख्यालय) नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
केन्द्र एंव राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत ठेकेदार, मैन्युफेक्चरिंग अथवा अधिकृत सप्लायर एंव नगर निगम ग्रेटर जयपुर के पंजीकृत बोलीदाताओ से स्वास्थ्य स्टोर, नगर निगम ग्रेटर जयपुर मुख्यालय द्वारा सफाई कार्य हेतु सफाई सामग्री डस्टबिन एंव सफाई कर्मचारियो के लिये रिफलेक्टर जैकेट आपुर्ति करने के लिये बोलीयां आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http;//sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है। UBN No. JMC2324GLOB01695 है।
मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी
(प्रभारी अधिकारी स्वास्थ्य स्टोर)
राज.संवाद/सी/23/14586

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता (सिविल लाईन जोन) नगर निगम जयपुर हैरिटेज**
(साईन्स पार्क के पास, शास्त्री नगर, जयपुर)
क्रमांक :- एफ-29( ) अ.अ.सि.ला.जोन/23-24/553 दिनांक :- 04/03/2024
**ई-निविदा सूचना संख्या 70 से 72/2023-24**
केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभागों में पंजीकृत "एए","ए" व अन्य उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न विकास कार्यो की निविदां आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण राज्य सरकार के ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in तथा नगर निगम जयपुर हैरिटेज की Web Site www.jaipurmcheritage.org पर देखी व Download की जा सकती है तथा निर्धारित अवधि तक ई–प्रोक्योमेंट वेब पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकेगीं। SPPP portal UBN No. JMC2324WSOB01692 To JMC2324WSOB01694
अधिशाषी अभियन्ता, सिविल लाईन जोन
नगर निगम जयपुर हैरिटेज
राज.संवाद/सी/23/14651


पढ़ने के इच्छुक गरीब छात्रों के लिए मुफ्त शिक्षा

Aim for seva पिछले 15 वर्षों से जयपुर एवं Udaipur में, पढ़ने के इच्छुक गरीब छात्रों के लिए मुफ्त रहने, खाने, पढ़ने की सुविधा है नये शिक्षा सत्र में Admission के लिए कृपया नीचे दिए गूगल फार्म लिंक में registration कराये। https://aimforseva.in/


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)
IDFC FIRST Bank
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022
अधिकृत अधिकारी- सरदीप राठौड, संपर्क नम्बर-9887772255 ई-मेल-sardeep.rathore@idfcbank.com
विधि अधिकारी- आंचल शर्मा, संपर्क नम्बर-7737204242 ई-मेल आईडी-aanchal.sharma@idfcbank.com

**परिशिष्ट-IV-ए**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना**
वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना/एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से ऋणग्रहिता (ओं) व जमानती (यों) को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियाँ सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा आईडीएफसी बैंक लि. अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 16.04.2024 को "जहाँ है जैसी है" "जो कुछ है यह हैं" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड) के खाता संख्या 10050487817 में 28.06.2021 को बकाया रूपये 1,12,51,792/- की सुनीता गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, अलोक गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता द्वारा समृद्धि इन्फ्रा, अलोक गुप्ता द्वारा एग्रो फैब ऋणग्रहिता (ओं) एवं सह-ऋणग्रहिता (ओं) से वसूली के लिये की जायेगी।

**ऑक्शन स्टेट्स**

| | |
|---|---|
| सम्पत्ति का विवरण | रिहायशी सम्पत्ति फ्लैट नं. 411 और 412, चौथी मंजिल, ब्लाक-1, अथैना अपार्टमेन्ट, प्लाट नं.सी-2, सवाई जयसिंह हाईवे, बनीपार्क, जयपुर-302016, जहाँ फ्लैट नं.411 अनुमानित क्षेत्रफल 150.18 वर्गफिट, तथा फ्लैट नं. 412 अनुमानित क्षेत्रफल 1340.31 वर्ग फिट, रिजर्व कार पार्किंग नं. 46 एवं 47, स्टिलट फ्लोर में, का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-कोरीडोर, पश्चिम-खुला, दक्षिण-लिफ्ट, उत्तर-खुला |
| आरक्षित मूल्य | रूपये 1,21,10,215/- (रूपये एक करोड इक्कीस लाख दस हजार दौ सौ और पन्द्रह मात्र) |
| बयाना राशि जो जमा होगी | रूपये 12,11,021.5/- (रूपये बारह लाख ग्यारह हजार इक्कीस और पैसा पचास मात्र) |
| सम्पत्ति के निरीक्षण का दिन व समय | 09.04.2024 प्रात 11.00 से सायं 4.00 तक |
| बोली प्रस्तुत करने / बयाना राशि जमा कराने की अंतिम तिथि | 15.04.2024 सायं 5.00 तक |
| नीलामी की तिथि एवं समय | 16.04.2024 प्रात 11.00 से दिन में 1.00 तक |

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिए कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक को देखें अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC
**अस्वीकरण**- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।
दिनांक- 11.03.2024
स्थान - जयपुर
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

## डबल इंजन सरकार का संकल्प

# मोदी की गारंटी
## भजनलाल सरकार कर रही साकार

"युवाओं के व्यक्तित्व विकास में खेलों का अत्यधिक महत्व है। राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं के लिए उच्च स्तरीय सुविधाएं व प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर प्रदेश को खेलों में सिरमौर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।"

भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री, राजस्थान



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# राजस्थान के नौजवान खेलों में रचेंगे कीर्तिमान

## खेल सुविधाओं के नये युग की हो रही शुरुआत

प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं को ओलंपिक के लिए विश्वस्तरीय ट्रेनिंग/किट/कोच उपलब्ध करवाने हेतु **मिशन ओलंपिक 2028** शुरू होगा और नवीन खेल नीति बनाई जाएगी।

निजी क्षेत्र में करियर निर्माण के लिए युवाओं के मार्गदर्शन हेतु प्रदेश के समस्त संभाग मुख्यालयों पर **"युवा साथी केंद्र"** होंगे स्थापित।

**जयपुर, भरतपुर एवं उदयपुर** में आवासीय बालिका खेल संस्थान होंगे स्थापित।

प्रदेश में **राजस्थान एडवेंचर स्पोर्ट्स अकादमी** की स्थापना होगी।

प्रत्येक वर्ष **खेलो इंडिया यूथ गेम्स** की तर्ज़ पर **खेलो राजस्थान गेम्स** का आयोजन होगा।

प्रत्येक संभाग स्तर पर आवश्यकतानुसार **खेल विश्वविद्यालय** की होगी स्थापना।

जयपुर में **सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फोर स्पोर्ट्स** होगा स्थापित। **₹ 100 करोड़** का प्रावधान।

प्रदेश में सभी ब्लॉकों में **खुशी राम बास्केटबॉल अकादमी** की स्थापना की जाएगी।

राजस्थान संवाद

## आपणो अग्रणी राजस्थान

युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान



मैने अपनी टीम के साथ पूरे टूर्नामेंट के लिए तैयारी की थी। अब बस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए एक और मैच बाकी है, मुझे पूरी उम्मीद है कि उस मैच में मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगा। -निशांत देव

भारतीय मुक्केबाज, पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल न होने पर बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ रोहित शर्मा



**हिटमैन** के नाम से मशहूर रोहित शर्मा आईपीएल इतिहास के संयुक्त रूप से सबसे सफल कप्तान हैं। उनकी कप्तानी में मुंबई इंडियंस (एमआई) ने कुल पांच ट्रॉफी अपने नाम कीं। हालांकि, रोहित आईपीएल 2024 में सिर्फ बतौर खिलाड़ी मैदान पर उतरेंगे। 22 मार्च से शुरू होने जा रहे 17वें सीजन में एमआई की कमान ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या संभालेंगे। आगामी सीजन से पहले भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले ने एक खुलासा किया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

## मैक्कुलम ने स्वीकारा- भारत ने बैजबॉल की पोल खोली

नई दिल्ली, 11 मार्च। भारत से 5 टेस्ट की सीरीज हारने के बाद इंग्लिश कोच ब्रेंडन मैक्कुलम स्वीकार किया है कि भारत ने इंग्लैंड की बैजबॉल शैली की पोल खोलकर रख दी है। इंग्लिश कोच ने सीरीज के बाद द टेलीग्राफ में अपने कॉलम में लिखा कि भारत ने इंग्लैंड में खामियां उजागर कीं, जिससे उन्हें डरपोक क्रिकेट खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा वे कहते हैं कि 4-1 से हार के बाद सुधार और कुछ कठिन बातचीत एजेंडे में होंगी। 42 साल के इस पूर्व कीवी क्रिकेटर ने कहा- जैसे-जैसे सीरीज आगे बढ़ी, मेहमान अधिक ''डरपोक'' हो गए। जब आपके साथ ऐसा कुछ होता है, तो एहसास होता है कि हमें सुधार की जरूरत है। आने वाले कुछ महीनों में हम इस पर काम करेंगे। हम सुनिश्चित करेंगे कि जब अगली बार भारत जाएं तो बिल्कुल अलग हों। न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज ने मैच के बाद मीडिया से कहा था- सीरीज के अंत में हममें कॉन्फीडेंस की कमी थी, क्योंकि रोहित शर्मा की टीम इंडिया ने मेहमानों पर काफी दबाव बना दिया था। जैसे-जैसे सीरीज आगे बढ़ी, हम और अधिक डरपोक हो गए और यह उस दबाव के कारण था, जो भारतीय लाइन-अप द्वारा हम पर डाला गया था, न कि केवल गेंद से। बल्ले से, उन्होंने हमें जबरदस्त दबाव में रखा दबाव का भी।

## इंटरनेशनल रेसिंग चैम्पियनशिप के लिए होंडा ने घोषित किये राइडर

गुरूग्राम, 11 मार्च। होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने 2024 सीज़न के लिए सोमवार को अपने इंटरनेशनल रेसिंग स्क्वैड की घोषणा की। इंटरनेशनल रेसिंग सर्किट पर अपने कौशल के प्रदर्शन के लिए तैयार, आईडेमित्सु होण्डा रेसिंग इंडिया के चार राइडर, 2024 एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप (एआरआरसी), थाईलैण्ड टैलेंट कप (टीटीसी) और एशिया टैलेंट कप में एशिया के शीर्ष पायदान के प्रतिस्पर्धियों के साथ मुकाबला करेंगे। 2024 एआरआरसी सीज़न के एपी250सीसी क्लास के लिए एकमात्र भारतीय दल- आईडेमित्सु होण्डा रेसिंग इंडिया की टीम में प्रतिभाशाली युवा कवीन समार क्विंटल शामिल हैं, जो होण्डा इंडिया टैलेंट कप 2023 के मौजूदा चैम्पियन हैं। 2023 एआरआरसी में प्रतिस्पर्धा के बाद, वे 37 विश्वस्तरीय प्रतियोगितयों में 16वें स्थान पर हैं। उन्होंने एशिया टैलेंट कप 2022 का प्रतिनिधित्व भी किया था। उनके साथ होण्डा इंडिया टैलेंट कप 2023 के सैकण्ड रनर-अप मोहसीन परामबन होंगे, जिन्होंने 2023 एआरआरसी में होण्डा रेसिंग इंडिया का प्रतिनिधित्व किया और 37 प्रतियोगियों में 30वें स्थान पर रहे।

# मुंबई रणजी फाइनल में 260 रन से आगे

## दूसरी पारी में स्कोर 141/2, रहाणे-मुशीर फिफ्टी बनाकर नाबाद

### विदर्भ पहली पारी में 105 रन पर ऑलआउट



नई दिल्ली, 11 मार्च। 41 बार की चैंपियन मुंबई ने रणजी ट्रॉफी 2023-24 के फाइनल में विदर्भ के खिलाफ 260 रनों की बढ़त हासिल कर ली है। टीम ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में दो विकेट पर 141 रन बना लिए हैं। कप्तान अजिंक्य रहाणे 58 और सरफराज खान के भाई मुशीर खान 51 रन बनाकर नाबाद लौटे।दोनों के बीच नाबाद 107 रन की साझेदारी को चुकी है।

वानखेड़े स्टेडियम में सोमवार को विदर्भ ने 31/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया और पहली पारी में महज 105 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले, रविवार को विदर्भ ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी और मुंबई ने पहले बैटिंग करते हुए पहली पारी में 224 रन बनाए।

दूसरी पारी में मुंबई को शुरुआती झटके लगे। ओपनर पृथ्वी शॉ 11 और भूपेन लालवानी 18 रन बनाकर आउट हुए। विदर्भ की ओर से अब तक यश ठाकुर और हर्ष दुबे को एक-एक विकेट मिला। विदर्भ को पहला झटका ध्रुव शोरे के रूप में लगा। वे बिना खाता खोले आउट हुए। टीम का दूसरा विकेट 20 रन के स्कोर पर गिरा। यहां अमन मोखड़े 8 रन बनाकर आउट हुए। करुण नायर भी खाता नहीं खोल सके। टीम एक लिए सबसे ज्यादा 27 रन यश राठौड़ ने बनाए। उनके अलावा, अथर्व तायड़े ने 23 और आदित्य ठाकरे ने 19 रन बनाए। मुंबई की ओर से धवल कुलकर्णी, शम्स मुलानी और तनुष कोटियन ने तीन-तीन विकेट लिए। एक विकेट शार्दुल ठाकुर को भी मिला।

मुंबई की ओर से पहली पारी में शार्दूल ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन किया। मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे और श्रेयस अय्यर दोनों फेल रहे। शार्दूल ने 75 रन की पारी खेली। इस दौरान आठ चौके और तीन छक्के लगाए। उनके अलावा पृथ्वी शॉ ने 46 रन बनाए। भूपेन लालवानी ने 37 रन का योगदान दिया। इन तीनों के अलावा कोई अन्य बड़ी पारी नहीं खेल पाया। रहाणे और अय्यर ने 7-7 रन बनाए। विदर्भ के लिए यश ठाकुर और हर्ष दुबे ने 3-3 विकेट लिए। उमेश यादव ने दो विकेट झटके। आदित्य ठाकरे को भी एक विकेट मिला।

# खेल सकते हैं ऋषभ पंत : शाह

### विकेटकीपिंग की तो वर्ल्ड कप टीम में भी मिल सकता है मौका

नई दिल्ली, 11 मार्च। सचिव जय शाह ने इंडियन प्रीमियर लीग और टी-20 वर्ल्ड कप से पहले खिलाड़ियों से जुड़े कई अपडेट्स दिए हैं। उन्होंने विकेटकीपर ऋषभ पंत और केएल राहुल के भारतीय लीग से मैदान पर वापसी की बात कही। साथ ही मोहम्मद शमी के टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने की जानकारी दी।

शाह ने इंडियन प्रीमियर लीग में विदेशी निवेश की सूचनाओं को भी खारिज किया। वे सोमवार को मीडिया से चर्चा कर रहे थे। पंत साल 2022 में कार दुर्घटना का शिकार हुए थे, जबकि मोहम्मद शमी की चोट वनडे वर्ल्ड कप और केएल राहुल की इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान उभरी। दोनों में रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं।

पंत वापसी के लिए तैयार हैं बीसीसीआई सचिव ने ऋषभ पंत पर की चोट से उबरने और खेल में वापसी पर जानकारी दी। उन्होंने कहा पंत आईपीएल में वापसी के लिए तैयार हैं। पंत दिसंबर 2022 में एक भीषण कार दुर्घटना के बाद से खेल से दूर हैं। शाह ने कहा- वे अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं, वे अच्छी कीपिंग भी कर रहे हैं। हम जल्द ही उसे फिट घोषित कर देंगे। अगर वे टी20 वर्ल्ड कप खेल सकें तो यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात होगी। वह हमारे लिए एक अहम खिलाड़ी है। शाह ने कहा, अगर वह कीपिंग कर सके तो वह वर्ल्ड कप खेल सकते हैं। देखते हैं कि वह आईपीएल में कैसा प्रदर्शन करते हैं। बांग्लादेश के खिलाफ होम सीरीज से शमी की वापसी संभव शाह ने बताया कि शमी सितंबर महीने बांग्लादेश के खिलाफ 3 टेस्ट और 3 टी20 इंटरनेशनल मैचों की होम सीरीज से वापसी कर सकते हैं। उन्होंने कहा- शमी की सर्जरी हो गई है, वे भारत वापस आ गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ होम सीरीज के लिए शमी की वापसी की संभावना है।

राहुल से वापसी कर सकते हैं राहुल दाहिने क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियां) में दर्द की शिकायत के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के आखिरी चार मैच नहीं खेल पाए थे। लंदन में इलाज कराने के बाद उनके में लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलने की उम्मीद हैं। लोकेश राहुल को इंजेक्शन की जरूरत थी, उन्होंने रिहैब (चोट से उबरने की प्रक्रिया) शुरू कर दिया है और एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में हैं।

इंडियन प्रीमियर लीग में विदेशी निवेश नहीं इंडियन प्रीमियर लीग में विदेशी निवेश के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह संभव नहीं है, क्योंकि कंपनी नहीं सोसाइटी है। उन्होंने कहा- सोसाइटी है और कोई इस में निवेश नहीं कर सकता है। पिछले साल खबर आई थी कि सऊदी अरब की नजर आईपीएल में अरबों डॉलर के निवेश पर है। भारत में पंजीकृत सोसायटी केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी के बिना विदेशी निवेश स्वीकार नहीं कर सकती है।

## हॉकी इंडिया ने पुरुष हॉकी प्रशिक्षण शिविर के लिए 28 सदस्यों की घोषणा की

नई दिल्ली, 11 मार्च। हॉकी इंडिया ने मंगलवार से 30 मार्च तक भुवनेश्वर में होने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए 28 सदस्यीय कोर संभावित समूह की आज घोषणा की। पेरिस ओलंपिक 2024 की तैयारियों के तहत टीम को बेहतर बनाने के लिए उद्देश्य से भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में शिविर आयोजित किया जा रहा है। पुरुष हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में सफल प्रदर्शन के बाद शिविर में लौट आई है, जहां वे भुवनेश्वर और राउरकेला चरण में आठ मैचों में 15 अंक हासिल करने के बाद वर्तमान में तीसरे स्थान पर हैं। लीग 22 मई को बेल्जियम के एंटवर्प में फिर से शुरू होगी। राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के मुख्य समूह में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा और रक्षकों हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और अमीर अली शामिल हैं। शिविर में बुलाए गए मिडफील्डरों में मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह शामिल हैं।

### लिटन दास ने बल्लेबाज को इस तरह किया रन आउट

## धोनी की करामात भी पड़ गई फीकी

नई दिल्ली, 11 मार्च। बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच खेली गई तीन मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में एक समय ऐसा भी आया, जब हर किसी को एमएस धोनी की याद आ गई। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि लिटन दास ने बड़े ही खतरनाक अंदाज में एक रन आउट किया। एमएस धोनी भी उस रन आउट को देखकर शायद यही कहेंगे कि वाह क्या बात है। दरअसल, बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच खेली गए तीसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में जब श्रीलंका की टीम बल्लेबाजी कर रही थी तो आखिरी ओवर में आखिरी गेंद पर लिटन दास ने दसुन शनाका को रन आउट कर दिया।

## रामबाग गोल्फ क्लब में बैंक बड़ौदा कॉर्पोरेट लीग सम्पन्न



जयपुर, 11 मार्च। जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में बैंक बड़ौदा रामबाग गोल्फ क्लब कॉर्पोरेट लीग का तीसरा संस्करण और रेगुलर कॉर्पोरेट लीग का 10वां संस्करण सम्पन्न हुआ। इस लीग के एलीट ग्रुप में टीम राज्जास विजेता रही और रॉयल गोल्फर्स उपविजेता टीम रही। इसी ग्रुप में द्वितीय रनर-अप टीम ग्लोबल गोल्फर्स और टीम बैंक ऑफ बड़ौदा तृतीय रनर-अप रही। वहीं प्लेट ग्रुप में टीम आरएसपीएल ब्रेवहार्ट गोल्फर्स विजेता रही व टीम व्हाईट ऑक ट्रेलब्लेजर्स उपविजेता रही।

पुरस्कार वितरण समारोह में विजेताओं व उप-विजेताओं को मुख्य अतिथि अधिशाषी निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा, अजय कुमार खुराणा; रामबाग गोल्फ क्लब के कप्तान व उपरोक्त कॉर्पोरेट लीग के चैयरमेन शिरिष सचेती; बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य महाप्रबन्धक मनमोहन गुप्ता और महाप्रबन्धक एवं जोनल हैड एच.टी. सोलंकी द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के पूर्व अधिशाषी निदेशक विक्रमादित्य सिंह खींची और मैनेजिंग कमेटी मैम्बर संजीव चौधरी भी मौजूद रहे। एलीट ग्रुप की विजेता टीम राज्जास ने 2,50,000 रुपए के ईनामी वाउचर जीते, वहीं उपविजेता टीम रॉयल गोल्फर्स को 1,75,000 रुपए की राशि के वाउचर्स प्रदान किए गए। इसी प्रकार इसी ग्रुप में द्वितीय रनर-अप टीम ग्लोबल गोल्फर्स को 1,25,000 रुपए व तृतीय रनर-अप टीम बैंक ऑफ बड़ौदा को 50,000 रुपए का वाउचर पुरस्कार के रूप में मिला।

राजधानी

# अमृतसर-जामनगर इकॉनोमिक कॉरिडोर के दो खण्डों का उद्घाटन

**जयपुर/अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को हरियाणा के गुरूग्राम में आयोजित कार्यक्रम से अमृतसर-जामनगर इकॉनोमिक कॉरिडोर के 6-लेन एक्सेस नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग खण्ड के 53.3 किलोमीटर लम्बाई के दो खण्डों का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अयोध्या स्थित एक होटल से इस कार्यक्रम में वीडियो कांन्फ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि अमृतसर-जामनगर इकॉनोमिक कॉरिडोर के विकास से राजस्थान और विशेषकर सीमावर्ती जिलों गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, जोधपुर, बाड़मेर तथा जालौर जिलों की पंजाब और गुजरात के प्रमुख औद्योगिक शहरों एवं बंदरगाह से सीधी कनेक्टिविटी स्थापित होगी। इस कॉरिडोर के विकास से औद्योगिक विकास के साथ पर्यटन एवं निर्यात को बढ़ावा मिलेगा तथा रोजगार के नये अवसर पैदा होंगें।

डबवाली (सिरसा)-पीलीबंगा (हनुमानगढ़) के 2 पैकेजों का लोकार्पण भी किया गया। यह 917 किलोमीटर लम्बा एक्सेस नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग लगभग 22 हजार 500 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जा रहा है। जिसका लगभग 637 किलोमीटर हिस्सा राजस्थान के कई जिलों से होकर गुजर रहा है। इस परियोजना के 23 पैकेज प्रदेश में है। जिनमें से 502 किलोमीटर लम्बा के 18 पैकेज राष्ट्र को पूर्व में समर्पित किये जा चुके है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज इस परियोजना के लगभग 53 किलोमीटर लम्बा के 1799 करोड़ रुपए की लागत के 2 पैकेजों डबवाली (सिरसा)-पीलीबंगा (हनुमानगढ़) का उद्घाटन किया।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अयोध्या से वीडियो कांन्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में जुड़े।

आरआईसी में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि अमृतसर-जामनगर इकनोमिक कोरिडोर के विकास से सम्पूर्ण प्रदेश और विशेषकर राज्य के सीमावर्ती जिलों के आर्थिक विकास के नये अवसर खुलेगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, जोधपुर, बाड़मेर तथा जालौर जिलों की पंजाब और गुजरात के प्रमुख औद्योगिक शहरों एवं बंदरगाह से सीधी कनेक्टिविटी स्थापित होगी।

### प्रभावी पैरवी के लिए किया आश्वस्त

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट में सरकारी वकीलों की ओर से राज्य सरकार से जुडे मामलों में प्रभावी पैरवी नहीं करने से जुड़े मामले में अदालती आदेश की पालना में प्रमुख पंचायती राज सचिव आशुतोष पेडणेकर और दौसा जिला परिषद के सीईओ दिनेश कुमार शर्मा वीसी के जरिए पेश हुए। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने सुनीता शर्मा व अन्य की याचिका में जवाब पेश नहीं होने पर दोनों अधिकारियों को तलब किया था।

प्रमुख पंचायत राज सचिव ने अदालत को आश्वस्त किया कि भविष्य में विभाग की ओर से अदालतों में प्रभावी पैरवी की जाएगी और सरकारी वकीलों की नियुक्ति जल्द हो जाएगी।



राज्यपाल कलराज मिश्र से सोमवार को राजभवन में पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया और राजेन्द्र सिंह यादव ने भेंट की। राज्यपाल से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

# सभी राजनैतिक दलों को समान अवसर सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश

**जयपुर**, (का.सं.)। आगामी लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के मद्देनजर, भारत निर्वाचन आयोग ने आज राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में तैनात किए जाने वाले पर्यवेक्षकों के लिए एक ब्रीफिंग का आयोजन किया। इसमें 2150 से अधिक वरिष्ठ आईएएस, आईपीएस अधिकारियों के साथ-साथ भारतीय राजस्व सेवा और कुछ अन्य केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हाइब्रिड मोड में आयोजित की गई थी, जिसमें कुछ अधिकारी संबंधित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालयों से वर्चुअली शामिल हुए। आगामी चुनाव में लगभग 900 सामान्य पर्यवेक्षक, 450 पुलिस पर्यवेक्षक और 800 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये जा रहे हैं। राजस्थान में आज 85 पर्यवेक्षकों ने इस ब्रीफिंग सत्र में वर्चुअली भाग लिया।

पर्यवेक्षकों को उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने उन्हें स्वतंत्र, निष्पक्ष, समान अवसर सुनिश्चित करने के साथ ही भय और प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने के निर्देश दिए। सीईसी ने जोर देकर कहा कि पर्यवेक्षकों के रूप में आयोग के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की जाती है कि वे स्वयं आदर्श रूप से आचरण करें और उम्मीदवारों सहित सभी हितधारकों के लिए उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षकों से क्षेत्र में अपने आचरण में सख्त लेकिन व्यवहार में विनम्र रहने की अपेक्षा की जाती है। उन्होनें ये भी कहा कि पर्यवेक्षक मतदान केंद्रों का दौरा करें, वहां के भूगोल से परिचित हों और संवेदनशील क्षेत्रों की पूर्ण जानकारी लें।



आगामी लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के मद्देनजर, भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में तैनात किए जाने वाले पर्यवेक्षकों के लिए एक ब्रीफिंग का आयोजन किया।

■ **'प्रलोभन, दबाव, धमकी से मुक्त चुनाव कराने के लिए सुरक्षा बलों एवं मतदान कर्मियों की तैनाती एवं ईवीएम मशीनों का रैंडमाइजेशन सुनिश्चित किया जाए'**

कुमार ने यह भी उल्लेख किया कि आयोग ने सभी परिपत्रों को फिर से तैयार किया है, ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध मैनुअल, हैंडबुक को भी खोजने योग्य और पढ़ने में आसान प्रारूप में अपडेट किया गया है। उन्होंने कहा कि हैंडबुक और मैनुअल विभिन्न अधिकारियों की भूमिकाओं और कार्यों के आधार पर तैयार किया गया है इनमें चैकलिस्ट के तौर पर ये भी दर्शाया गया है कि क्या करें और क्या न करें।

बैठक के दौरान सभी पर्यवेक्षकों को आयोग की विभिन्न नवाचारों के बारे में बताया गया ताकि वे कार्य की संवेदनशीलता को बेहतर समझ सकें।

# पेयजल संकट से बचाव के लिए 320 करोड़ की वित्तीय मंजूरी

**जयपुर**, (का.सं.)। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के द्वारा आगामी गर्मियों में प्रदेशवासियों के लिए पेयजल व्यवस्था को पुख्ता बनाये रखने के लिए पेयजल एवं पेयजल संबंधित आकस्मिक (कंटीजेंसी ) कार्यों हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की विभिन्न पत्रावलियों पर लगभग 320 करोड़ रूपये की वित्तीय सहमतियां प्रदान की गई हैं। उक्त आधार पर जलदाय विभाग अब स्थानीय कंटीजेंसी प्लान बना सकेगा। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्रीष्म काल में आमजन को, खासकर महिलाओं को पेयजल के लिए जूझना पड़ता है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को पेयजल के लिए भटकना न पड़े और उन्हें आसानी से पेयजल उपलब्ध हो सके, इस बात का विशेष ध्यान रखते हुए उक्त वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

दिया कुमारी ने बताया कि उक्त सहमतियों से टैंकरों द्वारा पेयजल आपूर्ति, हैंडपम्प मरम्मत अभियान हेतु किराये के वाहन एवं संविदा श्रमिकों, ट्यूबवैल, नहरबंदी के दौरान पेयजल व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित रखने के लिए आवश्यक कार्य तथा इसी प्रकार के अन्य कार्य किए जा सकेंगे।गर्मियों को देखते हुए पेयजल संकट होने की स्थिति में राहत पहुंचाने के लिए जिला कलेक्टर्स को भी 50 लाख रूपये प्रति जिला सहमति दी गई है। उक्त अनुसार जिलों में पेयजल से संबंधित आपातकालीन कार्यों हेतु 25 करोड़ रूपये की राशि की वित्तीय सहमति प्रदान की गई है।ग्रामीण क्षेत्रों में 8237 लाख रूपये तथा शहरी क्षेत्रों में 4335.75 लाख रूपये की राशि पेयजल परिवहन के लिए वित्त विभाग की ओर से वित्तीय सहमति दी गई है।

### अभियुक्त जीवाणु को 10 साल की सजा

**जयपुर**, (का.सं.)। जिले के सत्र न्यायालय ने नाबालिग से छेडछाड की घटना की सूचना पर मौके पर कार्रवाई के लिए पुलिसकर्मी की हत्या करने के आशय से उसके सिर पर चोट मारने वाले अभियुक्त सिकंदर उर्फ जीवाणु को दस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 11 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अभियुक्त जीवाणु को पूर्व में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा मिल चुकी है। अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक राघवेन्द्र पारीक ने अदालत को बताया की 13 नवंबर, 2017 को कांस्टेबल सूरत सिंह ने भट्टा बस्ती थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मंत्रियों व विधायकों के साथ रामलला के दर्शन किए

अयोध्या/जयपुर, 11 मार्च (का.सं.)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को अपने मंत्रिपरिषद् के सदस्यों और विधायकों के साथ अयोध्या पहुंचे। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह उनकी पहली अयोध्या यात्रा थी। मुख्यमंत्री ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर में रामलला के दर्शन किए और पूजा अर्चना कर देश- प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राम हमारी आस्था के केन्द्र हैं, पहले अयोध्या में टैंट में विराजमान रामलला के दर्शन किए थे, अब इस भव्य और दिव्य मंदिर में भगवान के दर्शन करना अभिभूत करने वाला है। रामलला के दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री ने मंत्रियों, विधायकों, अधिकारियों एवं अन्य सहयोगियों के साथ जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ तस्वीरें खिंचवाई और राम मंदिर निर्माण कार्य सें जुड़े श्रमिकों और कारीगरों से भी बात की।

अयोध्या पहुंचते ही, मुख्यमंत्री शर्मा दशरथ कुंड में अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर की ओर से आयोजित सरस्वती देवी शिव किशन दम्मानी भवन के भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन की पूर्णाहुति में हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा, रामभक्त के तौर पर उन्हें भी राम जन्मभूमि आंदोलन में योगदान देने का अवसर मिला था। उन्होंने आंदोलन के अनुभव भी साझा किए। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में अध्यात्म और सांस्कृतिक क्षेत्र के विकास कार्यों को समर्पण के साथ पूरा करवा रहे हैं।

मुख्यमंत्री शर्मा ने राज्य सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा 3,000 वरिष्ठ तीर्थयात्रियों को अयोध्या की यात्रा करवाई जा रही है। जयपुर से अयोध्या के लिए विशेष विमान सेवा शुरू की गई है। राजस्थान के सात संभाग मुख्यालयों से श्री रामलला के दर्शन हेतु राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बसें चलाई हैं।

मुख्यमंत्री ने माहेश्वरी समाज की परोपकार भावना की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज सदैव ही मानव कल्याण की संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करता रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि माहेश्वरी समाज की ओर से अयोध्या में बनने जा रहा यह भवन श्रद्धालुओं को उत्तम सेवाएं प्रदान करेगा।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविन्दगिरि महाराज ने मुख्यमंत्री शर्मा और उनके मंत्रिपरिषदीय सदस्यों के अयोध्या आगमन को सुखद बताते हुए कहा कि ऐसा लग रहा है जैसे पूरा राजस्थान ही राम की पूजा करने आया है। स्वामी श्रीधराचार्य ने भी कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए इस सामाजिक कार्य की पहल की सराहना की। अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर के अध्यक्ष रामकुमार भूतड़ा ने दशरथ कुण्ड में बनने जा रहे भवन और माहेश्वरी समाज की ओर से संचालित सेवा कार्यों एवं सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने भूमि के लिए दान देने वाले भामाशाह और प्रसिद्ध उद्यमी राधाकृष्ण दम्मानी का आभार भी प्रकट किया। इस दौरान विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उत्तर प्रदेश विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना, केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, राजस्थान सरकार के मंत्री, सांसद सी.पी. जोशी, सांसदगण, विधायक-गण, मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित वरिष्ठ अधिकारीगण, समाजसेवी एवं गणमान्यजन उपस्थित थे।



*अयोध्या में भगवान रामलला के दर्शन के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को अपने मंत्रिपरिषद् के सदस्यों और विधायकों के साथ वापस जयपुर लौटे तो समर्थकों ने उनका एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया।*

- **रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अयोध्या गए मु.मंत्री शर्मा।**
- **दर्शन कर भावुक हुए मुख्यमंत्री शर्मा बोले, पहले टैंट में देखा था, अब भव्य मंदिर में दर्शन कर अभिभूत हैं।**
- **मुख्यमंत्री के साथ मुख्य सचिव सुधांश पंत, उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा और केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी भी थे।**

## सी.ए.ए. के क्रियान्वयन पर सवाल उठाया कांग्रेस ने

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 मार्च। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने चुनाव से पहले सिटीज़न शिप अमेंडमैंट एक्ट के नियम जारी करने के लिए मोदी सरकार की कड़ी आलोचना की और कहा कि यह कदम चुनावों में खासकर पश्चिम बंगाल ओर असम के चुनावों में मतों के ध्रुवीकरण के लिए उठाया गया है।

उन्होंने कहा कि ऐसा भी लगता है कि चुनावी बॉण्ड पर एस.बी.आई. पर दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को मिल रही सुर्खियों को मैनेज करने के लिए भी यह कदम उठाया गया है।

- **कांग्रेस के प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा कि, एक्ट 2019 में पारित हुआ था, तब से सरकार नियम बनाने के लिए बार-बार टाइम बढ़ाती रही और वोटों का ध्रुवीकरण करने के लिए चुनाव से पहले कानून का क्रियान्वयन किया गया है।**

उन्होंने कहा कि 2019 में बिल पारित होने के बाद सरकार को नियम अधिसूचित करने में 4 साल 3 महीने लग गए।

जयराम ने कहा कि प्रधानमंत्री दावा करते हैं कि उनकी सरकार बिज़नैस की तरह और नियमित समयावधि में काम करती है। लेकिन सी.ए.ए. के नियमों को अधिसूचित करने में जो समय लगा उससे स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री झूठ बोलते है। उन्होंने बताया कि चुनाव से ठीक पहले नियम जारी करने के लिए नियम तैयार करने की अवधि नौ बार बढ़ाई गई।

# चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

## सुप्रीम कोर्ट याचिका को तत्काल विचार हेतु सूचीबद्ध करने के लिए सहमत हुआ

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 मार्च। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि, वह 2023 में पारित कानून के अनुसार केन्द्र सरकार को नये चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने से रोकने वाली याचिका जल्दी सुनवाई करने के लिए सूचीबद्ध कराने पर विचार करेगा, क्योंकि 2023 में बने कानून को पहले ही शीर्ष अदालत में चुनौती दी है।

- **मध्य प्रदेश की कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने यह याचिका दायर की थी। उनके वकील एडवोकेट विकास सिंह और वरूण ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट से याचिका पर शीघ्र विचार करने का अनुरोध किया, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने मान लिया है।**

देश के चुनाव आयोग में चुनाव आयुक्तों के दो पद रिक्त हुए हैं, एक पद चुनाव आयुक्त अरूण गोयल के द्वारा पद से इस्तीफा देने के कारण व दूसरा अनुप चन्द्र पाण्डेय की सेवानिवृत्ति होने से। मामले की सुनवाई तत्काल व सूचीबद्ध करने के लिए कांग्रेसी नेता जया ठाकुर की ओर से कोर्ट में पैरवी के लिए उपस्थित वरिष्ठ वकील विकास सिंह व वकील वरूण ठाकुर ने अनुरोध किया। स्थानीय कांग्रेस नेता ने मुख्य चुनाव आयुक्त व अन्य चुनाव आयुक्तों की (नियुक्ति, सेवा की शर्तें व पदों के कार्यकाल) अधिनियम, 2023 के प्रावधानों को कोर्ट में चुनौती दी है।

कांग्रेसी नेता ठाकुर ने अपने आवेदन में कोर्ट को सूचित किया कि उनकी याचिका के लम्बित रहने के दौरान, 12 जनवरी को एक नोटिस जारी किया था "चुनाव आयोग के एक सदस्य जिनका नाम अरूण गोयल है, ने 9 मार्च 2024 को अपने पद से इस्तीफा दे दिया, जिसे राष्ट्रपति ने स्वीकार भी कर लिया है।"

याचिका में कहा गया है कि "याचिकाकर्ता ने विनम्रतापूर्ण निवेदन किया कि लोकसभा चुनाव 2024 के चुनावों की घोषणा शीघ्र ही होने वाली है, इस तथ्य के मद्देनजर, नये चुनाव आयुक्तों के सदस्यों की नियुक्ति तुरंत किए जाने की जरूरत है, इसके लिए यह न्यायालय नियुक्ति प्रक्रिया के बारे में "अनूप बरनावाल बनाम भारत संघ (2 मार्च 2023 के फैसले में) स्पष्ट फैसला दे चुका है।"

उसने कहा कि "अत: विनम्रतपूर्वक प्रार्थना है कि यह अदालत प्रतिवादियों को यह निर्देश देने की कृपा करेगी कि वह चुनाव आयोग के सदस्य की नियुक्ति इस अदालत के द्वारा अनूप बरनाव बनाम भारत संघ के केस में पारित फैसले/निर्णय को अनुरूप करेगी।"

यदि, शीर्ष अदालत केन्द्र सरकार द्वारा दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से पहले याचिका पर विचार करने का निर्णय लेती है नियम सरकार को आगे कार्रवाई करने से रोकते हैं ऐसी स्थिति में तब देश में प्रजातंत्र के क्रियाकलापों पर बहुत दूरगामी प्रभाव पड़ेगा।

## सी.ए.ए. के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ए.) के नियमों को लागू करने के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी।

संसद ने यह विधेयक चार साल पहले पारित कर दिया था। सी.ए.ए. में 31 दिसम्बर 2014 के बाद या उससे पहले आए उन शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देने का प्रावधान है, जिनका पड़ोसी देश पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में धार्मिक आधार पर उत्पीड़न हुआ है। तथापि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए मुस्लिम शरणार्थियों के संबंध में यह कानून लागू नहीं है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सी.ए.ए. नियमों से संबंधित की अटकलों को लेकर कहा कि "पहले मुझे नियम देखने दीजिए। अभी तक अधिसूचना जारी नहीं हुई है। यदि इन नियमों के तहत लोगों को उनके अधिकारों से वंचित किया जाता है तो हम उसके विरूद्ध संघर्ष करेंगे यह चुनावों के लिए भाजपा की पब्लिसिटी के अलावा कुछ नहीं है।"

## कांग्रेस में शामिल हुए राहुल कस्वां

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 मार्च। राजस्थान के चूरू से भाजपा के वर्तमान सांसद राहुल कस्वा यहाँ ए.आई.सी.सी. मुख्यालय पर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की उपस्थिति में सोमवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। इससे लोकसभा चुनावों से पूर्व कांग्रेस पार्टी का मनोबल बढ़ेगा।

- **लगातार दो बार चूरू से भाजपा सांसद रहे राहुल कस्वां ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मौजूदगी में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।**

राहुल कस्वा के परिवार को राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक परिवारों में से एक माना जाता है। कस्वा चूरू लोकसभा सीट से लगातार दो बार जीत दर्ज कर चुके हैं, उनके पिता रामसिंह कस्वा यहां से चार बार सांसद रहे और उनकी मां कमला कस्वा भी यहाँ से विधायक रह चुकी हैं। उनके पिता दीपचन्द कस्वा भी मंत्री थे।

इस मौके पर, कस्वा का पार्टी में स्वागत करते हुए खड़गे ने कहा कि इससे पार्टी को राजस्थान में और मजबूती मिलेगी।

कस्वा ने कहा कि चूरू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की जनभावनाओं के आधार पर ही वह कांग्रेस में शामिल हुए हैं। उन्होंने इसके लिए मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी का आभार व्यक्त किया।

# सुप्रीम कोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की समय बढ़ाने की अर्जी खारिज की

## सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार की शाम तक इलैक्टोरल बॉण्ड की जानकारी देने के आदेश दिये

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 मार्च। सुप्रीम कोर्ट ने देश के लोकतंत्र में पारदर्शिता सुनिश्चित करने को लेकर आज स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (एस.बी.आई.) की याचिका को रद्द कर दिया। कोर्ट ने बैंक को आदेश दिया कि वह इलैक्टोरल बॉण्ड्स संबंधित जानकारियां कल तक चुनाव आयोग में पेश कर दे। एस.बी.आई. की याचिका में विवादास्पद इलैक्टोरल बॉण्ड्स के विवरणों का खुलासा करने के लिए 30 जून तक का समय मांगा गया था। शीर्ष अदालत ने सरकार द्वारा संचालित इस बैंक को यह भी चेतावनी दी कि उसने यदि कल तक जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई तो उसके खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरु की जाएगी।

चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया (सी.जे.आई.) डी.वाय. चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की एक बैंच ने चुनाव आयोग को यह ब्यौरा उपलब्ध करवाने के लिए एस.बी.आई. को 12 मार्च को ऑफिस ऑवर्स की समाप्ति तक का समय देते हुए चुनाव आयोग को भी निर्देश दिए हैं कि वह एस.बी.आई. से प्राप्त जानकारी को 15 मार्च की सायं 5 बजे तक अपनी वैबसाइट पर अपलोड कर दे। सी.जे.आई. चन्द्रचूड़ ने एस.बी. आई. की तरफ से पैरवी कर रहे सीनियर एडवोकेट हरीश साल्वे से कहा कि शीर्ष अदालत के निर्णय में एस.बी.आई. से इतना ही कहा गया था कि वह स्पष्ट जानकारी दे दे।

सुनवाई के दौरान बैंच ने एस.बी. आई. से कहा कि वह यह स्पष्ट करे कि राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए इलैक्टोरल बॉण्ड्स की जानकारी दिया जाना सुनिश्चित करने के लिए उसने अब तक क्या-क्या कदम उठाए हैं।

साल्वे ने कहा कि विवरण तैयार करने के लिए एस.बी.आई. को थोड़ा समय और चाहिए होगा क्योंकि कोर्ट द्वारा इलैक्टोरल बॉण्ड्स स्कीम को रद्द करने से पूर्व बैंक को शुरु में बताया गया था कि यह प्रक्रिया गुप्त है।

साल्वे ने कहा कि "हम जानकारी एकत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं तथा इसके लिए हमें पूरी प्रक्रिया को अन्त से शुरुआत तक देखना होगा। एक बैंक के रूप में हमें यह बताया गया था कि इस काम को गोपनीय माना जाए।

सी.जे.आई. ने साल्वे से पूछा कि "कृपया बताइए आपने पिछले 26 दिन में कौन-कौन सा रिकॉर्ड मैच किया है। इस पर साल्वे ने एक विस्तृत शपथ-पत्र पेश करने का अनुरोध किया।

सी.जे.आई. को प्रकट रूप से एस.बी.आई. के पक्ष पर यकीन नहीं हो रहा था। उन्होंने कहा कि "इस काम को लेकर एस.बी.आई. से उम्मीद की जा रही थी।"

चीफ जस्टिस ने टिप्पणी की कि एस.बी.आई. के एक सीनियर अधिकारी ने संविधान बैंच के निर्णय में संशोधनों को लेकर एक शपथ-पत्र प्रस्तुत किया है जो कि "एक गंभीर विषय है।"

बैंच ने ध्यान दिलाया कि प्रत्येक इलैक्टोरल बॉण्ड की खरीद पर "नो योर कस्टमर (के.वाई.सी.) प्रक्रिया की अनुपालना करनी होती थी और इस वजह से बैंक के पास इलैक्टोरल बॉण्डस के खरीदारों का विवरण पहले से ही मौजूद होगा।



*मनोरंजन की दुनिया के सबसे बड़े कार्यक्रम "ऑस्कर अवॉर्ड्स" का सोमवार को लॉस एंजिलिस (कैलिफोर्निया) के डॉल्बी थियेटर में आयोजन हुआ। वर्ष 2024 के ऑस्कर में हॉलीवुड फिल्म "ऑपनहाइमर" का पूरी तरह से दबदबा रहा। क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म "ऑपनहाइमर" ने बैस्ट फीचर फिल्म सहित कुल सात अवॉर्ड अपने नाम किये। जिसमें किलिअन मर्फी को मिला बैस्ट एक्टर और रॉबर्ट डाउनी जूनिअर को मिला सपोर्टिंग एक्टर अवॉर्ड शामिल है। "पुअर थिंग्स" के लिए एम्मा स्टोन को बैस्ट एक्ट्रैस और होल्ओवर्स के लिए ड'वाइन जॉय रैन्डॉल्फ को सपोर्टिंग एक्ट्रैस अवॉर्ड दिया गया है। क्रिस्टोफर नोलन को "ऑपनहाइमर" के लिए बैस्ट डायरेक्टर अवॉर्ड भी मिला है। चित्र में नज़र आ रहे हैं बाएं से ड'वाइन जॉय रैन्डॉल्फ, रॉबर्ट डाउनी जूनिअर, एम्मा स्टोन और किलिअन मर्फी। ऑस्कर अवॉर्ड सैरमनी कुल 4 घंटे चली तथा कुल 23 कैटिगरिज़ में अवॉर्ड दिये गये।*

## भाजपा की दूसरी लिस्ट

नई दिल्ली, 11 मार्च। भाजपा अपने 195 उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। वहीं सोमवार शाम को भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक दोबारा हो रही है। दिल्ली में भाजपा मुख्यालय पर हो रही इस बैठक में पीएम मोदी, जेपी नड्डा और अमित शाह समेत पार्टी के दिग्गज नेता शामिल हैं। इस बैठक में यूपी, दिल्ली, उत्तराखंड, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात, केरल, गोवा और पश्चिम बंगाल की बची हुई सीटों पर चर्चा होने की संभावना है।

## पायलट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

राहुल कस्वा, जिन्हें भाजपा का टिकट नहीं मिला था और सोमवार को उन्होंने कांग्रेस जॉइन कर ली थी, अब कांग्रेस के टिकट पर चूरू से चुनाव लड़ेंगे।

अलवर से ललित यादव, झुंझुनूं से बृजेन्द्र ओला, चित्तौडगढ़ से उदयलाल आंजना, झालावाड़ से प्रमोद जैन "भाया", भरतपुर से संजना जाटव तथा बीकानेर से गोविन्द राम मेघवाल चुनाव लड़ने वाले हैं। केन्द्रीय चुनाव समिति में बचे हुए उम्मीदवारों और उनके निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चर्चा जारी है।

- **ललित यादव को कांग्रेस ने अलवर से तथा बृजेन्द्र ओला को झुंझुनूं से, चित्तौड़गढ़ से उदयलाल आंजना, झालावाड़ से प्रमोद जैन भाया, संजना जाटव को भरतपुर से व गोविंद सिंह मेघवाल को बीकानेर से टिकट देने का निर्णय लिया सी.ई.सी. की बैठक में।**

# सी.ए.ए. का क्रियान्वयन शुरू हुआ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

होने से आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा को व्यावहारिक रूप से मदद मिलेगी अथवा इससे तृणमूल कांग्रेस और वामपंथियों को लाभ होगा।

सी.ए.ए. के प्रवर्तन से करीब 71 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा को निश्चित रूप से मदद मिलेगी जहां पहले के पूर्वी बंगाल से विस्थापित नामाशूद्र या मोतुआ वोटर्स के पास जीत का इक्का है। इसके अलावा अन्य कई निर्वाचन क्षेत्रों में रह रही शरणार्थी आबादी से भाजपा को सकारात्मक मदद मिलेगी।

दूसरी तरफ, पश्चिम बंगाल की अल्पसंख्यक आबादी इसके कारण भाजपा के खिलाफ लामबंद हो सकती है।

पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए लोगों के लिए मददगार ऐसी कार्रवाई के क्रियान्वयन का विरोध करना जहां कठिन है, वहीं भाजपा के राजनीतिक विरोधी इस कानून को लागू करने के समय विशेष को लेकर अब प्रश्न खड़े करने की कोशिश कर रहे हैं। अभी क्यों? अगले चुनाव के ठीक पहले क्यों?

सी.ए.ए. के पक्ष और विपक्ष के राजनीतिक धड़े चुनाव पर चुनाव, एक लम्बे समय से इस मुद्दे पर एक दूसर की आलोचना कर रहे थे। इसके विरोधी अब इन कानूनों को लागू नहीं करने की मांग कर रही हैं।

वर्ष 1947 में जब विभाजन की रेखा खीचीं गई थी तब पहले के पूर्वी पाकिस्तान में फंसे लोगों की नागरिकता का मुद्दा अनिश्चित था, हालांकि राष्ट्रवादी नेताओं ने इन लोगों को भारत में एक स्थायी जगह का आश्वासन दिया था।

आज भी करीब 20 से 25 करोड़ बंगाली, जिनके पूर्वज पूर्वी पाकिस्तान से आए थे, पासपोर्ट या अन्य के लिए आवेदन करने के दौरान दस्तावेज़ों की समस्या का सामना करते हैं। पुलिस वैरिफिकेशन के दौरान उनसे वर्ष 1971 के पूर्व के अपने कागजात दिखाने के लिए कहा जाता था।

अब नए नागरिकता अधिनियम के अन्तर्गत इन जरूरतों का खत्म कर दिया गया है। वर्ष 1947 में बंगाल के कई अग्रणी राजनेताओं ने जवाहरलाल नेहरू से अनुरोध किया था कि अविभाजित बंगाल के हिंदू बाहुल्य जिलों को भारत में शामिल कर लिया जाए, लेकिन उदाहरण के तौर पर खुलना औरा जैसोर जैसे क्षेत्रों को भारत में नही मिलाया गया जो एक तरह से उनके साथ विश्वासघात था।

इसके बाद, वादों के बावजूद कई वर्षों तक स्थायी नागरिकता नहीं दी गई, लेकिन आखिरकार अब इस वादे को पूरा कर दिया गया है।

## इंडिपैंडेन्ट टारगैट मिसाइल अग्नि-5 का परीक्षण सफल

नई दिल्ली, 11 मार्च (वार्ता)। डिफैन्स रिसर्च एंड डवलपमैंट रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (डी.आर.डी.ओ.) ने सोमवार को देश में ही विकसित अग्नि-5 मिसाइल, मिशन दिव्यास्त्र का पहला सफल परीक्षण किया।

इसके साथ ही भारत 'मल्टीपल इंडिपैंडेन्टली टारगैटेबल री-एंट्री व्हीकल' (एमआईआरवी) तकनीक पर आधारित मिसाइल विकसित करने वाले दुनिया के चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए वैज्ञानिकों को बधाई दी है। इस मिसाइल की सबसे बड़ी विशेषता है कि, यह एक साथ अनेक स्थानों पर मुखास्त्र का इस्तेमाल कर सकती है।

सरकारी सूत्रों ने बताया कि, इस परियोजना में नारी शक्ति की बड़ी भूमिका है क्योंकि इसकी निदेशक एक महिला वैज्ञानिक है। यह प्रणाली स्वदेशी एवियोनिक्स प्रणालियों और उच्च क्षमता वाले सटीक सेंसर पैकेजों से सुसज्जित है। यह क्षमता भारत की बढ़ती तकनीकी शक्ति का प्रतीक है।

प्र.मंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अग्नि – 5 मिसाइल के पहले सफल परीक्षण के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के वैज्ञानिकों पर गर्व है। राजनाथ सिंह ने भी कहा कि देश को इस असाधारण उपलब्धि के लिए वैज्ञानिकों पर गर्व है।

# मायावती किस करवट बैठेंगी चुनाव में?

## हालांकि मायावती सार्वजनिक रूप से कह चुकी हैं कि, उनकी पार्टी अगला चुनाव "अकेले" ही लड़ेंगी, पर, उनकी बात पर विश्वास कम है लोगों को

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 मार्च। बसपा अध्यक्ष मायावती का यह बयान कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव स्वतंत्र रूप से अकेले लड़ेगी, इसके बाद भी इन कयासों पर विराम नहीं लगा है कि वे लोकसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद भी अंतिम क्षणों में इंडिया ब्लॉक में शामिल हो सकती हैं।

इस तरह की खबरों के जायज कारण हैं। मायावती पार्टी ने 2022 में सम्पन्न उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव अकेले स्वतंत्र लड़ा था और उनकी पार्टी को चुनावों में करारी पराजय मिली थी। लोकसभा चुनावों में भी पार्टी की वैसी ही बुरी हालत हो सकती है यदि वे अपनी "एकला चालो" की रणनीति पर अडिग सरकार अमल करती है तो। इस लिहाज से, आगामी चुनाव उनके लिए अंतिम विकल्प के रूप में हो सकता है कि वो संभावित राजनीतिक पुनर्जीवन चुने या पूर्णरूप से निरर्थक बन जाए।

जैसा कि खबरों से ज्ञात होता है कि, कांग्रेस ने चुनावों को लेकर मायावती को लुभाने वाले पैकेज प्रस्ताव दिया है: उन्हें इंडिया ब्लॉक की तरफ से प्रधानमंत्री पद का दावेदार घोषित किया जाएगा, इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में लगभग 27 लोकसभा की सीटें उनकी पार्टी के लिए आवंटित की जाएंगी। चल रही खबरों के अनुसार, इस मामले पर सोनिया गांधी व मायावती के बीच प्रारंभिक स्तर की वार्ता हो चुकी है, जबकि समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव के भी इस तरह की बैठक में मौजूद रहने की बात कही जा रही है, ऐसी भी खबरें है कि हाल ही में, दिल्ली में समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल व बसपा नेता सतीश मिश्रा के बीच इस मामले में मुलाकात हुई है।

- **चर्चा तो यह है कि, चुनाव के अंतिम क्षणों में, वे इण्डिया गठबंधन से जुड़ जायेंगी।**
- **कांग्रेस ने बहुत आकर्षक पैकेज दिया है मायावती को, जिसके अनुसार इण्डिया गठबंधन उन्हें अपने प्र.मंत्री के उम्मीदवार के रूप में प्रोजैक्ट करेगा, साथ ही गठबंधन उन्हें 27 लोकसभा सीटें भी देने को राजी है यू.पी. में।**
- **सोनिया गांधी व मायावती के बीच इस बारे में बातचीत भी हो चुकी है तथा इण्डिया गठबंधन के इस ऑफर पर अखिलेश यादव को भी आपत्ति नहीं है।**
- **पर, दूसरी ओर यह भी चर्चा है कि, मायावती की भाजपा से भी बातचीत चल रही है तथा मायावती भाजपा से और बेहतर ऑफर आने का इंतज़ार कर रही हैं।**

ऐसे भी संकेत हैं कि विभिन्न कारणों के चलते उत्तर प्रदेश में कुछ न कुछ खिचड़ी अवश्य पक रही है। पहला कारण उनकी सुस्थापित कार्य शैली के बिल्कुल विपरीत यह है कि, मायावती ने अभी तक अपनी पार्टी के लोकसभा चुनावी प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। दूसरा यह कि अभी तक ऐसी खबरों के विरूद्ध अखिलेश यादव ने अपनी कोई विपरीत प्रक्रिया व्यक्त नहीं की है। तीसरा-मायावती की राजनैतिक हैसियत आज सबसे निचले स्तर पर दिख रही है, वे चार बार मुख्यमंत्री रह चुकी हैं और उनके ऐसे दिन चल रहे हैं कि उन पर ऐसे आरोप लग रहे हैं कि वे भाजपा की बी टीम के रूप में कार्य कर रही है।

यह भी संभव है कि मायावती अभी अपना दाव टाल रही है और भाजपा की तरफ से अच्छा प्रस्ताव आने की प्रतीक्षा कर रही हों। किसी भी स्थिति में, यदि वे भाजपा के साथ समझौता करती हैं तो यह एक अनौपचारिक स्तर का होगा। ऐसी स्थिति में मायावती भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री बन सकती हैं, जो वे एक से अधिक बार बन चुकी है, परन्तु उन्होंने भगवा पार्टी के साथ गठबंधन करके कभी चुनाव नहीं लड़े हैं। वर्तमान में, सबकी निगाहें मायावती पर है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908